खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 28° C
न्यूनतम : 23° C

नई दिल्ली, गुरुवार 14 अगस्त 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 133 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | भाद्रपद कृष्ण पक्ष 4 विक्रमी सम्वत् 2082 | 19 सफर 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



उप्र: श्री बांके बिहारी मंदिर न्यास गठन अध्यादेश को मंजूरी पेज 2



भारत में राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी को मंजूरी खेल टाइम्स



हर घर तिरंगा: राष्ट्रभक्ति का जनांदोलन और राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक सम्पादकीय



दुश्मन एक बूंद पानी नहीं छीन सकता: शहबाज शरीफ पेज 2

# पुणे कोर्ट में वकील बोले राहुल की जान को खतरा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली/पुणे।** राहुल गांधी के वकील मिलिंद पवार ने बुधवार को पुणे कोर्ट में कहा कि राहुल की जान को खतरा है। सावरकर मानहानि केस की सुनवाई के दौरान राहुल के वकील मिलिंद पवार ने कोर्ट में लिखित सूचना देकर कहा कि वोट चोरी का मामला उजागर करने के बाद राहुल गांधी को खतरा बढ़ गया है।

यह बयान मीडिया में आने के बाद कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत ने एक्स पर लिखा कि राहुल गांधी के वकील ने बिना उनसे बात किए या उनकी सहमति लिए कोर्ट में लिखित बयान दाखिल करके उनकी जान पर खतरे का हवाला दिया था। इस बात से राहुल की घोर असहमति है। इसलिए कल (गुरुवार) उनके वकील इस बयान को कोर्ट से वापस लेंगे। राहुल के वकील ने एमपी/ एमएलए स्पेशल कोर्ट से अपील की थी कि राहुल के खिलाफ मानहानि की शिकायत करने वाले नाथूराम गोडसे के वंशज हैं। केस की निष्पक्ष सुनवाई के लिए राहुल को प्रिवेंटिव प्रोटेक्शन दी जाए। यह राज्य की संवैधानिक जिम्मेदारी है। मामले की अगली सुनवाई 10 सितम्बर को होगी। मिलिंद ने यह भी बताया कि बीजेपी नेता आरएन बिट्टू ने राहुल को आतंकवादी कहा था।



■ कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत बोलीं- वकील ने राहुल की सहमति के बिना बयान दिया, आज वापस लेंगे

## सोनिया भारतीय नागरिक बनने से पहले वोटर बनीं: भाजपा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के वोटर लिस्ट में गड़बड़ी में आरोपों के बीच भाजपा की आईटी सेल के हेड अमित मालवीय ने बुधवार को दावा किया कि सोनिया गांधी का नाम भारत की वोटर लिस्ट में दो बार तब शामिल हुआ, जब वह भारतीय नागरिक भी नहीं थीं। वहीं, भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि रायबरेली में एक ही घर पर 47 वोटर्स कैसे रजिस्टर किए गए हैं, राहुल और सोनिया को कभी ये नाम नहीं दिखे। उन्होंने कहा कि राहुल दो बार चुनाव लड़े, प्रियंका एक बार चुनाव लड़ीं। मैं उनसे पूछना चाहता हूं कि वायनाड में कैसे नए वोटर्स की एडिशन हुई है। आपने तो तीन बार वोट ले लिया।

# एससी/एसटी आरक्षण में 'क्रीमी लेयर' लागू करने की याचिका स्वीकार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को एससी/एसटी आरक्षण में 'क्रीमी लेयर' लागू करने की मांग पर सुनवाई करने का फैसला किया है।

यह याचिका रामाशंकर प्रजापति ने दायर की है। उनका कहना है कि आरक्षण का फायदा ज्यादातर एससी/एसटी के अमीर और मजबूत वर्ग को मिल रहा है, जबकि गरीब लोग पीछे रह जाते हैं। याचिका में कहा गया है कि एससी/एसटी आरक्षण में दो स्तर हों, पहले आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को, फिर बाकी को मौका मिले। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया है और 10 अक्टूबर को अगली सुनवाई होगी। याचिकाकर्ता ने 2024 के देविंदर सिंह केस का हवाला दिया, जिसमें सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि एससी/एसटी में भी 'क्रीमी लेयर' यानी अमीर वर्ग की पहचान करके उन्हें आरक्षण से बाहर किया जा सकता है। अदालत ने माना था कि ऐसा करने से ही असली समानता आएगी। केंद्र सरकार ने 9 अगस्त 2024 को घोषणा की थी कि अनुसूचित जाति और जनजातियों (एससी/एसटी) के आरक्षण में क्रीमी लेयर लागू नहीं किया जाएगा। कैबिनेट मीटिंग के बाद केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा था कि एनडीए सरकार बीआर अंबेडकर के बनाए गए संविधान से बंधी है। इस संविधान में एससी/एसटी आरक्षण में क्रीमी लेयर का कोई प्रावधान नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने एक अगस्त 2024 को 20 साल पुराना अपना ही फैसला पलटते हुए कहा था कि राज्य सरकारें अब अनुसूचित जाति, यानी एससी के रिजर्वेशन में कोटे में कोटा दे सकेंगी।

**याचिकाकर्ता ने कहा: आरक्षण का फायदा ज्यादातर एससी/एसटी के अमीर और मजबूत वर्ग को मिल रहा**



## आवारा कुत्तों के मामले में दोबारा विचार करेंगे: CJI

**नई दिल्ली।** सीजेआई बीआर गवई ने दिल्ली-एनसीआर की सड़कों से आवारा कुत्तों पर लगे प्रतिबंध पर फिर से विचार करने आश्वासन दिया। सीजेआई ने कॉन्फ्रेंस फॉर ह्यूमन राइट्स (इंडिया) की याचिका पर सुनवाई करते हुए टिप्पणी की। एनजीओ की सचिव ननीता शर्मा ने सुप्रीम कोर्ट में मामले में सुनवाई के लिए जल्द तारीख तय करने की मांग की थी।

## विपक्ष भी उपराष्ट्रपति उम्मीदवार उतारेगा

**नई दिल्ली।** विपक्षी गठबंधन इंडिया के नेता उपराष्ट्रपति चुनाव के उम्मीदवार पर चर्चा के लिए 18 अगस्त को बैठक कर सकते हैं। राज्यसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे इंडिया ब्लॉक के शीर्ष नेतृत्व के साथ बातचीत कर रहे हैं। उपराष्ट्रपति के चुनाव के लिए 9 सितम्बर को वोटिंग होगी और उसी दिन मतगणना भी होगी। उपराष्ट्रपति पद के लिए नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 21 अगस्त है। 25 अगस्त तक उम्मीदवारी वापस ली जा सकती है। दरअसल, जगदीप धनखड़ ने 21 जुलाई की रात अचानक देश के 14वें उपराष्ट्रपति के पद से इस्तीफा दे दिया था।

## उरी सेक्टर में मुठभेड़, बिहार का जवान शहीद

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में बुधवार तड़के नियंत्रण रेखा के पास हुई मुठभेड़ में एक जवान शहीद हो गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि उरी सेक्टर के चुरंडा इलाके में तड़के लगभग 3:30 बजे भीषण लेकिन संक्षिप्त गोलीबारी हुई। अधिकारियों ने बताया कि मुठभेड़ के दौरान जवान गंभीर रूप से घायल हो गया और बाद में उसकी मृत्यु हो गई। शहीद जवान की पहचान बिहार के भागलपुर निवासी हवलदार अंकित कुमार के रूप में हुई है।

## यूपी के फर्रुखाबाद में नाव से पहुंची बारात


**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश-बिहार में जमकर बारिश हो रही है। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज, गोरखपुर समेत कई जिलों में बारिश जारी है। मुरादाबाद में बाढ़ में मंगलवार को बहे पुलिस सिपाही मोनू रामगंगा का शव 24 घंटे बाद बरामद हुआ। फर्रुखाबाद के 50 से ज्यादा गांवों में बाढ़ है। यहां के पंखियन की मड़ैया गांव में मुस्लिम परिवार में बेटी की शादी थी। ऐसे में दूल्हा करीब 50 लोगों के साथ नाव से गांव पहुंचा। तब जाकर निकाह हुआ।

# पहलवान सुशील कुमार की जमानत रद्द

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने हत्या के एक मामले में पहलवान सुशील कुमार की जमानत रद्द कर दी है। कोर्ट ने उन्हें एक हफ्ते के अंदर आत्मसमर्पण करने का आदेश दिया है। ओलंपिक पदक विजेता सुशील कुमार पर पहलवान सागर धनखड़ की हत्या का मामला दर्ज किया गया था।

दिल्ली हाईकोर्ट ने उन्हें जमानत दे दी थी। पहलवान सुशील कुमार मामले में शिकायतकर्ता की वकील जोशीनी तुली ने कहा कि बुधवार को सुशील कुमार को दी गई जमानत एक त्रुटिपूर्ण आदेश होने के कारण रद्द कर दी गई। इसीलिए पीड़ित के पिता अशोक धनखड़ की अपील पर हाईकोर्ट के आदेश को रद्द कर दिया गया है। हमने उस आदेश को इस आधार पर चुनौती दी थी कि वह एक त्रुटिपूर्ण आदेश था। यह कानूनन सही नहीं था, क्योंकि सुशील कुमार ने जब भी अंतरिम जमानत ली थी, तब गवाहों से छेड़छाड़ की थी। मुख्य गवाह ने मामले का समर्थन किया था। घटना का वीडियो फुटेज भी मौजूद था, इसलिए यह अपील स्वीकार कर ली गई। सुशील कुमार जब भी अंतरिम जमानत पर बाहर आए, उन्होंने घायल गवाहों सहित सभी सरकारी गवाहों से छेड़छाड़ की।



■ सुप्रीम कोर्ट ने एक हफ्ते के अंदर आत्मसमर्पण करने का दिया आदेश

## रूडी ने कांस्टीट्यूशन क्लब के चुनाव में संजीव बालियान को हराया

**नई दिल्ली।** कांस्टीट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के मौजूदा सांसद राजीव प्रताप रूडी ने जीत हासिल कर इस पद पर अपना दबदबा बरकरार रखा है। श्री रूडी ने अपनी ही पार्टी के पूर्व सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान को चुनाव में मात दी। बुधवार सुबह घोषित हुए चुनाव परिणाम में उन्होंने श्री बालियान को 100 से अधिक वोटों से हराया। श्री रूडी को 392 वोट मिले हैं, जबकि श्री बालियान को 290 वोट हासिल हुए हैं। बिहार की सारण लोकसभा सीट से भाजपा सांसद राजीव प्रताप रूडी पिछले 25 साल से सचिव पद पर हैं। इस बार श्री बालियान ने उन्हें चुनौती दी थी। श्री रूडी ने पहली बार 1999 में सचिव पद का चुनाव जीता था। श्री रूडी ने कहा कि मैं 100 से ज्यादा वोटों से जीता हूं।







## संक्षिप्त समाचार

### राष्ट्रव्यापी डिजिटल जीवन प्रमाण-पत्र अभियान शुरू होगा

**नई दिल्ली।** पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग पेंशनभोगियों की पेंशन जारी रखने के लिए नवंबर में राष्ट्रव्यापी डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र अभियान संचालित करेगा, जिसके तहत 1850 से अधिक जिलों, शहरों और कस्बों में शिविर लगाए जाएंगे। पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग के सचिव वी. श्रीनिवास ने इस अभियान की तैयारियों की समीक्षा करते हुए बुधवार को बताया कि इसके लिए इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक अपने 1.8 लाख डाकियों और ग्रामीण डाक सेवकों के विशाल नेटवर्क के माध्यम से 1600 जिला तथा उप-मंडल डाकघरों में शिविर आयोजित करेगा। यह बैंक घर-घर जीवन प्रमाण पत्र देने की सेवायें भी प्रदान करता है।

### सात परियोजनाओं का आकलन

**नई दिल्ली।** बड़ी अवसंरचनात्मक परियोजनाओं की तैयारी और कार्यान्वयन के लिए विभागों के बीच पूर्ण तालमेल के साथ काम करने के लिए विकसित प्रधानमंत्री गतिशक्ति के सिद्धांत के तहत अधिकारियों के समूह ने बिहार, छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र और तमिलनाडु से जुड़ी तीन रेल-मार्ग परियोजनाओं सहित बुनियादी क्षेत्र की सात परियोजनाओं का आकलन किया है। इनमें सड़क, लॉजिस्टिक्स और वस्त्र क्षेत्र की भी परियोजनाएं शामिल है।

### हर घर तिरंगा अभियान का शुभारंभ

**लखनऊ।** सीएम योगी ने बुधवार को हर घर तिरंगा अभियान 13-15 अगस्त का शुभारंभ किया। इस मौके पर राष्ट्रभक्ति के गीतों की धुनों के बीच मुख्यमंत्री ने तिरंगा यात्रा का नेतृत्व करते हुए अपने आवास से यात्रा को रवाना किया।

### सिंधु जल संधि मुद्दे को लेकर भड़के पाक पीएम, 48 घंटे में तीन पाक नेताओं ने दी धमकी

# दुश्मन एक बूंद पानी नहीं छीन सकता: शहबाज शरीफ

**इस्लामाबाद, वार्ता**

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने सिंधु जल संधि को स्थगित करने पर भारत को धमकी दी है। राजधानी इस्लामाबाद में हुए एक कार्यक्रम में शरीफ ने कहा- दुश्मन (भारत) पाकिस्तान से एक बूंद पानी भी नहीं छीन सकता। आपने हमें पानी रोकने की धमकी दी। अगर ऐसा करने की कोशिश की, तो पाकिस्तान आपको ऐसा सबक सिखाएगा, जिसे जिंदगीभर नहीं भूलेंगे।

शरीफ ने कहा कि भारत अगर पाकिस्तान की तरफ बहने वाला पानी रो. कने की कोशिश करता है, तो यह सिंधु जल संधि का उल्लंघन होगा। उन्होंने धमकी देते हुए कहा कि इसका जवाब निर्णायक तरीके से दिया जाएगा। पाकिस्तानी पीएम ने आगे कहा कि पानी पाकिस्तान की लाइफलाइन है और अंतर्राष्ट्रीय समझौतों के तहत देश के



**■ ऐसा सबक सिखाएंगे जिंदगीभर याद रहेगा**

अधिकारों से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। शहबाज शरीफ से पहले पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो भारत को युद्ध की धमकी दे चुके हैं। सोमवार को दिए एक बयान में बिलावल ने कहा था कि अगर भारत ने सिंधु जल संधि को निलंबित रखा, तो पाकिस्तान के पास जंग के अलावा कोई विकल्प नहीं बचेगा। भुट्टो ने सिंध प्रांत की सरकार के एक कार्यक्रम में कहा था कि मोदी सरकार के कदमों ने पाकिस्तान को भारी नुकसान पहुंचाया है। हमें एकजुट होकर इन आक्रामक नीतियों का जवाब देना होगा। भुट्टो ने दावा किया था कि पाकिस्तान के लोग 6 नदियों को वापस लेने के लिए जंग करने में सक्षम हैं।

### पाक पीएम को ओवैसी का जवाब हमारे पास है ब्रह्मोस, बकवास न करें



**नई दिल्ली।** एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने एक बार पाकिस्तान को जमकर खरी-खोटी सुनाई है। उन्होंने पाकिस्तान और उनके प्रधानमंत्री समेत अनाप-शनाप बयान देने वाले लोगों को चेतावनी भी दी। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के कथित बयान श्कोई पाकिस्तान से पानी की एक बूंद भी नहीं छीन सकताश पर एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि ब्रह्मोस है हमारे पास उन्हें ऐसी बकवास नहीं करनी चाहिए। असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि मैं क्रिकेट मैच देखने नहीं जा रहा हूं। मेरी अंतरात्मा, मेरा दिल इसकी इजाजत नहीं देता। हमें उस देश के लोगों के साथ क्रिकेट क्यों खेलना है, जो हमें हर दिन धमकी दे रहे हैं? आप पानी देना बंद कर चुके हैं। पानी से बड़ी कोई जरूरत है क्या? आपने बार्डर बंद कर दिए। आपने व्यापार बंद कर दिए। कितना नुकसान होगा, 300 करोड़-400 करोड़? मेरा जमीर गवारा नहीं करता। भारत पर लगाए गए 50 प्रतिशत टैरिफ पर ओवैसी ने कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति को यह तय करना होगा कि वह उस देश के साथ व्यापार करेंगे, जहां आतंकवाद एक व्यापार है, या भारत के साथ।

# राजस्थान में यूपी के 11 श्रद्धालुओं की मौत

**दौसा/एटा।** एटा के कोतवाली देहात क्षेत्र के गांव असरौली पर गम का पहाड़ टूट पड़ा। राजस्थान के दौसा में बुधवार को हुए सड़क हादसे में 11 लोगों की मौत हुई है। इनमें 9 असरौली और दो फिरोजाबाद निवासी रिश्तेदारों की हादसे में जान चली गई। गांव से दो पिकअप वाहनों में 42 लोग खाटू श्याम के दर्शन करने गए थे।

दर्शन करने के बाद सभी लौट रहे थे। रास्ते में लौटते समय यह हादसा हुआ। सूचना मिलते ही गांव में चीत्कार मच गया। सूचना मिलने के बाद डीएम प्रेम रंजन सिंह, एसएसपी श्याम नारायण सिंह, एएसपी राज. कुमार सिंह, एडीएम प्रशासन सत्य प्रकाश सहित तमाम प्रशासनिक और पुलिस अधिक. ारी गांव में पहुंच गए। डीएम ने बताया कि मृतकों, घायलों की सूची तैयार की गई है। दौसा जिला प्रशासन से लगातार संपर्क में हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह बेहद व्यस्त रोड है इसलिए आम तौर पर यहां गाड़ियां ओवरटेक नहीं कर पाती, लेकिन संभवतरू रात में नींद की झपकी आने की वजह से यह हादसा हो गया।

### पीएम ने की राहत राशि देने की घोषणा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजस्थान के दौसा में एक हादसे में हुए जान माल के नुकसान पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से प्रत्येक मृतक के परि. जनों को दो लाख रुपए की अनुग्रह राशि दी जाएगी। घायलों को 50,000 रुपए दिए जाएंगे।

# उत्तर प्रदेश विधान परिषद से छह विधेयक पारित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र के तीसरे दिन बुधवार को विधान परिषद से कुल छह विधेयक सर्वसम्मति से पारित किए गए। यह विधेयक विधानसभा से पहले ही पारित हो चुके हैं।

परिषद के सभापति मानवेन्द्र सिंह की तरफ से आज कार्यवाही के दौरान कुल छह विधेयक पेश किए गए। जिसे उपस्थित सदस्यों ने सहमति से पास कर दिया है। इन विधेयकों में उत्तर प्रदेश निरसन विधेयक, 2025, उत्तर प्रदेश निजी विश्व. विद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2025, उत्तर प्रदेश निजी विश्व. विद्यालय (द्वितीय संशोधन) विधेयक, 2025, उत्तर प्रदेश मोटर यान कराधान (संशोधन) विधेयक, 2025, उत्तर प्रदेश माल और सेवा कर (संशोधन) विधेयक, 2025 और उत्तर प्रदेश लोक अभिलेख विधेयक, 2025 शामिल है।

### देश में विकसित होगा उत्तर प्रदेश: खन्ना

**लखनऊ।** संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने उम्मीद जाहिर की कि आजादी की 100वीं वर्षगांठ तक उत्तर प्रदेश देश का सबसे विकसित राज्य के तौर पर उभरेगा। विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश, आत्मनिर्भर भारत-आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश के विजन डॉक्यूमेंट पर 24 घण्टे की चर्चा में भाग लेते हुए खन्ना ने कहा कि जब आजादी की 100वीं वर्षगांठ मनाई जाए तो देश में सबसे विकसित राज्य के रूप में यूपी हो, इसके लिए हम काम करेंगे।

### विकसित भारत, विकसित यूपी पर सदन में 24 घंटे की चर्चा शुरू

# श्री बांके बिहारी मंदिर न्यास गठन अध्यादेश को मंजूरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा के मॉनसून सत्र के तीसरे दिन बुधवार को श्री बांके बिहारी मंदिर निर्माण अध्यादेश को मंजूरी प्रदान कर दी गई।

सदन में आज सुबह 11 बजे विकसित भारत, विकसित यूपी विजन डॉक्युमेंट 2047 पर लगातार 24 घंटे की चर्चा शुरू हो गई है। इसमें सरकार विभागवार उपलब्धियां और विजन रख रही है, जबकि विपक्ष के सवालों का दौर भी जारी है- सत्र में बांके बिहारी कॉरिडोर आर्डिनेंस विधेयक भी पास हो गया है। अध्यादेश स्पष्ट करता है कि मंदिर के चढ़ावे, दान और सभी चल-अचल संपत्तियों पर न्यास का अधिकार होगा। इसमें मंदिर में



**■ श्री बांके बिहारी मंदिर के चढ़ावे, दान और सभी चल-अचल संपत्तियों पर न्यास का अधिकार होगा**

स्थापित मूर्तियां, मंदिर परिसर और प्रसीमा के भीतर देवताओं के लिए दी गई भेंट/उपहार, किसी ॰ ा ी पूजा-सेवा-कर्मकांड-समारोह-धार्मिक अनुष्ठान के समर्थन में दी गई संपत्ति, नकद या वस्तु रूपी अर्पण, तथा मंदिर परिसर के उपयोग के लिए डाक/तार से भेजे गए बैंक ड्राफ्ट और चेक तक शामिल हैं। मंदिर की संपत्तियों में आभूषण, अनुदान, योगदान, हुंडी संग्रह सहित श्री बांके बिहारी जी मंदिर की सभी चल एवं अचल संपत्तियां सम्मिलित मानी जाएंगी। स्वामी हरिदास के समय से चली आ रही रीति-रिवाज, त्योहार, समारोह और अनुष्ठान बिना किसी हस्तक्षेप या परिवर्तन के जारी रहेंगे। न्यास दर्शन का समय तय करेगा, पुजारियों की नियुक्ति करेगा और वेतन, भत्ते/प्रतिकर निर्धारित करेगा।

### विजन नहीं, रीजन डाक्यूमेंट पर चर्चा करे सरकार: अखिलेश



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा में योगी सरकार के विजन डाक्यूमेंट पर जारी चर्चा के बीच समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार को विजन नहीं रीजन डॉक्यूमेंट को निकालकर बताना चाहिए कि उन्होंने किस वजह से अपना एक भी वादा पूरा नहीं किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार पूरी तरह से फेल हो चुकी है। इन्होंने नौ साल में भ्रष्टाचार लूट, बेईमानी की। सरकार कानून व्यवस्था, बाढ़ नियंत्रण, शिक्षा, स्वास्थ्य, विकास हर मामले में असफल हो गई है। महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार के सारे रिकार्ड टूट गए है। यादव ने कहा कि भाजपा सरकार की नफरत और भेदभाव की राजनीति से जनता में भारी आक्रोश है। भाजपा की नकारात्मक कार्यप्रणाली को जनता समझ गई है। इस सरकार में अन्याय, अत्याचार चरम पर है। किसी को न्याय नहीं मिल रहा है। भाजपाई गरीबों की और सरकारी जमीनों पर कब्जा कर रहे है। जनता की गाड़ी कमाई से आया बजट का बंदरबांट कर लिया। पूरे प्रदेश का माहौल भाजपा के खिलाफ है। जनता भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकने को तैयार हैं, भाजपा सरकार जनता का सामना करने से डरी हुई है।



**सेंसेक्स** 80539.91
**निफ्टी** 24619.35



**सोना रु.** 100057
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 114850
प्रति किलो



# बैंकिंग, ऑटो सेक्टरों में लिवाली से 304 अंक चढ़ा सेंसेक्स

**मुंबई।** ट्रम्प-पुतिन वार्ता में युक्रेन संघर्ष पर विराम की संभावनाओं के बीच विदेशों से मिले सकारात्मक संकेतों से बुधवार को घरेलू शेयर बाजारों में तेजी रही। प्रमुख सूचकांकों में बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 304.32 अंक (0. 38 प्रतिशत) की तेजी में 80,539.91 अंक पर पहुंच गया। निफ्टी-50 भी मंगलवार की तुलना में 131.95 अंक यानी 0.54 प्रतिशत की तेजी के साथ 24,619.35 अंक पर बंद हुआ।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन के बीच अमेरिका के अलास्का में 15 अगस्त को बैठक होनी है। इस बैठक में युक्रेन-रूस संघर्ष पर विराम पर सहमति बनने की संभावना से दुनिया भर के शेयर बाजारों में तेजी



देखी जा रही है। सेंसेक्स 256.58 अंक की मजबूती के साथ 80,492. 17 अंक पर खुला और पूरे दिन हरे निशान में बना रहा। इसका दिवस के निचला स्तर 80,319 अंक और उच्चतम स्तर 80,683.74 अंक रहा। इसी तरह निफ्टी-50 भी 98.80 अंक चढ़कर 24,586.20 अंक पर खुला। यह नीचे 24,535.25 अंक और ऊपर 24,664.55 अंक तक गया। ऑटो, फार्मा और धातु सेक्टरों में ज्यादा लिवाली हुई। स्वास्थ्य सेवाओं, निजी बैंकों और रियलिटी सेक्टरों के सूचक. ांक भी रहे निशान में रहे। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और एफएमसीजी के सूचकांकों में गिरावट देखी गई। सेंसेक्स की 30 में से 22 कंपनियों के शेयर हरे निशान में बंद हुए। बीईएल का शेयर सबसे अधिक 2.25 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इटरनल में 2.08 फीसदी की तेजी रही। कोटक महिंद्रा बैंक का शेयर 1. 56 फीसदी, टाटा मोटर्स का 1.48 प्रतिशत और महिंद्रा एंड महिंद्रा का 1. 42 प्रतिशत चढ़ा। पावर ग्रिड, भारती एयरटेल और सनफार्मा में भी एक प्रतिशत से अधिक की तेजी रही। अडानी पोर्ट्स का शेयर सबसे अधिक 0.78 प्रतिशत गिर गया। आईटीसी में 0.58 प्रतिशत और अल्ट्राटेक सीमेंट में 0.46 प्रतिशत गिरावट दर्ज की गई।

### सोना फिर एक लाख रुपए के पार, चांदी भी तेज

**नई दिल्ली।** बुधवार को सोने का भाव एक लाख रुपये के पार हो गया है। चांदी के दाम में भी तेजी देखी गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 24 कैरेट सोना का दाम 387 रुपए बढ़कर 1,00,057 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। इससे पहले सोना 99,670 रुपए पर था। चांदी की कीमत भी 1,537 रुपए बढ़कर होकर 1,14,850 रुपए प्रति किलो हो गई है। इससे पहले चांदी 1,13,313 रुपए पर थी।

देश के चार महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,015,00 और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,050 रही, जबकि मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,350 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,900 थी। कोलकाता में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,015,00 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,900 रही। चेन्नई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,350 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,900 रही, जबकि भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,400 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,950 रही। ब्यूरो आफ इंडियन स्टैंडर्ड का हॉलमार्क लगा हुआ सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें। सोने पर 6 अंकों का हॉलमार्क कोड रहता है।

# पांच-छह साल में 30-35 प्रतिशत की दर से बढ़ेगा मोबाइल फोन उद्योग

**नई दिल्ली, वार्ता**

इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रसारण मंत्रालय के निदेशक निर्मोद कुमार ने बुधवार को कहा कि पिछले 10 साल में देश के मोबाइल फोन उद्योग का आकार 27 गुना हो गया है और आने वाले पांच-छह साल में यह औसतन 30 से 35 प्रतिशत सालाना की दर से बढ़ेगा। कुमार ने यहां दूरसंचार क्षेत्र की विनिर्माण कंपनी ऑप्टिमस इंफ्राकॉम के एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि पिछले एक दशक में देश के इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र की औसत विकास दर 20 प्रतिशत सालाना रही है। इस दौरान मोबाइल फोन उद्योग में जबरदस्त तेजी दर्ज की गई और इसका आकार 27 गुना हो गया। वहीं मोबाइल निर्यात 120 गुना बढ़ा जो यह दिखाता है कि इस क्षेत्र में किस गति से प्रगति हुई है। उन्होंने कहा कि अगले पांच-छह साल में मोबाइल उद्योग में 30 से 35 प्रतिशत औसत वार्षिक विकास दर की रफ्तार से बढ़ने की संभावना है। इंडिया सेलुलर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स एसोसिएशन (आईसीईए) के अध्यक्ष पंकज मोहिंद्रू ने कहा कि अब तक भारतीय कंपनियों ने अमेरिकी बाजार को ध्यान में रखकर सारी योजनाएं बनाई, अब इसमें बदलाव लाने और नए सिरे से सोचने की जरूरत है। कार्यक्रम के दौरान ऑप्टिमस ने देश का पहला एंटी-माइक्रोबियल बीआईएस स्टैंडर्ड 'राइनोटेक' टेंपर्ड ग्लास पेश किया जिसे सितंबर में ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों मोड में बाजार में उतारा जाएगा। यह शुरूआत में सिर्फ प्रीमियम स्मार्टफोन मॉडल के लिए उपलब्ध होगा।

# किसी को भी स्वास्थ्य से वंचित नहीं होने देगी सरकार: मंत्री मयंकेश्वर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** मानसून सत्र के तीसरे दिन बुधवार को उत्तर प्रदेश विधान परिषद में समाजवादी पार्टी के सदस्यों ने स्वास्थ्य व्यवस्था का मुद्दा सदन में उठाया।

सपा के सदस्य मुकुल यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की उत्तर प्रदेश की वर्तमान सरकार के 8 वर्ष से अधिक का समय बीत जाने के बाद भी स्वास्थ्य सेवाओं का बुरा हाल है। नीति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार स्वास्थ्य सेवाओं के मामले में उत्तर प्रदेश का स्थान सबसे नीचे है। मुकुल यादव ने कहा कि लोहिया संस्थान लखनऊ और केजीएमयू लखनऊ जैसे बड़े स्वास्थ्य संस्थानों में गम्भीर मरीजो का इलाज नहीं हो पा रहा है। इन संस्थानों से गम्भीर मरीजो को निजी अस्पतालों मे दलालों के माध्यम से इलाज हेतु भेज दिया जाता है। आज जिला चिकित्सालय भ्रष्टाचार के केन्द्र बन गए है। जिला चिकित्सालयों मे उच्चीकरण / सुदृढ़ीकरण हेतु उपकरणों / साज सज्जा खरीद में भारी भ्रष्टाचार व्याप्त है। सपा के सदस्य बलराम यादव ने कहा कि अमर शहीद राजा जयपाल सिंह 100 शैय्या संयुक्त जिला चिकित्सालय अतरौलिया जनपद आजमगढ़ के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सुरेन्द्र कुमार ध्रुव द्वारा वर्ष 2023-24 में उक्त चिकित्सालय के उच्चीकृत हेतु जेम निविदा द्वारा मनमाने तरीके से एक करोड़ 76 लाख की खरीदारी की गई है। जिसकी शिकायत शासन में हुई। इसके तहत तत्कालीन जिलाधिकारी द्वारा त्रि-सदस्यीय समिति (मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी, मुख्य कोषाधिकारी, आजमगढ़) गठित की गई जिसमें समिति द्वारा डा. सुरेन्द्र कुमार ध्रुव दोषी पाए गए। 2 फरवरी, 2024 को जांच आख्या शासन को प्रेषित की गई, तत्पश्चात निदेशक, प्रशासन, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं द्वारा दिनांक 29 जून 2024 को डा. सुरेन्द्र कुमार ध्रुव को आरोप प्रत्र दिया गया, परन्तु एक वर्ष से अधिक का समय बीत जाने के उपरान्त भी उनके विरुद्ध अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। सपा सदस्यों द्वारा उठाए गए प्रश्नों के जवाब में उत्तर प्रदेश के चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने कहा कि एसजीपीजीआई, केजीएमयू में वेंटिलेटर पर्याप्त मात्रा में हैं।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।



# छोटी सी बात पर चाकू से कर दिए कई वार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** आदर्श नगर इलाके में बीती रात एक युवक को छोटी सी बात पर ही बदमाशों ने भीड़ के बीच में चाकूओं से एक दर्जन से ज्यादा बार वार किये। युवक के पेट की अतडियां तक निकाल दी। युवक की अस्पताल में हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने हत्या की कोशिश आदि धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। सीसीटीवी कैमरों की फुटेज में आरोपी भागते हुए दिखाई दे रहे हैं। बताया जा रहा है कि आरा. पी पहले भी वारदातों में शामिल रहे हैं।

जानकारी के मुताबिक घायल युवक की पहचान दीपक(२२)के रूप में हुई है। वह अपने माता पिता और बड़े भाई भीम सिंह के साथ रेलवे स्टेशन आजादपुर गांव के पास रहता है। वह अंडे की रेहड़ी लगाकर अपने घर का पालन पोषण करता है। आदर्श नगर पुलिस को बीती रात रेलवे स्टेशन आजादपुर गांव में दीपक को चाकू मारने की पीसीआर कॉल मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची। दीपक खून से लथपथ हालत में पड़ा था। लोहे की सीढ़ी व वहां पर रखे अन्य सामान पर काफी ज्यादा खून पड़ा था।

दीपक को नजदीक के बाबू जगजीवन राम अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने दीपक को प्राथमिक उपचार के बाद दुसरे अस्पताल में शिफ्ट कर दिया। बताया गया कि दीपक के पूरे शरीर में एक दर्जन से ज्यादा चाकू के निशान थे। उसकी अतडियां तक निकाल रखी थी।

पुलिस ने वारदात वाली जगह से क्रॉइम और फॉरेंसिक टीम की मदद से सबूत इक्ट्ठा किये। दीपक के बड़े भाई भीम सिंह ने बताया कि रात को दीपक अंडे की रेहड़ी लगाकर घर आया था। दीपक घर के बाहर ही था। जब उसने दीपक को खाना खाने के लिये आवाज दी। उसी वक्त दो लडके आए और दीपक पर चाकू से एक के बाद एक एक दर्जन से ज्यादा वार किये। वह चिल्लाता हुआ बदमाशों से बचने के लिये इधर उधर भागने की कोशिश कर रहा था। बदमाशों ने उसको घेरकर और जमीन पर गिराकर उसके एक के बाद एक कई वार किये। वहां पर स्थानीय लोग भी मौजूद थे। किसी ने बचाने की कोशिश नहीं की। दीपक जब अचेतावस्था में हो गया। बदमाश वजीराबाद की तरफ खून से सने चाकू लहराते हुए भाग गए।

स्थानीय लोगों ने बताया कि दीपक रेहड़ी लगाकर अपने परिवार का पेट भर रहा है। उसकी किसी से कोई दुश्मनी नहीं है,वो हर किसी की मदद के लिये सामने आ जाता है।

वारदात के वक्त लडके शोर सा मचा रहे थे। दीपक ने उनको शोर मचाने से मना किया था। इसी बात को लेकर कहासूनी हो गई थी। लडका वहां से चला गया और अपने साथी के साथ चाकू लेकर आया और आते ही दीपक पर चाकू से वार कर दिये थे। महिलाएं जो मौजूद थी। वो भी अपने अपने घरों में भाग गई थी।

# 15 अगस्त को दिल्ली मेट्रो चलेगी सुबह 4 बजे से

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** स्वतंत्रता दिवस के दिन दिल्ली मेट्रो अपनी सेवाएं सुबह 4 बजे से शुरू करेगी। स्वतंत्रता दिवस के के समारोह में भाग लेने वाले विशेष मेहमानों और आम जनता की सुविधा के लिए ऐसा किया गया है। डीएमआरसी के मुताबिक, शुक्रवार १५ अगस्त २०२५ को स्वतंत्रता दिवस समारोह में विशेष अतिथियों, आमंत्रितों और आम जनता की सुविधा के लिए दिल्ली मेट्रो अपनी सभी लाइनों पर सभी टर्मिनल स्टेशनों से सुबह ४ बजे अपनी सेवाए शुरू करेगी। सुबह 6 बजे तक सभी लाइनों पर ३० मिनट के अंतराल पर रेल सेवाएं उपलब्ध रहेंगी। उसके बाद शेष दिन के लिए नियमित समय सारिणी का पालन किया जाएगा। इसके अलावा जिन लोगों के पास स्वतंत्रता दिवस समारोह में शामिल होने के लिए रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किया गया प्रामाणिक निमंत्रण पत्र होगा, उन्हें डीएमआरसी द्वारा उपलब्ध कराए गए विशेष क्यूआर टिकटों का उपयोग करके समारोह स्थल तक आने-जाने की सुविधा प्रदान की जाएगी। लाल किला, जामा मस्जिद और दिल्ली गेट मेट्रो स्टेशन समारोह स्थल के सबसे नजदीक हैं। स्वतंत्रता दिवस के दौरान आईजीआई एयरपोर्ट पर आतंकी हमला की आशंका को देखते हुए केंद्रीय सुरक्षा एजेंसी सीआईएसएफ ने यहां की सुरक्षा बढ़ा दी है।

सीआईएसएफ की ओर से कहा गया है कि सुरक्षा जांच के दौरान ज्यादा समय लग सकता है, इसलिए एयरपोर्ट और मेट्रो स्टेशन पर आने वाले यात्री समय से पहले इन जगहों पर पहुंचे। हाल ही में केंद्रीय सुरक्षा और खुफिया एजेंसियों के साथ-साथ विमानन सुरक्षा नियामक ब्यूरो आफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी एयरपोर्ट ने संभावित खतरे का अलर्ट जारी किया था।

इसके बाद सीआईएसएफ ने आईजीआई एयरपोर्ट के साथ साथ दिल्ली मेट्रो के सभी स्टेशनों पर सुरक्षा बढ़ा दी है। इन जगहों पर अतिरिक्त सुरक्षा बल को तैनात कर दिया गया है। सीआईएसएफ का कहना है कि स्वतंत्रता दिवस जैसे राष्ट्रीय त्योहार पर सतर्कता और निगरानी बढ़ा दी गई है। इन जगहों पर आने वाले यात्रियों और उनके सामानों की गहनता से जांच की जा रही है। जिसमें काफी समय लग रहा है। ऐसे में एंट्री गेट पर भीड़ बढ़ सकती है और लोगों को सुरक्षा जांच में थोड़ा ज्यादा वक्त लग सकता है।

## रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन ने लिखा पत्र

**नई दिल्ली।** लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज एवं संबद्ध अस्पतालों के रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन ने रेजिडेंट डॉक्टरों की हड़ताल और वैकल्पिक सेवाओं से हटने के संबंध में एलएचएमसी निदेशक को एक पत्र लिखा है। पत्र में लिखा है कि आपको तत्काल सूचित किया जाता है कि कल देर रात एलएचएमसी के आकस्मिक चिकित्सा विभाग में एक दुर्भाग्यपूर्ण और गंभीर घटना घटी। हमारे सर्जरी रेजिडेंट के साथ उपद्रवियों/भीड़ के एक समूह ने मारपीट की, जिससे न केवल हमारे कर्मचारियों की सुरक्षा और सम्मान, बल्कि अस्पताल परिसर की सुरक्षा भी खतरे में पड़ गई।

# आवारा कुत्तों के प्रबंधन के लिए एमसीडी की ठोस पहल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा ने बताया कि नगर निगम दिल्ली (एमसीडी) राजधानी में आवारा कुत्तों की समस्या के समाधान के लिए मानवीय, व्यवस्थित और दीर्घकालिक कदम उठा रहा है।

उन्होंने कहा कि एमसीडी शहर में डॉग शेल्टर होम स्थापित करने के लिए अप्रयुक्त साम. दायिक केंद्रों, खाली स्कूल भवनों, और अन्य उपयुक्त खाली स्थानों की पहचान कर रहा है। इस संदर्भ में डीडीए तथा दिल्ली सरकार से भी चर्चा की जाएगी ताकि उपयुक्त स्थलों पर स्थायी डॉग शेल्टर होम बनाए जा सकें।

उन्होंने विशेष रूप से बताया कि ऐसे क्षेत्रों पर प्राथमिकता दी जाएगी जहां आक्रामक स्वभाव के कुत्तों या बीमार कुत्तों की संख्या अधिक है। इन कुत्तों को सुरक्षित रूप से पकड़कर पशु जन्म नियंत्रण (एबीसी) केंद्रों में नसबंदी और आवश्यक उपचार के लिए भेजा जाएगा।

उन्होंने यह भी कहा कि एबीसी केंद्रों की सुविधाओं को सुदृढ़ किया जाएगा तथा नसबंदी की प्रक्रिया को तेज किया जाएगा, ताकि कम समय में अधिक से अधिक कुत्तों को कवर किया जा सके। इस दिशा में पहले ही उल्लेखनीय प्रगति हो चुकी है और आने वाले महीनों में कार्य की गति और बढ़ाई जाएगी।

उन्होंन पशु प्रेमियों से अपील करते हुए कहा, हम पशु प्रेमियों की भावनाओं का सम्मान करते हैं और उनसे आग्रह करते हैं कि वे एमसीडी के प्रयासों में सक्रिय सहयोग करें। केवल सामूहिक प्रयासों से ही हम इस चुनौती का स्थायी और मानवीय समाधान खोज सकते हैं।



आवारा कुत्तों के प्रबंधन की जानकारी देती हुई स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा।

## एक नजर

### लॉ एडमिशन टेस्ट के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू

**नई दिल्ली।** सिम्बायोसिस लॉ एडमिशन टेस्ट 2026 के लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। यह एग्जाम उन स्टूडेंट्स के लिए है जो लॉ एजुकेशन में भविष्य बनाना चाहते हैं। लॉ एडमिशन टेस्ट एग्जाम की तारीख 20 दिसंबर 2025 (शनिवार) और 28 दिसंबर 2025 (रविवार) तय की गई हैं। लॉ एडमिशन टेस्ट एग्जाम का आयोजन सिम्बायोसिस इंटरनेशनल (डीम्ड यूनिवर्सिटी) द्वारा किया जाता है। यह एग्जाम पुणे, नोएडा, हैदराबाद और नागपुर में स्थित सिम्बायोसिस लॉ स्कूलों में अंडरग्रेजुएट लॉ कोर्सेस में एडिमशन के लिए जरूरी है। लॉ एडमिशन टेस्ट 2026 एग्जाम देश भर के 68 शहरों में आयोजित किया जाएगा और इसे लॉ एजुकेशन के लिए स्टूडेंट्स की योग्यता का मूल्यांकन करने के लिए डिजाइन किया गया है।

### वंडर विमेन कनेक्ट का आयोजन किया

**नई दिल्ली।** समाज के सबसे कमजोर तबके की बेटियों को सशक्त करने और उनके सपनों को पंख देने के उद्देश्य से राजधानी दिल्ली में(वंडर विमेन कनेक्ट) नामक एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन न केवल सामाजिक सरोकारों को समर्पित था, बल्कि इसका उद्देश्य समाज की पिछली पंक्ति में खड़ी बेटियों को मुख्यधारा से जोड़ना भी था।

इस मौके पर आयोजन की संयोजक एवं समाजसेवी श्रीमती अर्पणा जैन अग्रवाल ने बताया कि वे बीते 10 वर्षों से सामाजिक कार्यों में सक्रिय हैं और अब तक लगभग 1000 बेटियों को प्रत्यक्ष व परोक्ष रूप से मदद पहुंचा चुकी हैं। उन्होंने बताया कि ऐसे आयोजन से जो भी राशि एकत्रित की जाती है उसका बड़ा अंश किसी न किसी स्वयं सेवी संस्थान को दिया जाता है। जो समाज के अनाथ और गरीब बच्चों खास तौर से लड़कियों तक पहुंचाया जाता है। इस कार्यक्रम का बड़ा हिस्सा 'सुकून' नामक स्वयं सहायता समूह को सौंपा जाएगा, जो दिल्ली के विभिन्न क्षेत्रों में जरूरतमंदों की सहायता करता है। इसके अलावा, इस राशि का एक हिस्सा गरीब लड़कियों की शादी में खर्च किया जाएगा जिसकी संपूर्ण देख रेख वो स्वयं करेंगी।

### 'द बंगाल फाइल्स' का ट्रेलर 16 अगस्त को होगा लॉन्च

**नई दिल्ली।** फिल्ममेकर विवेक रंजन अग्निहोत्री कोलकाता में द बंगाल फाइल्स का ट्रेलर १६ अगस्त को लॉन्च करने जा रहे हैं। इस मौके पर वह सबसे पहले कालीघाट में आशीर्वाद लेंगे, जिसके बाद ट्रेलर लॉन्च होगा। इसके साथ ही वह शहीद मीनार भी जाएंगे, जहां श्रद्धांजलि देंगे। फिल्ममेकर को सुप्रीम कोर्ट से स्टे ऑर्डर भी मिला है। फिल्ममेकर विवेक रंजन अग्निहोत्री की द बंगाल फाइल्स इस साल की सबसे चर्चित फिल्मों में से एक है। फिल्ममेकर की सच उजागर करने वाली फाइल्स ट्रिलॉजी का यह तीसरा पार्ट है, इससे पहले द कश्मीर फाइल्स और द ताशकंद फाइल्स आ चुकी हैं।

### रैडबस ने किया होटल सेगमेन्ट में प्रवेश

**नई दिल्ली।** ऑनलाईन बस टिकटिंग प्लेटफॉर्म रैडबस ने रैडबस होटल्स के लॉन्च की घोषणा की है, इसके साथ कंपनी ने लाखों भारतीय यात्रियों के लिए बजट-अनुकूल अकॉमोडेशन सेवाओं में अपना विस्तार कर लिया है। होटल सेगमेन्ट में प्रवेश के साथ रैडबस देश में तेजी से बढ़ते उन यूजर्स के लिए वन-स्टॉप ट्रैवल कम्पेनियन बन गया है, जो बजट को ध्यान में रखते हुए यात्रा का बेहतरीन अनुभव पाना चाहते हैं। प्रकाश संगम, चीफ एक्जक्टिव ऑफिसर, रैडबस ने कहा, रैडबस लम्बे समय से किफायती एवं भरोसेमंद परिवहन सेवाएं उपलब्ध कराने में अग्रणी रहा है। अब हम यही वादा बजट-फ्रैंडली स्टे में लेकर आए हैं और यात्रियों को वही सुविधा और भरोसा प्रदान कर रहे हैं, जिसकी उम्मीद वे हमसे करते हैं। रैडबस स्टे के साथ यात्री ऑनलाईन वैरिफाईड अकॉमोडेशन की तुलना कर बुकिंग कर सकते हैं, अपना समय बचा सकते हैं और अपने लिए स्टे का उचित विकल्प चुन सकते हैं।

### स्वाति मालीवाल को राहत

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल को 14 वर्षीय दुष्कर्म पीड़िता की पहचान उजागर करने के आरोप से बरी कर दिया। दिल्ली पुलिस ने 2016 में मालीवाल के खिलाफ मामला दर्ज किया था, जब वह दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष थीं।

# सुभाष रोड बड़ा बाजार में मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली स्थित एशिया की सबसे बड़ी रेडीमेड कपड़े की मार्किट सुभाष रोड बड़ा बाजार में बड़ी धूमधाम से ७९ स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। पूर्वी दिल्ली से सांसद व भारत सरकार में केन्द्रीय राज्यमंत्री हर्ष मल्होत्रा एवं दिल्ली सरकार में कैबिनेट मंत्री व यमुना पार विकास बोर्ड के चेयरमैन सरदार अरविंदर सिंह लवली द्वारा राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा झंडा फहराया गया और सभी ने बड़े उत्साह से राष्ट्रीय गान गया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। जिसमें देश भक्ति के गीत और सेना के शौर्य का भी चित्रण किया गया। पूरा गांधी नगर भारत माता की जय, वन्देमातरम् और जय श्री राम के नारों से गूंज उठा। भारत सरकार में केन्द्रीय राज्यमंत्री हर्ष मल्होत्रा ने अपने संबोधन में युवाओं से आह्वान किया कि वे अपने कर्तव्यों का निष्ठा से पालन करें और भारतवर्ष को एक शसक्त एवं आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाने में अपना सर्वस्व लगा दें और प्रत्येक घर पर तिरंगा



झंडा जरूर लगाए। साथ ही सभी को बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर अस्थाई रूप से रोका है बंद नहीं किया और पाकिस्तान द्वारा किसी भी आतंकवादी हमले को एक्ट ऑफ वार ही माना जाएगा। सभी को 79वें स्वतंत्रता दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। दिल्ली सरकार में कैबिनेट मंत्री व यमुना पार विकास बोर्ड के चेयरमैन सरदार अरविंदर सिंह लवली नेनेशनल हाइवे अथॉरिटी के फ्लाईओवर के नीचे गांधी नगर मार्किट के लिए देश की पहली कार व बाइक पार्किंग की अनुमति दिलाने, यूरिनल शौचालय और पुश्ता रोड़ से पुन: सीढ़ियां की विशेष अनुमति दिलाने पर केंद्रीय मंत्री हर्ष मल्होत्रा का आभार भी व्यक्त किया। इसी माह मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और हर्ष मल्होत्रा का भी प्रवास गांधी नगर विधानसभा में होगा तब सभी मार्किट एसोसिएशन और आरडब्लूए के साथ मिलकर चहुमुखी विकास के लिए योजना बनाई जाएगी। कार्यक्रम में भारत सरकार केंद्रीय राज्यमंत्री हर्ष मल्होत्रा, दिल्ली सरकार में कैबिनेट मंत्री व यमुना पार विकास बोर्ड के चेयरमैन सरदार अरविंदर सिंह लवली, भाजपा शाहदरा जिला अध्यक्ष दीपक मदनलाल गाबा, भाजपा शाहदरा जिला प्रवक्ता ऐडवोकेट भारत गौड़, निगम पार्षद प्रिया कांबोज व संदीप कपूर,मार्केट प्रधान देशराज मल्होत्रा, अध्यक्ष प्रवीण गुप्ता, महामंत्री अश्वनी चोपड़ा, कोषाध्यक्ष पंकज जैन, सेक्रेटरी चेतन अरोड़ा, पूर्व पार्षद सुरिंदर शर्मा व नीरज शर्मा, मण्डल अध्यक्ष सचिन चौहान सहित हजारों की संख्या में दुकानदार भाई उपस्थित रहे।

# बढ़ती हरियाली की सौगात वननेस वन अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** संत निरंक. ारी मिशन की हरित चेतना और पर्यावरण के प्रति अटूट समर्पण को निरंतर आगे बढ़ाते हुए रविवार, 17 अगस्त 2025 को 'वननेस वन' परियोजना के पांचवें चरण के अंतर्गत देशभर में अनेक नए स्थलों को इस जन-सहभागिता अभियान से जोड़ा जाएगा। प्रात: 6 से 9 बजे तक हजारों सेवादार एवं श्रद्धालु एकजुट होकर वृक्षारोपण के माध्यम से प्रकृति के प्रति अपनी निष्ठा और संरक्षण के संकल्प को दोहराएंगे। सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के दिव्य मार्गदर्शन में वर्ष २०२१ में आरंभ हुई 'वननेस वन' परियोजना मात्र वृक्षारोपण का उपक्रम नहीं, बल्कि प्रकृति के साथ संतुलन और सह-अस्तित्व की भावना को जागृत करने वाला एक महत्वपूर्ण अभियान है। यह हमें ऐसा भाव सिखाता है कि हम प्रकृति से पृथक नहीं अपितु उसी का अभिन्न अंग हैं। अत: इसका संरक्षण करना वास्तव में स्वयं के जीवन और भविष्य की रक्षा करना है।



विकसित भारत सम्मान 2025 से सम्मानित करते तिमारपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक सूर्य प्रकाश खत्री नार्थ एमसीडी मेडिकल कॉलेज के डीन विनय कुमार तिवारी जम-जम फाउन्डेशन के प्रमुख संरक्षक योगेन्द्र सिंह मान।

# विकसित भारत सम्मान से किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** स्वतन्त्रता दिवस के उपलक्ष्य में जम जम फाउन्डेशन ने आज हिन्दूराव अस्पताल के डॉ. पासी आडिटोरियम में वरिष्ठ डॉक्टरों एवं पत्रकारों को विकसित भारत सम्मान 2025 से सम्मानित किया।

इस अवसर पर तिमारपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक सूर्य प्रकाश खत्री नार्थ एमसीडी मेडिकल कॉलेज के डीन विनय कुमार तिवारी जम जम फाउन्डेशन के प्रमुख संरक्षक योगेन्द्र सिंह मान अध्यक्ष शमीम अहमद खान उपाध्यक्ष ममता आनन्द, दीपक चौपड़ा, मौहम्मद अनवार सचिव मौहम्मद अजहर कोषाध्यक्ष जहीर आलम आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर विधायक सूर्य प्रकाश खत्री ने कहा की उत्तरी दिल्ली में कोई भी बड़ा अस्पताल नही है ऐसे में दिल्ली सरकार से आग्रह करके राजन बाबू टीबी अस्पताल में खाली पड़ी जगह पर मेडिकल कॉलेज को शिफ्ट करने का प्रयास करेंगे ताकि मेडिकल कॉलेज में सीटें भी बड़ाई जा सके और उत्तरी दिल्ली को एक बड़ा अस्पताल मिल जाएं इसके लिए भी प्रयास किया जाएगा योगेन्द्र सिंह मान ने बताया कि जम जम फाउन्डेशन ने समाज और मानव सेवा करने वाले 45 डॉक्टरों और 25 पत्रकारों को विकसित भारत सम्मान 2025से सम्मानित किया गया। जम जम फाउन्डेशन के अध्यक्ष शमीम अहमद खान ने बताया कि विक. सित भारत सम्मान समारोह में आएं सभी लोगों का तिरंगा पटका पहनाकर सम्मान भी किया गया।

इस अवसर पर भाजपा मल्का गंज मण्डल के अध्यक्ष नितिन गुप्ता जपाध्यक्ष चन्दर प्रकाश प्रजापति महामंत्री भारत भूषण मंत्री दिनेश सोनकर व सूरज जैन कोषाध्यक्ष मुकेश जैन सहित नीलू सोनकर सतीश को. हली ब्रजमोहन प्रजापति मेहर सिंह विश्राम सिंह वैशाली गुप्ता सुदेश बख्शी पूजा ठुकराल इंदु शर्मा मानसी आनन्द जसप्रीत सिंह मौहम्मद कामिल मौहम्मद कादिर शहजाद अहमद इकबाल चौधरी अमित आनन्द मनोज आनन्द आदि भी उपस्थित थे।

# श्री महाशक्ति दुर्गा मंदिर में मनेगा श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के गगन विहार स्थित श्री महाशक्ति दुर्गा मंदिर समिति में भव्य श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव का आयोजन शनिवार १६ अगस्त को बड़ी धूम धाम के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर संस्था के उप प्रधान अनिल जैसवाल एवं कोषाध्यक्ष संभव मल्होत्रा ने जन्माष्टमी की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव का आयोजन शनिवार 16 अगस्त को होगा। तथा वहीं श्री कृष्ण जन्माष्टमी का मुख्य आकर्षण बर्फ से बना 11 फुट ऊंचा शिवलिंग होगा। इसके अलावा फल व फूलों से सुसज्जित माता शेरावाली का भव्य दरबार के साथ साथ



लड्डू गोपाल जी का फूलों से सुसज्जित झूला , व वृंदावन वाले बांके बिहारी जी का भव्य दरबार व अलौकिक श्रृंगार तथा बर्फ से निर्मित शिव परिवार का दरबार आकर्षण का केंद्र होगा। इसके अलावा 56 भोग का प्रसाद व 11 फुट ऊंचा बर्फ से बना रुद्राक्ष का शिवलिंग भी आकर्षण का केंद्र होगा। तथा वहीं इस अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर केंद्रीय राज्य मंत्री एवं पूर्वी दिल्ली से सांसद हर्ष मल्होत्रा ,ओम प्रकाश शर्मा (विधायक) के अलावा अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित होंगे। और भगवान श्री कृष्ण जन्माष्टमी की रात्रि को केक कर्तन में भी भाग लेंगे और श्री कृष्ण जन्म के पश्चात आरती व 56 भोग का प्रसाद भी वितरित किया जाएगा।

## स्वतंत्रता दिवस व जन्माष्टमी पर ड्राई-डे

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने स्वतंत्रता दिवस और जनमाष्टमी के मौके पर राजधानी में ड्राई डे का एलान किया है। १५ और १६ अगस्त को सभी शराब दुकानें, बार, रेस्टोरेंट, होटल और क्लब बंद रहेंगे। एक्साइज विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है। यह कदम राष्ट्रीय पर्व पर शांति और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए उठाया गया है। एक्साइज विभाग के आदेश के मुता. बिक, 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस और 16 अगस्त को जनमाष्टमी के कारण शराब की बिक्री, सर्विंग और स्टोरेज पर पूरी रोक रहेगी। यह पाबंदी सभी रिटेल शराब दुकानों, बार, रेस्टोरेंट, होटल और क्लबों पर लागू होगी। हालांकि, कुछ चुनिंदा होटल जो लाइसेंस प्राप्त हैं, वे अपने मेहमानों को कमरे में सर्व कर सकते हैं, लेकिन सार्वजनिक जगहों पर नहीं।

## सिग्नेचर ब्रिज पर सफाई अभियान चलाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर, दिल्ली नगर निगम, शाहदरा उत्तरी जोन ने "दिल्ली को कूड़े से आजादी" अभियान के अंतर्गत गोकुल. पुर ड्रेन की व्यापक सफाई



कर फ्लोटिंग मटेरियल को हटाया। साथ ही सिग्नेचर ब्रिज पर भी विशेष सफाई अभियान चलाया गया।

इस अवसर पर शाहदरा उत्तरी जोन के वरिष्ठ अधिकारी, स्थानीय नागरिक और सफाईकर्मी सक्रिय रूप से शामिल हुए, जिससे स्वच्छता के प्रति जन सहभागिता का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत हुआ। अभियान के उपरांत, उपायुक्त शाहदरा उत्तरी क्षेत्र, कर्नल अभिषेक कुमार के नेतृत्व में स्कूली बच्चों द्वारा भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई, जिसमें देशभक्ति और स्वच्छता का संदेश पूरे उत्साह के साथ दिया गया।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।



## जिला प्रशासन के सहयोग से नागरिक सुरक्षा ने किया
# विशाल तिरंगा रैली का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशानुसार एवं जिला प्रशासन के सहयोग से नागरिक सुरक्षा द्वारा विशाल तिरंगा रैली का आयोजन स्थानीय कवि नगर रामलीला ग्राउंड से किया गया। रैली को मुख्य अतिथि सांसद अतुल अग्रवाल और एडिशनल कमिश्नर ऑफ पुलिस आलोक प्रियदर्शी द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। जो हापुड़ रोड से होते हुए ठाकुरद्वारा मोड पर पहुंचकर रुकी तथा वहां पर शहीद श्री चंद्रशेखर आजाद की मूर्ति पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए अपने



गंतव्य की तरफ रवाना हुई और घंटाघर पर पहुंच कर शहीद सरदार भगत सिंह की मूर्ति पर पुष्पांजलि अर्पित करने के उपरांत चौधरी मोड़ से वापसी करते हुए पुराने बस अड्डे से हापुड़ रोड कलेक्ट्रेट होते हुए पुनः वापस कभी नगर रामलीला ग्राउंड पर समाप्त हुई। रैली में मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल, अपर जिलाधिकारी नगर विकास कश्यप, एडिशनल सीपी यातायात सच्चिदानंद, जिला सूचना अधिकारी वाई पी सिंह, चीफ वार्डन ललित जायसवाल सहायक उप नियंत्रक नागरिक सुरक्षा गुलाम नबी, राजेंद्र शर्मा स्टाफ अधिकारी टू चीफ वार्डन (फायर), पूर्व डिप्टी चीफ वार्डन अनिल अग्रवाल, डिवीजनल वार्डन डॉ. सुजीत कुमार प्रसाद, दीपक अग्रवाल, सुधीर कुमार, डिप्टी डिवीजनल वार्डन अशोक कुमार मंजूर हसन संजय कुमार गोयल, राजकुमार तोमर, स्टाफ ऑफिसर सुनील गोयल, मुकेश शर्मा, एमपी श्रीवास्तव, नवनीत कुमार, संध्या त्यागी, घटना नियंत्रण अधिक अधिकारी संजय कुमार शर्मा शशिकांत भारद्वाज मृगांक सुनील चौधरी दीपांशु जोगेंद्र चौधरी अनिल तिवारी राक. श गोसाई पोस्ट वार्डन आरक्षित अरुण कुमार श्रीवास्तव दिव्यांशु सिंघल एवं अन्य तमाम वरिष्ठ एवं कनिष्ठ वार्डन द्वारा रैली में प्रतिभा कर तिरंगा रैली को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई गई।

---

### आजादी का अमृत महोत्सव अभियान के अन्तर्गत
## सिल्वरलाइनर्स ने किया जागरूकता रैली का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत "हर घर तिरंगा" अभियान को जन जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से सिल्वरलाइन प्रेस्टिज स्कूल, बुलंदशहर रोड इंडस्ट्रियल एरिया, गाजियाबाद द्वारा एक भव्य जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।

रैली में विद्यालय के छात्र छात्राओं, शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने हाथों में लहराते तिरंगे के साथ बड़े उत्साह और देशभक्ति के जोश में कदमताल किया। पूरे मार्ग में "भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम्" के उद्घोष गूंजते रहे, जिससे वातावरण देशभक्ति, एकता और जिम्मेदारी की भावना से सराबोर हो गया।

कार्यक्रम के दौरान स्थानीय निवासियों को भारतीय राष्ट्रध्वज वितरित किए गए तथा सभी को अपने घरों पर राष्ट्रध्वज फहराने के लिए प्रेरित किया गया। यह रैली न केवल विद्यालय और समुदाय के बीच संबंधों को और सुदृढ़ करने का माध्यम बनी, बल्कि स्वतंत्रता के लिए बलिदान देने वाले वीरों के अमूल्य योगदान को भी भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी।

रैली का समापन उत्साहपूर्ण देशभक्ति गीत के साथ हुआए जिसने उपस्थित प्रत्येक व्यक्ति के हृदय में अपने देश के प्रति गर्व और सम्मान की भावना को और अधिक सुदृढ़ कर दिया।

---

## रोटरी क्लब साहिबाबाद ने कियाबुजुर्ग आश्रम में राशन प्रदान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** रोटरी क्लब साहिबाबाद द्वारा समाज सेवा की एक और पहल के अंतर्गत आज दिनांक 13 अगस्त 2025 को पंच आस सेवार्थ समिति, पास सोसायटी, बुजुर्ग आश्रम, निकट सिटी फॉरेस्ट करहेड़ा गाजियाबाद में आयोजित कार्यक्रम में आश्रम की मांग पर वृद्ध आश्रम में रह रहे निराश्रित वृद्धजनों के लिए दो माह का राशन जिसमें मुख्य रूप से आटा, चावल, दालें, रिफाइंड तेल, सरसों का तेल, देसी घी, पोहा, सूजी बेसन, दलिया, ओट्स, मैगी, चीनी,चाय पत्ती, बिस्कुट, रस्क, सभी तरह के मसाले, नहाने व कपड़े धोने के साबुन, सर्फ, शैंपू, हार्पिक, फिनायल, वाइपर, डस्टर एवं



वस्त्र इत्यादि प्रदान किए गए स

कार्यक्रम में रोटरी क्लब साहिबाबाद के अध्यक्ष शलभ अग्रवाल, सचिव आर. पी. महेश्वरी, कोषाध्यक्ष विभा सिंह, क्लब सदस्य गण रश्मि महेश्व. री, तरु अग्रवाल, पुष्पेंद्र कुमार एवं वीरेंद्र सिंह, के साथ-साथ बुजुर्ग आश्रम के संचालक श्री विजय सिंह एवं आश्रम का स्टाफ तथा आश्रम में रह रहे वृद्धजन उपस्थित रहे। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि रोटरी क्लब साहिबाबाद द्वारा पिछले सप्ताह भी एक अन्य वृद्ध आश्रम में एक माह का राशन उपलब्ध कराया गया था। वृद्ध आश्रमों हेतु राशन की व्यवस्था क्लब के सभी सदस्यों के आर्थिक एवं भौतिक सहयोग से ही संभव हो पा रही है।

---

## समरकूल के ब्रांड एम्बेसडर सुपर स्टार अजय देवगन से संजीव गुप्ता ने की मुलाकात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** समरकूल ग्रुप के चेयरमैन और प्रसिद्ध उधोगपति संजीव कुमार गुप्ता ने मुम्बई में सिनेमा जगत के सुपर स्टार अजय देवगन से मुलाकात की। समरकूल होम एप्लायंसेज लिमिटेड की ओर से अजय देवगन को कंपनी का ब्रांड एम्बेसडर साईन किया गया है। इसी प्रक्रिया के तहत मंगलवार को मुम्बई के एक स्टूडियो में अजय देवगन के साथ समरकूल की ऐड फिल्म को शूट किया गया है। अब अजय देवगन बतौर ब्रांड एम्बेसडर समरकूल का प्रमोशन करेंगे। इसी दौरान समरकूल ग्रुप के चेयरमैन संजीव कुमार गुप्ता ने मंगलवार को



हनुमान जी का आशीर्वाद प्राप्त कर अजय देवगन को हनुमान जी की मूर्ति भेंट की, इस पर प्रतिक्रिया देते हुए अजय देवगन ने कहा कि समरकूल, सिंघम और संजीव गुप्ता का साथ बेहद सफल रहने वाला है। इस मुलाकात के बाद संजीव कुमार गुप्ता ने कहा कि अजय देवगन से मिलने पर उन्हें बहुत ही खुशी हुई है। वह बहुत ही सरल और शालीन व्यवहार के अभिनेता हैं। तथा इतनी ऊचाईयो पर पहुचने के बाद भी बेहद सादगी के साथ उनसे हमारी मुलाकात हुई है। देश विदेश में बनी उनकी लोक. प्रियता का लाभ समरकूल ब्रांड को आने वाले समय में बहुत ही ज्यादा मिलने वाला है। समरकूल ग्रुप की सफलता में पिछले लगभग 33 वर्षों में सिनेमा जगत का बड़ा योगदान रहा है। तथा क्वालिटी और प्राईज के साथ साथ समरकूल देश विदेश तक अपनी पहुच बनाने के लिए वालीवुड के साथ अपने मधुर संबंध बनाये हुए है।

---

## भोजपुर पुलिस ने साइबर ठगी की रकम कराई वापिस



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** साइबर सेल थाना भोजपुर पुलिस टीम द्वारा आवेदक योगेन्द्र कुमार निवासी ग्राम अतरौली थाना भोजपुर कमिश्नरेट गाजियाबाद के साथ हुए साइबर फ्रॉड में ठगी गई कुल धनराशि 25,000/-रुपये आवेदक को वापस कराया गया। उन्हें यह रकम भोजपुर थाना प्रभारी सचिन बालियान ने सौंपी।

---

## आईटीएस डेंटल कॉलेज में सीडीई व कार्यशाला कार्यक्रम का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादनगर।** आई.टी.एस डेंटल कॉलेज के प्रोस्थोडोंटिक्स एंड क्राउन एंड ब्रिज विभाग द्वारा ''फुल माउथ रिहैबिलिटेशन'' विषय पर एक दिवसीय सी.डी.ई. एवं कार्यशाला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यशाला में देश के विभिन्न डेंटल कॉलेजों के 175 से अधिक बी.डी.एस. छात्र एवं एम.डी.एस. के विद्यार्थियों के साथ-साथ सभी दंत विभागों के दंत चिकित्सक शामिल रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि व वक्ता डॉ दिविज खुल्लर थे, जो प्रोस्थोडोंटिक्स के क्षेत्र में एक प्रतिष्ठित नाम है। डॉ दिविज के नाम एक विश्व रिकॉर्ड है, वह पहले पोस्ट ग्रेजुएट छात्र है जिन्होंने 54 फुल माउथ रिहैबिलिटेशन केस



सफलतापूर्वक पूर्ण किये है। यह उनकी क्लीनिकल उत्कृष्टता व समर्पण का प्रतीक है। कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथि वक्ता डॉ दिविज खुल्लर, आई.टी.एस.-द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन, डॉ. आर.पी. चड्ढा एवं वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा द्वारा माँ सरस्वती के सामने दीप प्रज्वलित करके किया गया। इस अवसर पर संस्थान के डायरेक्टर- प्रिंसिपल, डॉ देवी चरण शेट्टी के साथ-साथ संस्थान के सभी डीन्स, दंत विभागों के एचओडी एवं दंत चिकित्सक भी उपस्थित रहें। कार्यशाला के दौरान डॉ दिविज के द्वारा एक गहन और विस्तृत वैज्ञानिक विचार विमर्श प्रस्तुत किये गये। इसके बाद लाइव डेमोंस्ट्रेशन तथा हैंड्स-ऑन सत्र भी आयोजित किये गये, जिनमें प्रतिभागियों ने इन तकनीकों को व्यावहारिक रूप से सीखा। व्याख्यान के दौरान, उन्होंने फुल माउथ रिहैबिलिटेशन मामलों की पहचान करने, वर्टिकल डाइमेंशन का मूल्यांकन करने, वर्टिकल डाइमेंशन में कमी के क्लीनिकल परिणामों को समझने और डि-प्रोग्रामिंग की आवश्यकता पर चर्चा की। उन्होंने विभिन्न डि-प्रोग्रामिंग विधियों और सेंटरिक रिलेशन को पहचान. ने और रिकॉर्ड करने की तकनीकों पर भी विस्तार से बताया। इसके अतिरिक्त उन्होंने सही सेंटरिक रिलेशन और ऑक्लूसल प्लेन की स्थापना और पैराफंक्शनल आद. तों वाले रोगियों के उपचार योजना में आवश्यक संशोधन शामिल थे। इंडिजिनस तकनीक और पीएमएस तकनीक का तुलनात्मक विश्लेषण प्रस्तुत किया गया, जिसमें दोनों की अपेक्षित फायदों और सीमाओं पर चर्चा की गई। इसमें फेसबों ट्रांसफर, लूसिया जिग फेब्रिकेशन, डि- प्रोग्रामिंग तकनीकों, आर्टिकुलेटर को जीरो करने और प्रोग्रामिंग के विवरण में लाइव डेमोंस्ट्रेशन शामिल थे। यह दंत चिकित्सकों को फुल माउथ रिहैबिलिटेशन के क्षेत्र में ज्ञानवर्धन और नवीन तकनीकों से अवगत कराने का एक शानदार अवसर था, जिससे वह भविष्य में मरीजों को बेहतर उपचार प्रदान कर सकें।

---

## आसमा से गिरे चाइनीज मांझे ने काटी युवक की गर्दन

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के मोदीनगर के निवाडी थाना क्षेत्र में चाइनीज मांझे ने एक बार फिर अपना कहर बरपाया। बीती रात 25 वर्षीय युवक अंकुर की गर्दन चाइनीज मांझे की चपेट में आने से बुरी तरह कट गई। गंभीर हालत में उसे तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी स्थिति नाजुक बनी हुई है। यह घटना न केवल दुखद है, बल्कि शहर में चाइनीज मांझे के अवैध उपयोग और प्रशासन की लापरवाही को भी उजागर करती है। चाइनीज मांझा, जो अपनी तीक्ष्णता और खतरनाक प्रकृति के लिए कुख्यात है, पहले भी कई लोगों की जान ले चुका है।

---


इश्तहार मुजरिया
**व अदालत माननीय सिविल जज (सी0डि0) बरेली**

प्रकीर्णवाद सं0 269 सन 2025

श्री जितेन्द्र कुमार सहाय पुत्र स्व0 श्री रामचन्द सहाय निवासी 11 अशोक नगर निकट एम0बी0 इण्टर कालेज बरेली।

**बनाम**

श्री वीरेन्द्र कुमार सहाय पुत्र स्व0 श्री रामचन्द्र सहाय 11 अशोक नगर निकट एम0बी0 इण्टर कालेज बरेली। 2. श्रीमती रश्मि पत्नी स्व0 श्री नरेन्द्र निवासी 11 अशोक नगर निकट एम0बी0 इण्टर कालेज बरेली। 3. श्री पुनीत कुमार पटेल पुत्र स्व0 श्री नरेन्द्र निवासी 11 अशोक नगर निकट एम0वी0 इण्टर कालेज बरेली। 4. श्री श्वेतांक पटेल पुत्र स्व0 श्री नरेन्द्र निवासी 11 अशोक नगर निकट एम0बी0 इण्टर कालेज, बरेली। 5. श्रीमती गीता गंगवार पत्नी स्व0 श्री संजीव कुमार गंगवार निवासी विमल फार्मा 776 शाहबाद भूड़ बरेली। 6 श्री लवलेश सहाय पुत्र स्व0 श्री रामचन्द्र निवासी एस0जी0 6/2204 वाइसवां फलोर साया गोल्ड एवेन्यू, वैभव खण्ड, इन्द्रापुरम शिप्रा सनसिटी गाजियाबाद-201014

दरखास्त मुसम्मी जितेन्द्र कुमार वास्ते हुक्म सर्टीफिकेट वसूल दर्ज व किफायत जाये या फतावी मुसम्मी मुतवर्फा अपने व मुजावि एक्ट 7 सन 1989 ई0 व कैद हरगाह मुसम्मी जितेन्द्र कुमार ने दरखास्त हुक्म सर्टीफिकेट और तारीख 19/8/2025 वास्ते समायत दरखास्त हाजा के मुकरर की है लिहाजा इश्तहार जारी किया जाता है कि जिस किसी को दरखास्त हाजा के निसवत कोई उजर हो असालतन या वकालतन बतारीख 19/8/2025 पेश होकर दरखास्त हाजा की निसवत उजर पेश करे दरसूरत इनकाये तारीख मुकरर कोई उजर निस्वत दरखास्त सुना नही जायेगा और मुनासिब हुक्म निस्वत दरखास्त हाजा सादिर होगा।

आज तारीख 07/08/2025 किया गया।

मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से जारी

अदालत माननीय सिविल जज (सी0डि0) बरेली


---

## एहसास संस्था ने किया नंदलाला महोत्सव का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** एहसास एवं परिणीता के संयुक्त तत्वावधान में जन्माष्टमी पर्व को समर्पित "नंदलाला महोत्सव" का भव्य आयोजन मंगलवार को निष्काम भवन, गोविंदपुरी में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत श्रीकृष्ण भक्ति से ओत-प्रोत भजनों के साथ हुई, जिसने वातावरण को पूर्णतः भक्तिमय बना दिया। विभिन्न कलाकारों द्वारा प्रस्तुत मनमोहक झांकियों ने दर्शकों को वृन्दावन की पावन गलियों की अनुभूति कराई। महोत्सव का विशेष आकर्षण 'कान्हा की मटकी फोड़' प्रतियोगिता रही, जिसमें बाल-गोपालों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और दर्शकों की खूब तालियाँ बटोरीं। भक्तों के लिए विभिन्न प्रकार के मिष्ठान, फलाहार व पारंपरिक प्रसाद का वितरण किया गया, जिससे श्रद्धालु प्रसन्न और संतुष्ट दिखाई दिए। कार्यक्रम में परिणीता के सदस्यों द्वारा कान्हा जी से संबंधित सामान के स्टॉल भी लगाए गए, जिनमें पूजन सामग्री, सजावट के सामान और स्मृति चिह्न, स्टीकर भी उपलब्ध थे। इस अवसर पर आयोजकों ने सभी उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी ऐसे सांस्कृतिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजन का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम को सफल बनाने में एहसास की संस्थापक अनुप्रीत कौर, एहसास की अध्यक्ष गुरमीत गुप्ता, परिणीता की हेड सृष्टि गौड के साथ इन्दू गुप्ता, संगीता कुमार, रूचि विज, मेघा तायल, पूजा शर्मा, आंचल खुराना, पवन कुमार, सुनील नारंग, सुनील भूटानी, कमल, गीतू, ट्विंकल बतरा, लवली सचदेवा, गौरव जगपाल आदि का विशेष योगदान रहा।

---

## जेकेजी इंटरनेशनल स्कूल में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हर घर तिरंगा रैली का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** विजयनगर स्थित जेकेजी इंटरनेशनल स्कूल में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर स्कूल द्वारा 'हर घर तिरंगा' अभियान के अंतर्गत एक भव्य रैली का आयोजन किया गया। रैली की प्रधानाचार्या का शुभारंभ विद्यालय प्रांगण से हुआ, जिसे जीजीआईसी स्कूल डॉ. विभा चौहान ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में छात्र-छात्राओं, शिक्षकों उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी प्रतिभागियों ने हाथों में तिरंगा थामे देशभक्ति के नारे लगाए और पूरे मार्ग में राष्ट्रीय एकता व गर्व का संदेश फैलाया। वहीं प्रधानाचार्या डॉ. विभा चौहान ने अपने वक्तव्य में कहा, कि



'राष्ट्रीय ध्वज' हमारे गौरव, एकता और स्वतंत्रता का प्रतीक है। हमें न केवल इसे सम्मान देना चाहिए, बल्कि अपने जीवन में ऐसे कार्य करने चाहिए जो राष्ट्र को प्रगति की ओर ले जाएं। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर डा० करूण कुमार गौड़ ने कहा, हमारा उद्देश्य विद्यार्थियों में देशभक्ति की भावना जागृत करना और उन्हें राष्ट्र के प्रति जिम्मेदार नागरिक बनाना है। इस प्रकार की रैलियां देश की एकता, अखंडता और गौरव को मजबूत करती हैं। वहीं विद्यालय की प्रधानाचार्या अंजु गौड़ ने कहा कि 'हर घर तिरंगा' अभियान विद्यार्थियों में देशप्रेम और जिम्मेदारी की भावना को प्रोत्साहित करता है। ऐसे आयोजन न केवल देशभक्ति को बल देते हैं, बल्कि समाज में एकता और सद्भाव का संदेश भी फैलाते हैं।

---

## भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने किया माइटी हार्ट्स स्कूल का दौरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने माइटी हार्ट्स स्कूल में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के साथ मुलाकात की। माइटी हार्ट्स स्कूल का उनके द्वारा दौरा किया गया। जो विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की देखभाल एवं शिक्षा के लिए समर्पित एक संस्था है। यह स्कूल डाउन सिंड्रोम, ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर (ASD), सेरेब्रल पाल्सी, शारीरिक विकलांगता, तथा अटेंशन डेफिसिट हाइपरएक्टिविटी डिसऑर्डर (ADHD) जैसी स्थितियों से ग्रसित बच्चों का समर्थन करता है।

दौरे के दौरान बच्चों के साथ समय बिताया गया, उनकी जरूरतों को समझा गया और उनकी विशेष क्षमताओं की सराहना की गई। प्रोत्साहन और राष्ट्रभक्ति की भावना के प्रतीक स्वरूप, बच्चों को भारतीय राष्ट्रीय ध्वज भेंट किए गए, जो ष्हर घर तिरंगाष अभियान की भावना से ओतप्रोत था। यह अनुभव अत्यंत भावुक और प्रेरणादायक रहा,



जिसने समावेशिता, सहानुभूति और सामा. जिक जिम्मेदारी के महत्व की गहरी याद दिलाई - जो एक करुणामय और संवे. दनशील समाज की नींव है।

---

## भव्य शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** डॉ के.एन. मोदी विश्वविद्यालय,एन सी आर, मोदी नगर में एक भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। डॉ. के.एन. मोदी विश्वविद्यालय में आयोजित इस सम्मान समारोह में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले 100 से अधिक स्कूल प्रिंसिपल और शिक्षकों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कुलाधिपति , डॉ. के.एन.मोदी विश्विद्यालय, एन सी आर मोदीनगर, डॉ. डी. के. मोदी जी, और रजिस्ट्रार यू.एन. मिश्रा जी भी उपस्थित थे।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. पी.एन. हृषीकेश ने अपने पीपीटी प्रस्तुति में विश्वविद्यालय द्वारा प्रस्तावित विभिन्न पाठ्यक्रमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी और बताया कि कैसे ये पाठ्यक्रम छात्रों को उनके करियर में सफलता प्राप्त करने में मदद करेंगे। सम्मानित होने वाले प्रिंसिपल और शिक्षकों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए बधाई दी गई और उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं व्यक्त की गईं। कार्यक्रम का संचालन प्रो. डॉ. निशा विश्नोई द्वारा किया गया और इस अवसर पर डॉ. धर्मेंद्र, डॉ. बृजेश, डॉ. निखिल, रवि कुशवाहा, श्री आशीष मिश्रा और रूनझुन ने सहयोग किया। कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने शिक्षकों की भूमिका की सराहना की और उनके योगदान को महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम के अंत में, सभी उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों और प्रतिभागियों को धन्यवाद दिया गया और भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं व्यक्त की गईं।


**संबंध विच्छेद**

मैं रेखा रानी पत्नी सुशील कुमार निवासी- 176/6, ब्लॉक सी, थाना- क्रॉसिंग रिपब्लिक सिद्धार्थ विहार जिला- गाजियाबाद अपने पुत्र रितेश को गलत आचरण के कारण अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखलकर सम्बन्ध विच्छेद करती हूँ। भविष्य में अपने कृत्यों का ये स्वयं जिम्मेदार होगा।

# सीएम ने दिए विकास कार्य समय पर पूरा करने के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सरकार के सभी विभागों के प्रमुखों को निर्देश जारी किए हैं कि पूरी दिल्ली में चल रहे विकास कार्य समय पर पूरे होने चाहिए, इसके लिए सभी अधिकारी विकास कार्यों की लगातार मॉनिटरिंग करें। मुख्यमंत्री ने दिल्ली सचिवालय में सभी विभागों के प्रमुखों के साथ एक विशेष बैठक आयोजित की। बैठक में राजधानी में चल रही विकास परियोजनाओं, जनसेवा से कार्यों और प्रशासनिक सुधारों की प्रगति की समीक्षा की गई। हाल ही में आयोजित इस बेठक में मुख्य सचिव व अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे।

बैठक में मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश जारी किए कि बजट में घोषित सभी पूंजीगत परियोजनाओं के कार्यान्वयन में कोई देरी न हो, साथ ही उनकी नियमित समीक्षा भी होती रहनी चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी भी परियोजना में किसी प्रकार का अवरोध या बाधा पैदा नहीं होनी चाहिए। इसके लिए आला अधिकारी समय-समय पर इन योजनाओं की लगातार मॉनिटरिंग करें और कोई समस्या होने पर उसके निराकरण के लिए प्रभावी कदम उठाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बार दिल्ली सरकार ने रिकॉर्ड एक लाख करोड़ का बजट पारित किया है, इसलिए किसी भी प्रोजेक्ट के लिए धनराशि की कमी नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि परियोजनाएं समय पर पूरी हों, इसके लिए वह भी लगातार समीक्षा करती रहेंगी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने यह भी कहा कि राजधानी को 'विकसित दिल्ली' बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व केंद्र सरकार भरपूर मदद कर रहे हैं, इसलिए बजट की कोई समस्या नहीं है।

मुख्यमंत्री ने डिजिटल गवर्नेंस के सफलता पर संतोष व्यक्त किया और इसे बढ़ावा देने व ई-ऑफिस प्रणाली के पूर्ण कार्यान्वयन सुनिश्चित करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि अब तक १९९ में से ११९ विभाग इस व्यवस्था से जुड़ चुके हैं लेकिन यह पर्याप्त नहीं है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया शेष विभाग भी तुरंत ई-ऑफिस प्रणाली में शामिल हों और कार्यालयों के डिजिटलीकरण को शत प्रतिशत करने का कार्य करें। बैठक में मुख्यमंत्री ने स्वच्छ दिल्ली के लक्ष्य को आगे बढ़ाते हुए "दिल्ली को कूड़े से आजादी" अभियान में अगस्त माह के दौरान सभी विभागों की सक्रिय भागीदारी पर जोर दिया गया। साथ ही, पीजीएमएस पोर्टल के माध्यम से मिलने वाली जनता की शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध समाधान को अनिवार्य बनाने के निर्देश दिए।

बैठक में मुख्यमंत्री ने विभाग प्रमुखों को यह भी निर्देश दिए कि केंद्र व दिल्ली सरकार के प्रति. निधियों/मंत्रियों, विधायकों आदि के के कार्यों का निपटारा प्राथमिकता के आधार पर होना चाहिए। इनके कार्य भी जनता के हितों से जुड़े होते हैं। यह भी कहा कि सभी विभाग प्रमुख अपने कार्यालय परिसरों के नवीनीकरण को प्राथमिकता के साथ पूरा करें ताकि वहां कार्य का तो माहौल दिखे ही साथ ही जनता को भी परेशानी का सामना न करना पड़े।

मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता ने दोहराया कि हमारी सरकार का लक्ष्य है पारदर्शी, उत्तरदायी और जनता-केंद्रित शासन, जिससे नागरिकों को समय पर और बेहतर सेवाएं मिल सकें। इसके लिए सभी को मिलकर काम करना होगा।

# जालसाजों ने किया ठगी का नया तरीका ईजाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** जालसाजों ने ठगी का नया तरीका ईजाद किया है। डिजिटल अरेस्ट व शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर ठगी के बाद अब माई बॉस स्कैम ठगी का नया तरीका है। हाल ही में दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की इंटेलिजेंस फ्यूजन एंड स्ट्रैटेजिक ऑपरेशंस यूनिट में माई बॉस स्कैम के कई मामले दर्ज किए गए हैं।

इसी तरह के मामले में एक एफआईआर १४२/२५ दर्ज की गई है। एफआईआर के मुताबिक विज्ञापनों को रेटिंग देने वाली एक बड़ी कंपनी जिसका सालाना टर्नओवर २०० से २५० रुपये करोड़ है। कंपनी के सीए राजीव के पास निदेशक सूरज कुमार मलिक बनकर किसी का संदेश आया कि ये मेरा मोबाइल नंबर है, इसे सेव कर लो।

सीए राजीव कुमार ने नंबर अपने मोबाइल में सेव कर लिया। अगले दिन

**■ ठगी के 98 लाख रुपये 40 बैंक खातों में गए थे**

राजीव के पास फिर उस कथित सूरज कुमार मलिक ने संदेश भेजकर राजीव से पूछा कि तुम कहां हो। सीए ने कहा कि वह ऑफिस जा रहा है। इसके बाद निदेशक मलिक ने सीए से कहा कि वह जल्द ही ऑफिस पहुंचे।

कुछ देर बाद राजीव के पास कथित निदेशक का फिर मैसेज आया कि वह एक बैठक में है और एक डील होने वाली है। उसे तुरंत ९८ लाख से एक करोड़ रुपये की जरूरत है। सीए ने तुरंत ९८ लाख रुपये सूरज मलिक को भेज दी।

कुछ देर बाद सूरज मलिक ने दूसरी डील के लिए फिर दो करोड़ मांगे। इस पर सीए राजीव को कुछ संदेह हुआ और मालिक सीईओ बीके बजाज से बात की तो पता लगा कि उनके साथ ठगी की जा रही है। किसी ने उनके साथ निदेशक सूरज कुमार मलिक बनकर जालसाजी की। आईएफएसओ के एक अधिकारी ने बताया कि आईएफएसओ ने जब इस मामले की जांच की तो पता लगा कि मोबाइल की आईपी एड्रेस कंबोडिया का था।

ठगी के ९८ लाख रुपये ४० बैंक खातों में गए थे। पुलिस एक खाते की जांच करते हुए नांगलोई पहुंची तो एक बैंक खाता फर्जी आईडी व पते पर नौकरानी का काम करने वाली महिला के नाम था। महिला के बैंक खाते में चार लाख रुपये गए थे। महिला को पाबंद किया गया।

उसने बताया कि उसका बैंक खाता गाजियाबाद के अनिल ने खुलवाया था। पुलिस ने अनिल का पता किया तो पता लगा कि पंजाब पुलिस ठगी के मामले में उसे पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस ने एक असम के रहने वाले एक बैंक खाता धारक की पहचान कर चुकी है। इस मामले की जांच की जा रही है।

# नशा मुक्त भारत अभियान को मिला दिल्ली सरकार का सहयोग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश भर में चल रहे नशा मुक्त भारत अभियान को सफल बनाने में अब दिल्ली सरकार के नशा मुक्त दिल्ली संकल्प का भी पूरा सहयोग मिल रहा है। दिल्ली सरकार में पिछले ५ माह में नशामुक्ति को लेकर पहली बार गंभीर प्रयास हुए हैं, यह बात दिल्ली के समाज कल्याण मंत्री रविन्द्र इंद्राज ने नशा मुक्त भारत अभियान के पांच वर्ष पूर्ण होने पर हुए आयोजन में कही। केन्द्रीय विद्यालय, दिल्ली कैंट में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डा. वीरेंद्र कुमार और राज्य मंत्री बी एल वर्मा के दिल्ली सरकार को मिल रहे सहयोग के लिए आभार जताया।

रविन्द्र इंद्राज ने छात्रों से वालंटियर बनकर नशामुक्त दिल्ली अभियान में अपना योगदान देने का आग्रह किया। उन्होंने यह भी कहा कि युवा नशे से दूर रहेगा तो देश और प्रदेश भरपूर प्रगति करेंगे। समाज कल्याण मंत्री ने राज्य में हुए प्रयासों कि जानकारी देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के मार्गदर्शन में दिल्ली में पहली बार २६ जून को अंतर्राष्ट्रीय नशामुक्ति दिवस पर भव्य आयोजन हुआ और व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया।दिल्ली के संवेदनशील ६४ हॉट स्पॉट पर नुक्कड़ नाटकों और विशेष अभियान के माध्यम से भी लोगों को जागरूक करने के लिए आयोजन हुए। रविन्द्र इंद्राज ने कहा कि उन्होंने नशे के हॉटस्पॉट क्षेत्रों में बीट अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करने के लिए पुलिस आयुक्त को पत्र लिखा है।




**समाज कल्याण मंत्री रविन्द्र इंद्राज ने नशा मुक्त भारत अभियान के पांच वर्ष पूर्ण होने पर एक कार्यक्रम में भाग लेते हुए।**

# अस्पताल के औचक निरीक्षण में खुली पोल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** शाहदरा में स्थित स्वामी दयानन्द अस्पताल नगर-निगम के बड़े अस्पतालों में शुमार है, प्रतिदिन हजारों लोग बेहतर इलाज की आस में यहां पहुंचते है । गत दिवस मंगवार को नगर निगम स्थाई समिति अध्यक्ष सत्या शर्मा ने स्वामी दयानन्द अस्पताल का औचक दौरा किया था इसी दौरे के दौरान अस्पताल में मौजूद मरीजों के तीमारदारों ने अस्पताल में फैले भ्रष्टाचार की पोल खोल कर रख दी, ओर बताया यहां सभी काम के दाम तय किए हुए है अगर पर्ची बनवानी है तो १०० रूपये इसके अलावा दवाई दिलवाने ओर डॉक्टर को दिखाने के नाम पर भी रूपयों की मांग गार्ड या अन्य कर्मचारियों द्वारा की जाती है। सत्या शर्मा जब अस्पताल प्रशासन के साथ ओपीडी ब्लॉक में दाखिल हुए तो स्थिति उनके लिए असंजस की बन गयी, जब वहां मौजूद मरीजों ओर तीमारदारों ने एक सुर में इलाज के नाम पर पैसे मांगने की बात कही स अस्पताल के आलाधिकारी झेपते नजर आए। मरीजों ओर तीमारदारों ने बताया कि अगर कोई इनकी शिकायत करने की बात करता है तो गार्ड इकट्ठा होकर उसके साथ मार पीट तक करते हैं।

# पत्रकारों ने की मनजिंदर सिंह से मुलाकात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** वर्किंग जॉर्नलिस्ट ऑफ इंडिया के एक प्रतिनिधिमंडल ने दिल्ली सरकार में पर्यावरण, परिवहन, गुरुद्वारा चुनाव, अल्पसंख्यक मामलों तथा गुरमत शिक्षा मंत्री '' मनजिंदर सिंह सिरसा से औपचारिक भेंट की। इस दौरान दिल्ली के पत्रकारों से जुड़ी कई समस्याओं, चुनौतियों और उनके समाधान पर विस्तृत चर्चा हुई।

प्रतिनिधिमंडल ने खास तौर पर दिल्ली में पुराने वाहनों के मामले में सरकार के प्रयासों का उल्लेख किया, जिनके परिणामस्वरूप अदालत ने हाल ही में महत्वपूर्ण राहत प्रदान की है। यह राहत न केवल दिल्लीवासियों के लिए बल्कि लगातार फील्ड में रहने वाले पत्रकारों के लिए भी बड़ी सहूलियत लेकर आई है।मंत्री सिरसा के नेतृत्व में दिल्ली सरकार द्वारा पर्यावरण संरक्षण के लिए उठाए गए कदमों की सराहना की। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि पत्रकार समाज और लोकतंत्र की जिम्मेदारी निभाते हुए पर्यावरण को बचाने के लिए सरकार के साथ हर संभव सहयोग देंगे। मंत्री मर्नि. जंदर सिंह सिरसा ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता और सहजता से सुना। उन्होंने कहा कि पत्रकार लोकतंत्र का चौथा स्तंभ हैं, और उनकी समस्याओं पर दिल्ली सरकार संवेदनशीलता के साथ विचार करेगी। सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि उनके कार्य में आने वाली दिक्कतों का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाए।

इस प्रतिनिधिमंडल में राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय उपाध्याय,राष्ट्रीय महामंत्री नरेंद्र भंडारी,दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष संदीप शर्मा,दिल्ली प्रदेश महामंत्री देवेंद्र तोमर,नरेंद्र धवन, सुनील परिहारऔर ईश मालिक स्वतंत्र सिंह भुललर और कमल जीत सिंह वरिष्ठ फोटो पत्रकार शामिल थे। जमानत पर रिहा हुआ था। दूसरा आरोपी अविनाश उर्फ छोटा नया अपराधी है। आरोपी हथियार कहां से और किससे लाए थे। पुलिस आरोपियों से पूछताछ करके हथियार सप्लायरों को भी पकडने की कोशिश कर रही है।

## ऑनलाइन निवेश घोटाले का मास्टरमाइंड पकड़ा

**नई दिल्ली।** फेसबुक और टेलीग्राम के जरिए ऑनलाइन निवेश घोटाले में शामिल जालसाज बी.टेक मैकेनिकल इंजीनियरिंग कृष्ण कुमार को अपराध शाखा ने गिरफ्तार किया है। आरोपी ६.०३ करोड़ के एक हाई-प्रोफाइल ऑनलाइन निवेश घोटाले का मास्टरमाइंड था। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आरोपी कृष्ण कुमार ने फेसबुक के जरिए पीड़ितों को निशाना बनाया और उन्हें प्लस ५०० ग्लोबल सीएस नामक एक टेलीग्राम चौनल से जुडने के लिए प्रेरित किया। निजी समूहों में, पीडिघ्तों को विश्वास बनाने के लिए नकली मुनाफे के स्क्रीनशॉट, बनावटी ट्रेडिंग डैशबोर्ड और स्क्रिप्टेड चौट दिखाता था। इस मामले में पीड़ित को ६.०३ करोड़ निवेश करने के लिए राजी किया।

# नरेला स्विमिंग पूल मामले की तफ्तीश में जुटी पुलिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नरेला के लामपुर स्थित एमके स्विमिंग पूल परिसर में दो नौ साल की बच्चियों के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना सामने आने के बाद पुलिस अन्य अभिभावकों का भी पता कर यह जानने की कोशिश कर रही है कि अन्य बच्चियों के साथ यहां कुछ गलत तो नहीं हुआ।

नरेला में एमके स्विमिंग पूल में दो नौ साल की बच्चियों के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना सामने आने के बाद ठेकेदार अनिल और केयर टेकर मुनील को गिरफ्तार किये जा चुके हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने तकिये का कवर, चादर, आपत्तिजनक सामान और डीवीआर बरामद किए हैं। वहीं, पुलिस यह भी पता लगाने की कोशिश रही है कि आरो. पियों ने कहीं अन्य लड़कियों के साथ भी इस तरह की कोई हरकत तो नहीं की है। स्विमिंग पूल से करीब छह से सात किलोमीटर दूर रहने वाली दोनों नाबालिग बच्ची बस से नरेला स्थित इस स्विमिंग पूल पांच अगस्त को तैराकी करने आई थी। इससे पहले भी दोनों नाबालिग यहां एक बार आ चुकी थी।

बताया गया कि दूसरी बार आने पर ठेकेदार अनिल ने दोनों बच्चियों को पकड़ लिया। परिसर में बने एक कमरे में ले जाकर कमरा बंद कर दिया। फिर दोनों के साथ दुष्कर्म किया। जिसके बाद केयर टेकर मुनील ने भी दोनों बच्चियों के साथ दुष्कर्म किया। फिर दोनों को जान से मारने की धमकी देते हुए, किसी से नहीं बताने के लिए कहा। जिस समय आरोपी ने इस वारदात को अंजाम दिया।

# हज 2026 के लिए दिल्ली के 2071 यात्रियों का चयन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** हज कमेटी ऑफ इंडिया की ओर से हज-ए-बैतुल्लाह २०२६ के यात्रियों के चयन के लिए ऑनलाइन लॉटरी (कुर्रा) में जहाँ पूरे भारत से एक लाख हज यात्रियों का चयन हुआ है, वहीं दिल्ली स्टेट के कुल २०७१ हज आवेदकों को इस पवित्र सौभाग्य, हज-ए -बैतुल्लाह के लिए चुना गया है। इस अवसर पर चयनित यात्रियों को बधाई देते हुए हज कमेटी की चेयरपर्सन कौसर जहाँ ने कहा कि दिल्ली स्टेट हज कमेटी २०२६ के हज यात्रियों को हर प्रकार की सुविधाएं समय पर उपलब्ध कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है।

हज कमेटी के कार्यकारी अधिकारी अशफाक अहमद आरफी ने विस्तृत जानक. ारी देते हुए बताया कि ऑनलाइन लॉटरी प्रक्रिया के माध्यम से हज २०२६ के लिए चयनित २०७१ यात्रियों में विशेष श्रेणी के तहत ६५ वर्ष से अधिक आयु के ३६४ यात्री,

**■ हज खर्च की अग्रिम राशि 1,52,300 प्रति व्यक्ति जमा करानी होगी**

६५ वर्ष से अधिक आयु की बिना महरम महिलाओं के साथ एक साथी वाली श्रेणी में २ यात्री, ४५ वर्ष से अधिक आयु की बिना महरम महिलाओं की श्रेणी में २१ यात्री और सामान्य श्रेणी में १६८४ यात्रियों का चयन हुआ है।

इन सभी यात्रियों को आगामी २० अगस्त तक हज खर्च की अग्रिम राशि १,५२,३०० प्रति व्यक्ति हज कमेटी ऑफ इंडिया की वेबसाइट पर ऑनलाइन या भारतीय स्टेट बैंक या यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की किसी भी शाखा में जमा करनी होगी। इसके बाद अपने हज फॉर्म की प्रिंट कॉपी पर हस्ताक्षर कर, सफेद पृष्ठभूमि वाला रंगीन फोटो चिपक. ाकर, हलफनामा, कैंसिल चेक, पासपोर्ट की छायाप्रति, निर्धारित प्रारूप में मेडिकल सर्टिफिकेट और अन्य आवश्यक दस्तावेज संलग्न करके हज कमेटी के कार्यालय, हज मंजिल में जमा कराना अनिवार्य होगा।उन्होंने बताया कि हज यात्रियों की सुविधा के लिए मेडिकल सर्टिफिकेट जारी करने हेतु दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से, हज मंजिल (आसफ अली रोड) में मेडिकल कैंप का आयोजन किया जाएगा। यात्री चाहें तो किसी भी सरकारी अस्पताल, हेल्थ सेंटर या मोहल्ला क्लिनिक के सरकारी एलोपैथिक डॉक्टर से मेडिकल सर्टिफिकेट बनवाकर जमा कर सकते हैं। स्पष्ट हो कि हज २०२६ के लिए दिल्ली स्टेट में आवेदन करने वाले यात्रियों की संख्या ४,९७३ थी, जबकि दिल्ली में मुस्लिम आबादी के अनुपात में हज यात्रियों का कोटा १,२४१ है। चयनित कुल २०७१ यात्रियों में से ८३४ यात्रियों का चयन अन्य राज्यों के बचे हुए हज कोटे से मिली सीटों से हुआ है।

# खण्डेलवाल ने लॉन्च किया स्क्रीन प्रोटेक्टर टेम्पर्ड ग्लास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वोकल फॉर लोकल और आत्मनिर्भर भारत के विजन को साकार करते हुए, सांसद एवं कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खण्डेलवाल ने आज मोबा. इल फोनों के लिए उच्च-गुणवत्ता वाला, बीआइ 'एस- प्रमाणित टेम्पर्ड ग्लास स्क्रीन प्रोटेक्टर लॉन्च किया। इसे ऑप्टिमस इंफ्राकॉम लिमिटेड ने कॉर्निंग इंकॉर्पोरेटेड, यूएसएख्रजो विशेष ग्लास तकनीक में विश्व की अग्रणी कंपनी है-के सहयोग से विकसित किया है। दुनिया में पहली बार, भारतीय मानक ब्यूरो ने "रासायनिक रूप से टेम्पर्ड ग्लास स्क्रीन प्रोटेक्टर" के लिए विशेष गुणवत्ता मानक लागू किए हैं, जिससे एकरूपता, टिकाऊपन और उपभोक्ता सुरक्षा सुनिश्चित होगी। यह स्क्रीन प्रोटेक्टर इन कठोर मानकों पर खरा उतरता है और इसमें हर पीस पर 'फॉग मार्किंग' निर्माता ब्रांडिंग दी गई है, जिससे ग्राहक आसानी से असली उत्पाद की पहचान कर सकें और नकली से बच सकें। उत्पाद का शुभारंभ करते हुए खण्डेलवाल ने कहा यह केवल एक उत्पाद का शुभारंभ नहीं, बल्कि भारत के लिए गर्व का क्षण है।


**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा (ई-प्रोक्यूर्मेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

निम्नलिखित कार्य के लिये वरिष्ठ मंडल अभियंता/III, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल में ई-निविदा आमंत्रण।

| | |
|---|---|
| 1 | **कार्य का नाम :** सीनियर एडीईएन/एनडीएलएस के अधीन एसएसई/डब्ल्यू/एनडीएलएस/स्टेशन के सेक्शन में नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर, नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के सर्कुलेशन क्षेत्र, पीजी और एजी साइड, स्टेशन साइडिंग, पौधों आदि में लैंडस्केपिंग और बागवानी कार्य की मरम्मत और रखरखाव, और एसएसई/डब्ल्यू/एएनवीटी के सेक्शन में आनंद विहार रेलवे टर्मिनल के मुख्य पहुंच मार्ग, कॉनकोर्स क्षेत्र और सबवे पहुंच मार्ग पर लैंडस्केपिंग और बागवानी कार्य की मरम्मत और रखरखाव का कार्य, एक वर्ष के लिए। |
| 2 | **कार्य की अनुमानित लागत :** रु. 2,19,45,600.00 (रुपये दो करोड़ उन्नीस लाख पैंतालीस हज़ार छः सौ मात्र) |
| 3 | **बयाना राशि :** रु. 2,59,700/- (रुपये दो लाख उनसठ हज़ार सात सौ मात्र) |
| 4 | **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** रु. 0.00 |
| 5 | **निविदा बोली प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की तिथि और समय :** 05.09.2025 को 15:00 तक। |
| 6 | **वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है :** निविदा **www.ireps.gov.in** वेबसाइट पर उपलब्ध। |
| 7 | **आवंटन :** 04-410-32 |

• ठेकेदारों को ई-टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम (IREPS) साइट यानी **www.ireps.gov.in** के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए। • सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें। • मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेगी। • निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी।

सं.: 128-W/280/ई-निविदा सूचना/26-2025-26/W-3 दिनांक: 13.08.2025 2475/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**स्वतंत्रता दिवस एवं जन्माष्टमी त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ**

स्वतंत्रता दिवस और जन्माष्टमी त्यौहारों के अवसर पर रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन के लिए रेलवे द्वारा निम्नलिखित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों का संचालन किया जा रहा है, जिनकी समय-सारणी निम्नानुसार है:-

**रेलगाड़ी सं. 01707/01708 जबलपुर - हजरत निजामुद्दीन - जबलपुर एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी — 04 फेरे**

| गाड़ी सं. 01707 आगमन | गाड़ी सं. 01707 प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 01708 आगमन | गाड़ी सं. 01708 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 18:30 | जबलपुर | 08:10 | ---- |
| 11:10 | ---- | हजरत निजामुद्दीन | ---- | 12:30 |

चलने के दिन: **01707 जबलपुर** से दिनांक 14.08.2025 व 17.08.2025 (गुरुवार व रविवार) को तथा **01708 हजरत निजामुद्दीन** से दिनांक 15.08.2025 व 18.08.2025 (शुक्रवार व सोमवार) को।
ठहराव: कटनी मुड़वारा, दमोह, सागर, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी जं., ग्वालियर जं., आगरा छावनी एवं मथुरा जं. स्टेशन।
स्थान: वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

**रेलागड़ी सं. 04415/04416 दिल्ली जं. - रींगस जं. - दिल्ली ज. आरक्षित एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी — 06 फेरे**

| गाड़ी सं. 04415 आगमन | गाड़ी सं. 04415 प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 04416 आगमन | गाड़ी सं. 04416 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 20:40 | दिल्ली जं. | 13:45 | ---- |
| 04:30 | ---- | रींगस जं. | ---- | 05:05 |

चलने के दिन: **04415 दिल्ली जं.** से दिनांक 14, 15 व 16.08.2025 को तथा **04416 रींगस जं.** से दिनांक 15, 16 व 17.08.2025 को।
ठहराव: दिल्ली सराय रोहिल्ला, दिल्ली छावनी, गुड़गांव, पटौदी रोड, रेवाड़ी जं., महेंद्रगढ़, लोहारु, चिड़ावा, झुंझुनू, नवलगढ़ एवं सीकर जं. स्टेशन। स्थान: शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

22/4 add

**रेलगाड़ी सं. 04418/04417 हज़रत निज़ामुद्दीन - वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी जं. - हज़रत निज़ामुद्दीन आरक्षित एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी — 06 फेरे**

| गाड़ी सं. 04418 आगमन | गाड़ी सं. 04418 प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 04417 आगमन | गाड़ी सं. 04417 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 17:35 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 12:45 | ---- |
| 03:10 | ---- | वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी जं. | ---- | 03:45 |

चलने के दिन: **04418 हज़रत निज़ामुद्दीन** से दिनांक 14, 15 व 16.08.2025 को तथा **04417 वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी जं.** से दिनांक 15, 16 व 17.08.2025 को।
ठहराव: फ़रीदाबाद, पलवल, कोसी कलां, मथुरा जं., आगरा छावनी एवं ग्वालियर जं. स्टेशन। स्थान: शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

**रेलगाड़ी सं. 04422/04421 हज़रत निज़ामुद्दीन - मथुरा जं. - हज़रत निज़ामुद्दीन अनारक्षित विशेष रेलगाड़ी — 04 फेरे**

| गाड़ी सं. 04422 आगमन | गाड़ी सं. 04422 प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 04421 आगमन | गाड़ी सं. 04421 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 10:30 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 17:30 | ---- |
| 13:30 | ---- | मथुरा जं. | ---- | 14:00 |

चलने के दिन: **04422 हज़रत निज़ामुद्दीन** से दिनांक 15 व 16.08.2025 को तथा **04421 मथुरा जं.** से दिनांक 15 व 16.08.2025 को।
ठहराव: ओखला, तुगलकाबाद, फ़रीदाबाद, फ़रीदाबाद न्यू टाउन, बल्लभगढ़, असावटी, पलवल, रूँधी, शोलाका, बनचारी, होडल, कोसी कलां, छाता, अझई, वृंदाबन रोड और भूतेश्वर स्टेशन।
स्थान: सामान्य श्रेणी।

**रेलगाड़ी सं. 04424/04423 हज़रत निज़ामुद्दीन - मथुरा जं. - हज़रत निज़ामुद्दीन अनारक्षित विशेष रेलगाड़ी — 04 फेरे**

| गाड़ी सं. 04424 आगमन | गाड़ी सं. 04424 प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 04423 आगमन | गाड़ी सं. 04423 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 09:45 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 16:30 | ---- |
| 12:40 | ---- | मथुरा जं. | ---- | 13:00 |

चलने के दिन: **04424 हज़रत निज़ामुद्दीन** से दिनांक 15 व 16.08.2025 को तथा **04423 मथुरा जं.** से दिनांक 15 व 16.08.2025 को।
ठहराव: ओखला, तुगलकाबाद, फ़रीदाबाद, फ़रीदाबाद न्यू टाउन, बल्लभगढ़, असावटी, पलवल, रूँधी, शोलाका, बनचारी, होडल, कोसी कलां, छाता, अझई, वृंदाबन रोड और भूतेश्वर स्टेशन।
स्थान: सामान्य श्रेणी।

**रेलगाड़ी सं. 04420/04419 दिल्ली जं. - वाराणसी - दिल्ली जं. आरक्षित एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी — 02 फेरे**

| गाड़ी सं. 04420 आगमन | गाड़ी सं. 04420 प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 04419 आगमन | गाड़ी सं. 04419 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 22:20 | दिल्ली जं. | 09:05 | ---- |
| 09:25 | 09:35 | लखनऊ जं. | 22:35 | 22:45 |
| 15:20 | ---- | वाराणसी | ---- | 17:20 |

चलने के दिन: **04420 दिल्ली जं.** से दिनांक 14.08.2025 को तथा **04419 वाराणसी जं.** से दिनांक 15.08.2025 को।
ठहराव: नई दिल्ली, गाजियाबाद, हापुड़, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, शाहजहाँपुर, लखनऊ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन।
स्थान: प्रथम वाता., वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, वाता. 3 टीयर इकॉनोमी, शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

**रेलगाड़ी सं. 04145/04146 सूबेदारगंज - आनंद (ट.) - सूबेदारगंज सुपरफास्ट विशेष रेलगाड़ी — 04 फेरे**

| 4145 आगमन | 4145 प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 04146 आगमन | गाड़ी सं. 04146 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 08:00 | सूबेदारगंज | 06:30 | ---- |
| 17:30 | ---- | आनंद विहार (ट.) | ---- | 19:30 |

चलने के दिन: **04145 सूबेदारगंज** से दिनांक 14 व 16.08.2025 को तथा **04146 आनंद विहार (ट.)** से दिनांक 14 व 16.08.2025 को।
ठहराव: फ़तेहपुर, गोविंदपुरी, टूण्डला ज., अलीगढ़ जं., खुर्जा जं. और गाजियाबाद स्टेशन।
स्थान: वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

**रेलगाड़ी सं. 14212/14211 नई दिल्ली - आगरा छावनी - नई दिल्ली इंटरसिटी एक्सप्रेस का ग्वालियर तक विस्तार**

| गाड़ी सं. 14212 आगमन | गाड़ी सं. 14212 प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 14211 आगमन | गाड़ी सं. 14211 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 17:40 | नई दिल्ली | 10:00 | ---- |
| 21:30 | 21:35 | आगरा छावनी | 03:40 | 05:30 |
| 22:23 | 22:25 | धौलपुर | 02:10 | 02:12 |
| 23:03 | 23:05 | मुरेना | 01:30 | 01:32 |
| 23:45 | ---- | ग्वालियर | ---- | 01:00 |

• **रेलगाड़ी सं. 14212** नई दिल्ली – आगरा छावनी इंटरसिटी एक्सप्रेस आगरा छावनी से दिनांक 14.08.2025 से 16.08.2025 (3 दिन) तक **ग्वालियर तक** जाएगी।
• **रेलगाड़ी सं. 14211** आगरा छावनी – नई दिल्ली इंटरसिटी एक्सप्रेस दिनांक 15.08.2025 से 17.08.2025 (3 दिन) तक **ग्वालियर से** प्रस्थान करेगी।

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें।

पर हमें फॉलो करें

**उत्तर रेलवे** आपकी सुविधा-हमारा ध्येय

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# मोनाड यूनिवर्सिटी पर बड़ी कार्रवाई, पीएचडी पर लगी रोक

## लगातार मिल रही शिकायतों के बाद यूजीसी ने की कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पिलखुवा क्षेत्र के मोनाड विश्वविद्यालय को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग यानी यूजीसी ने एक बड़ा झटका दिया है। यूजीसी ने विश्वविद्यालय के पीएचडी प्रोग्राम पर अगले पांच साल 2025-26 से 2029-30 के लिए तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। यह फैसला विश्वविद्यालय में लगातार मिल रही शैक्षणिक अनियमितताओं की शिकायतों के बाद लिया गया है।

यूजीसी के अनुसार मोनाड विश्वविद्यालय पीएचडी विनियमों और शैक्षणिक मानदंडों का पालन नहीं कर रहा था। विश्वविद्यालय के खिलाफ मिली शिकायतों की जांच के लिए यूजीसी ने एक समिति बनाई थी, जिसकी रिपोर्ट में नियमों के उल्लंघन की पुष्टि हुई। विश्व. विद्यालय को अपनी सफाई देने का मौका भी दिया गया था, लेकिन उसका जवाब संतोषजनक नहीं था। इसी कारण यूजीसी ने यह सख्त कदम उठाया। यूजीसी ने छात्रों और अभिभावकों को सलाह दी है कि वे मोनाड विश्वविद्यालय के पीएचडी प्रोग्राम में दाखिला न लें। यूजीसी ने साफ कर दिया है कि इस विश्व. विद्यालय से प्राप्त होने वाली पीएचडी डिग्री को मान्यता नहीं मिलेगी, जिससे छात्रों का समय और पैसा दोनों बर्बाद हो सकता है। यूजीसी की इस कार्रवाई से मोनाड विश्वविद्यालय की साख पर एक बार फिर सवाल उठ गए हैं। यह विश्वविद्यालय पहले भी कई बार विवादों में रह चुका है। अब प्रशासन पर अपने शैक्षणिक मानकों में सुधार करने और यूजीसी के नियमों का पालन करने का दबाव बढ़ गया है।




# अज्ञात वाहन की टक्कर से पिकअप चालक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पिलखुवा कोतवाली क्षेत्र के नेशनल हाईवे-9 पर पिलर नंबर 114 के पास सड़क किनारे गाड़ी का टायर बदल रहे पिकअप चालक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में पिकअप चालक की दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्ज़े में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और अज्ञात वाहन की तलाश कर रही है।

जानकारी के अनुसार पिलर नंबर 114 के पास ग़ाज़ियाबाद से हापुड़ की ओर जा रही टमाटर से लदी एक महिंद्रा पिकअप का टायर अचानक पंचर हो गया। जनपद बहराइच के थाना नानपारा बरगदिया निवासी चालक शाहिद पुत्र जामिन ने वाहन को सड़क किनारे रोककर टायर बदलना शुरू किया। तभी एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन शाहिद को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि शाहिद मौके पर ही गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़े और आरोपी चालक मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद पिलखुवा कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस शाहिद को अस्पताल ले गई जहाँ डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पिलखुवा कोतवाली प्रभारी निरीक्षक पटनीश कुमार ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है। फरार वाहन और चालक की पहचान के लिए हाईवे पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही दोषी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पुलिस ने पिकअप वाहन को कब्जे में लेकर मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हादसे की खबर मिलते ही मृतक शाहिद के परिजनों में कोहराम मच गया है और वे बहराइच से पिलखुवा के लिए रवाना हो चुके हैं। इस घटना ने एक बार फिर नेशनल हाईवे-9 पर सड़क सुरक्षा के मुद्दे को सामने ला दिया है। इस हाईवे पर पहले भी कई गंभीर हादसे हो चुके हैं। जिनमें सड़क किनारे खड़े खराब वाहनों को तेज रफ्तार गाड़ियों द्वारा टक्कर मारना शामिल है। स्थानीय लोग और विशेषज्ञ इस हाईवे पर सड़क सुरक्षा उपायों को और सख्त करने की मांग कर रहे हैं।

# सरस्वती इंस्टीट्यूट में एंटी-रैगिंग सप्ताह की शुरुआत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पिलखुवा के अनवरपुर स्थित सरस्वती इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज़ ने एंटी-रैगिंग सप्ताह की शुरुआत एंटी-रैगिंग डे के आयोजन के साथ की है, जिसका उद्देश्य छात्रों के लिए एक सुरक्षित और रैगिंग-मुक्त वातावरण बनाना है।

इस पहल में जागरूकता और सकारात्मकता पर जोर दिया गया है। कार्यक्रम में प्राचार्य डा. बर्खा गुप्ता ने छात्रों को रैगिंग के गंभीर परिणामों के बारे में बताया और कहा कि रैगिंग एक अपराध है जिसके खिलाफ संस्थान में कड़ी नीति है। वरिष्ठ सलाहकार डा. साहगल ने सरस्वती इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज़ द्वारा अपनाए गए एंटी-रैगिंग उपायों, जैसे हेल्पलाइन नंबर और मेंटरिंग प्रोग्राम, के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में छात्रों ने एक नुक्कड़ नाटक के माध्यम से रैगिंग के नकारात्मक प्रभावों को दिखाया और नए छात्रों के स्वागत में मित्रता और सम्मान का संदेश दिया। कार्यक्रम में एक सेल्फी कॉर्नर भी स्थापित किया गया था, जहाँ छात्रों और शिक्षकों ने एंटी-रैगिंग संदेशों के साथ तस्वीरें खिंचवाईं। इस सप्ताह का लक्ष्य छात्रों और शिक्षकों के बीच अनुशासन और मित्रता को बढ़ावा देना है, जिससे सरस्वती इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज़ परिसर में रैगिंग के खिलाफ एक मजबूत और सामूहिक संकल्प पैदा हो सके।



# जिलाधिकारी ने जन चौपाल में सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय ने विकासखंड धौलाना की ग्राम पंचायत दहिरपुर/रज्जाकपुर में एक जन चौपाल का आयोजन किया। इस चौपाल में उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और अधिकारियों को उनके समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जन चौपाल में ग्रामीणों ने प्रमुख समस्याएँ उठाई। ग्रामीणों ने पंचायत घर, नालियों की मरम्मत, और गलियों में जल भराव जैसी समस्याओं के बारे में बताया। कई लोगों ने पेंशन और कृषि सम्मान निधि जैसी सरकारी योजनाओं का लाभ न मिलने की शिकायत की। एक ग्रामीण, संदीप कुमार ने गांव में खराब लाइटों, खराब नालियों, और साफ-सफाई की कमी की समस्या से अवगत कराया। एक बच्ची ने स्कूल में दीवार न होने की समस्या बताई, जिससे उन्हें कई परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को सभी समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए निर्देश दिए। उन्होंने स्कूल की बाउंड्री वॉल को जल्द से जल्द बनवाने का निर्देश दिया। उन्होंने जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, और कृषि अधिकारी को 15 से 18 अगस्त के बीच गांव में एक कैंप लगाने का निर्देश दिया ताकि ग्रामीण अपनी समस्याओं को सीधे अधिकारियों के सामने रख सकें। 15 अगस्त के उपलक्ष्य में ग्रामीणों को गांव में स्वच्छता अभियान चलाने के लिए भी प्रोत्साहित किया गया। जन चौपाल के अंत में जिलाधिकारी ने आरती और रोशनी की गोद भराई की रस्म में भी हिस्सा लिया।



# पिज्जा कैफे में प्रेमी युगल से मारपीट के चार आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर कोतवाली क्षेत्र के प्रीगंज रोड पर स्थित एक पिज्जा कैफे में मंगलवार को हुई मारपीट की घटना के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह घटना तब सामने आई जब इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

जानकारी के अनुसार मंगलवार की दोपहर एक युवक और एक युवती पिज्जा कैफे में बैठकर बात-चीत कर रहे थे। तभी अचानक चार युवक लाठी-डंडे लेकर वहां पहुँचे और युवक पर हमला कर दिया। मारपीट के दौरान एक हमलावर ने युवती पर भी हमला किया। इसके बाद हमलावरों ने दोनों को कैफे से बाहर घसीटकर भी पीटा। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद थाना प्रभारी निरीक्षक मुनीश प्रताप सिंह ने वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए आरोपियों की पहचान की और उसी दिन एक आरोपी को हिरासत में ले लिया। फरार चल रहे तीन अन्य आरोपियों को बुधवार को दबिश देकर गिरफ्तार कर लिया गया। थाना प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि पुलिस की असामाजिक तत्वों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति है। उन्होंने आश्वासन दिया कि भविष्य में भी ऐसी घटनाओं पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया है।



# नशा मुक्त भारत की एसपी ने पुलिस कर्मियों को दिलाई शपथ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नशा मुक्ति भारत अभियान की 5वीं वर्षगांठ के अवसर पर एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय पर पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारीगणों को नशीले पदार्थों के दुरुपयोग से अवगत कराते हुए नशीले पदार्थों का सेवन न करने की शपथ दिलाई। जिसका उद्देश्य नशीले पदार्थों के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ जागरूकता बढ़ाना है।

इस अभियान के तहत एसपी ने पुलिस कार्यालय में अधिकारियों और कर्मचारियों को नशा न करने की शपथ दिलाई। जिले के सभी थानों में भी पुलिसकर्मियों ने यह शपथ ली। एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने पुलिसकर्मियों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से बताया और इसे खत्म करना की आवश्यकता पर जोर दिया। पुलिसकर्मियों ने शपथ ली कि वे न केवल स्वयं नशीले पदार्थों का सेवन नहीं करेंगे, बल्कि समाज में इसके खिलाफ जागरूकता भी फैलाएंगे। शपथ कार्यक्रम में एएसपी विनीत भटनागर समेत कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। एसपी ने कहा कि अपराध मुक्त और नशा मुक्त समाज के लिए सभी को मिलकर काम करना होगा। उन्होंने नशे को अपराध का एक प्रमुख कारण बताया और समाज को इस बुराई के खिलाफ एकजुट होने का आह्वान किया।



## एक नजर

### गांव असौड़ा में तिरंगा यात्रा व शहीद स्मारक स्वच्छता अभियान का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** भारतीय जनता पार्टी हापुड़ देहात मंडल ने ग्राम असौड़ा में तिरंगा यात्रा और शहीद स्मारक स्वच्छता अभियान का आयोजन किया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने ग्राम असौड़ा के शहीद स्तंभ की साफ-सफाई की। इसके बाद तिरंगा चौक से पुराने महल तक, लगभग डेढ़ किलोमीटर लंबी तिरंगा यात्रा निकाली गई, जिसमें सैकड़ों लोगों ने भाग लिया।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के क्षेत्रीय महामंत्री विकास अग्रवाल और पूर्व अध्यक्ष मालती भारती थीं। मंडल अध्यक्ष दिनेश त्यागी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष राकेश त्यागी, किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष अमित सिवाल, मंडल के महामंत्री अमित चौधरी, पूर्व जिला अध्यक्ष मुनेश त्यागी और वरिष्ठ कार्यकर्ता महेश शर्मा सहित कई अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### हर घर तिरंगा अभियान के तहत गांव श्यामपुर में निकाली गई जागरूकता रैली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना देहात क्षेत्र के गांव श्यामपुर में हर घर तिरंगा अभियान के तहत बुधवार को प्राइमरी विद्यालय में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बच्चों को मुफ्त में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा बांटे गए। बच्चों ने हाथों में तिरंगा लेकर पूरे गाँव में एक जागरूकता रैली निकाली और भारत माता की जय और वंदे मातरम जैसे नारे लगाए। विद्यालय के सभी बच्चों को तिरंगे दिए गए ताकि वे अपने घरों पर इन्हें फहरा सकें। बच्चों ने पूरे गाँव में घूमकर हर घर तिरंगा अभियान और देश के प्रति सम्मान का संदेश फैलाया। इस कार्यक्रम में थाना देहात प्रभारी विजय गुप्ता, भाजपा के वरिष्ठ नेता हरकुल सिंह, स्कूल के शिक्षक और छात्र-छात्राएं शामिल थे। इस अभियान का उद्देश्य नागरिकों में राष्ट्रीय गौरव और एकता की भावना को मजबूत करना है। गाँव के लोगों ने बच्चों के जोश और उत्साह की सराहना की और इस अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया।

### नाबालिग लड़की से दुष्कर्म के दोषी को 20 साल की सज़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** बुधवार को नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को न्यायालय ने 20 साल की सज़ा सुनाते हुए 10 हज़ार रुपये के अर्थदण्ड की सज़ा सुनाई है।

अभियोजन विभाग से शासकीय अधिवक्ता हरेन्द्र कुमार त्यागी ने बताया कि 28 मई 2023 को आरोपी प्रिंस पुत्र प्रताप सिंह निवासी ग्राम बछलौता थाना बाबूगढ़ जनपद हापुड़ द्वारा नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म करने की दुस्साहसिक घटना कारित की गई थी जिसके सम्बन्ध में थाना बाबूगढ़ पर मुकदमा दर्ज किया गया था। बुधवार को न्यायालय एडीजे/स्पेशल पॉक्सो एक्ट प्रथम हापुड़ द्वारा 20 वर्ष का सश्रम कारावास व 10 हज़ार रुपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई गई।

### साइबर ठगी के शिकार पीड़ित को वापस कराए ठगी के 50 हज़ार रुपये

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** गढ़मुक्तेश्वर में साइबर ठगी के शिकार पीड़ित को गढ़मुक्तेश्वर की साइबर सेल द्वारा ठगी किए गए 50 हज़ार रुपये बुधवार को वापस करा दिए गए।

थाना प्रभारी निरीक्षक नीरज कुमार ने बताया कि ऐजाउल्लाह अंसारी पुत्र तसलीम अंसारी निवासी मुरहाघाट थाना सीतामढ़ी बिहार व हाल निवासी मौहल्ला राजीव नगर थाना गढ़मुक्तेश्वर जनपद हापुड़ द्वारा साइबर ठगों द्वारा यूपीआई के माध्यम से ठगी करने की शिकायत दर्ज कराई गई थी। जिसमे बताया गया था कि साइबर ठगों ने यूपीआई के माध्यम से धोखाधड़ी कर यूपीआई के माध्यम से 50 हज़ार रुपये ट्रांसफर करा लिए थे। लेकिन जब रुपया वापस नहीं हुआ तो उसे ठगी का एहसास हुआ। बैंक प्रबंधन से खाता धारक की जानकारी ली गई। इसके बाद थाने की साइबर सेल ने राशि वापस कराई गई। वापस की गई 50 हज़ार रुपये की धनराशि पीड़ित ऐजाउल्लाह अंसारी को बुधवार को सौंप दी। जिसके बाद पीड़ित ने पुलिस का आभार व्यक्त किया।

# नगर पालिका पुस्तकालय में सुधार के लिए बजट को मिली मंजूरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** डेमोक्रेटिक यूथ फेडरेशन ऑफ इंडिया की मांग के बाद हापुड़ नगर पालिका पुस्तकालय में सुधार के लिए बजट को मंज़ूरी दे दी गई है।

जिलाधिकारी ने पुस्तकालय में एयर कंडीशनर, बैटरी, वाई-फाई और नई पुस्तकों के लिए धनराशि स्वीकृत की है। इस महत्वपूर्ण कदम के उपलक्ष्य में डेमोक्रेटिक यूथ फेडरेशन ऑफ इंडिया ने एक सम्मान समारोह आयोजित कर जिलाधिकारी को सम्मानित किया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व वरिष्ठ नेता कॉमरेड पुनीत शर्मा ने किया। इस दौरान संगठन के कई अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। डेमोक्रेटिक यूथ फेडरेशन ऑफ इंडिया ने इस पहल को पुस्तकालय के आधुनिकीकरण और शैक्षिक सुविधाओं के उन्नयन की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताया। संगठन का मानना है कि इन नई सुविधाओं से छात्रों और स्थानीय नागरिकों, दोनों को ही एक बेहतर अध्ययन वातावरण मिलेगा।



# हिमांशु सिंहल बने रोटरी क्लब गाजियाबाद सिटी के नए अध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता।**

**हापुड़ / गाज़ियाबाद।** रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद सिटी का प्रतिष्ठित गवर्नर ऑफिशियल विज़िट एवं इंस्टॉलेशन सेरेमनी का आयोजन एमरल्ड ग्रीन्स, तरंग हॉल, गोविंदपुरम, गाजियाबाद में भव्य रूप से संपन्न हुआ। इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन डा. अमिता मोहिंद्रू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उनके साथ कैप्टन अनिल मोहिंद्रू भी विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए।

कार्यक्रम में रोटेरियन डा. हिमांशु सिंहल ने रोटरी वर्ष 2025-26 के लिए अध्यक्ष का पदभार संभाला, जबकि रोटेरियन अखिल गर्ग ने सचिव का दायित्व ग्रहण किया। पूर्व अध्यक्ष एवं पूर्व सचिव ने अपने कार्यकाल की उपलब्धियों को साझा किया और नए नेतृत्व को शुभकामनाएं दीं। मुख्य अतिथि डा. अमिता मोहिंद्रू ने अपने संबोधन में कहा कि रोटरी क्लब का कार्य समाज सेवा के नए आयाम स्थापित कर रहा है और गाजियाबाद सिटी क्लब की सक्रियता, एकता और सेवा-भाव सराहनीय है। उन्होंने नए अध्यक्ष हिमांशु सिंहल एवं उनकी टीम को बधाई देते हुए आशा व्यक्त की कि आने वाला वर्ष सेवा परियोजनाओं और सामुदायिक कल्याण के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियों से भरा होगा। नवनियुक्त अध्यक्ष डा. हिमांशु सिंहल ने अपने संबोधन में कहा कि वे इस वर्ष रक्तदान शिविर, व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र, करियर काउंसलिंग कार्यक्रम, एवं स्कूल गोद लेने जैसी कई प्रभावशाली परियोजनाओं पर काम करेंगे। उन्होंने सभी सदस्यों से अपील की कि वे समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के इस मिशन में सक्रिय भूमिका निभाएं। कार्यक्रम में शहर के अनेक गणमान्य नागरिक, रोटरी सदस्य, उनके परिजन और आमंत्रित अतिथि उपस्थित रहे। समारोह के अंत में सभी ने सामूहिक भोज का आनंद लिया और नए नेतृत्व को शुभकामनाएं दीं।



# डीएम ने किया पूर्व सैनिकों को सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** बुधवार को डीएम और जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी अभिषेक पाण्डेय की अध्यक्षता में जिला सैनिक बंधु की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में पूर्व सैनिकों की समस्याओं पर चर्चा की गई और उन्हें सम्मानित किया गया।

इस दौरान वीर बलिदानियों का सम्मान किया गया। इस दौरान वारंट ऑफिसर मनवीर सिंह ने शहीदों के सम्मान में कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर ध्यान आकर्षित किया। जिनमें शहीद प्रतिमाओं/सड़कों का नामकरण, हापुड़ में शहीद पार्क का नामकरण, शहीद प्रतिमा स्थलों की साफ-सफाई और ईसीएचएस पॉलीक्लिनिक की सुविधाएं शामिल थीं। डीएम अभिषेक पाण्डेय ने पूर्व सैनिकों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल करने का आश्वासन दिया। बैठक के अंत में डीएम ने सभी पूर्व सैनिकों को तिरंगा भेंट किया और उनसे अपने प्रतिष्ठानों पर इसे फहराने का आग्रह किया। इस बैठक में ईडीएम बाबूगढ़ के एडीएम कमांडेंट लेफ्टिनेंट कर्नल संगमा, वारंट ऑफिसर मनवीर सिंह, कैप्टन राजेश, कैप्टन महीपाल सिंह, और अन्य कई पूर्व सैनिक व अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक का संचालन जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल विवेक सिंह ने किया।



# शाही शिकंजी में मिलावटखोरी का शक, खाद्य सुरक्षा विभाग ने लिए नमूने

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जिलाधिकारी अभिषेक पांडे के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने शहर में मिलावटखोरी पर नकेल कसने के लिए सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। इसी क्रम में बुधवार को सब्ली गेट स्थित त्यागी मार्केट में मशहूर शाही शिकंजी की दुकान पर छापेमारी की गई।

छापेमारी के दौरान टीम ने मिल्क बादाम, बिरयानी और चाट मसाला के नमूने एकत्र किए। सूत्रों के अनुसार, मिल्क बादाम में मिलावट की आशंका जताई जा रही है, जबकि बिरयानी और चाट मसाले की गुणवत्ता पर भी सवाल खड़े हुए हैं। सभी नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है। खाद्य सुरक्षा विभाग का कहना है कि रिपोर्ट में गड़बड़ी की पुष्टि होने पर दुकान मालिक के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। आम लोगों ने भी खाद्य सुरक्षा विभाग से मिलावटखोरों पर त्वरित कार्रवाई की मांग की है, ताकि लोगों की सेहत से खिलवाड़ न हो सके।



# पांच मंजिला इमारत में लगी भीषण आग



■ बिल्डिंग के ऊपर काले धुएं का गुबार मौके पर पहुंची फायर विभाग की टीम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** नोएडा में पांच मंजिला इमारत में भीषण आग लग गई। आग बिल्डिंग की चौथी फ्लोर के एक फ्लैट में लगी है। आग लगने का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। सूचना मिलते ही मौके पर फायर विभाग की टीम पहुंची है।

बताया जा रहा कि आग लगने से सिलेंडर ब्लास्ट भी हुआ है। फायर विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई है। मौके पर पूरी बिल्डिंग को खाली करा लिया गया है। इलाके में कई किलोमीटर तक काले धुएं का गुबार दिखाई दे रहा है। बिल्डिंग के आस-पास के इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बना हुआ है। मामला थाना सेक्टर- 113 इलाके के सर्फाबाद का है।

सीएफओ प्रदीप कुमार के बताया- थाना सेक्टर-113 क्षेत्र में सर्फाबाद में एक बंद फ्लैट की चौथी मंजिल पर बैटरी फटने से आग लग गई थी। सूचना पर आग को फायर ब्रिगेड की 04 गाड़ियों द्वारा बुझा दिया गया है। कोई जनहानि नहीं है। दोपहर 1:36 पर सूचना मिली थी कि यहां प्राथमिक जांच में सामने आग बैटरी फटने से लगी। जिससे सिलेंडर में भी आग लग गई। जिससे तेजी से आग फैल गई।

मौके पर दमकल की चार गाड़ियों को भेजा गया है। करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। राहत की बात ये है कि आग में कोई फंसा नहीं है। नहीं कोई जनहानि हुई है। आप ज्यादा फैल गई थी इसीलिए नीचे के 3 फ्लोर को भी खाली करा लिया गया था। जिस फ्लैट में आग लगी, उसमें स्टूडेंट रहते हैं।

## फर्नीचर कंपनी में लगी आग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-10 स्थित एमपीवी टावर के ऊपरी मंजिल पर आग लग गई। आग की वजह अभी स्पष्ट नहीं है। शुरुआती जांच में शॉट सर्किट ही आग की वजह सामने आ रही है। आसपास के लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस और दमकल विभाग को दी। मौके पर अगल-अलग स्टेशनों से दस गाड़ियों को भेजा गया। जिसमें मॉडर्न मशीन भी शामिल है। आग को करीब डेढ़ घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद बुझा दिया गया।

सीएफओ प्रदीप कुमार ने बताया कि सेक्टर-10 की कंपनी में आग लगने की और लोगों के फंसे होने की जानकारी मिली थी। इसके बाद तत्काल फायर की गाड़ियों को भेजा गया। आग ऊपरी तल पर लगी थी। नीचे फर्नीचर का काम होता है। इसलिए आग तेजी से फैली। इसे दमकल की मदद से बुझा दिया गया। इसके बाद फायर शूट और ऑक्सीजन लेकर फायर अधिकारी और कर्मी अंदर गए। वहां सर्च किया गया। आग में कोई फंसा नहीं था। न ही कोई जनहानि हुई। हालांकि इसमें रखा माल जलकर राख हो गया।

सीएफओ ने बताया कि- अलग-अलग स्टेशनों से गाड़ियों भेजा गया था। आग बड़ी थी, इसलिए सावधानी के तौर पर आसपास के इमारतों पर पानी का छिड़काव किया गया । साथ उन इमारतों के कर्मियों को भी बाहर कर दिया गया था। हालांकि वहां तक आग नहीं पहुंची। इससे पहले ही पूरी तरह से आग को बुझा दिया गया। फिलहाल कोई भी जनहानि नहीं है।

# जल्द लोकार्पित होंगी 3000 करोड़ से अधिक की विकास परियोजनाएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण क्षेत्र में यातायात सुधार, सुगम आवागमन, अवस्थापना विकास और जीवन स्तर को बेहतर बनाने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण परियोजनाएं जल्द ही लोकार्पित या शिलान्यास के लिए तैयार हैं।

बता दें कि भंगेल एलिवेटेड रोड अगाहपुर पेट्रोल पंप से एनएसईजेड तक 608 करोड़ रुपये की लागत से बनी यह सड़क जल्द शुरू होगी, जिससे डीएससी मार्ग पर जाम की समस्या कम होगी और नोएडा-ग्रेटर नोएडा यातायात सुगम होगा। इसके अलावा चिल्ला एलिवेटेड रोड दिल्ली के चिल्ला रेगुलेटर से महामाया फ्लाईओवर तक 5.54 किमी लंबी 6-लेन सड़क का निर्माण कार्य प्रगति पर है। दिसंबर 2027 तक पूरा होने की उम्मीद। एक्सप्रेस-वे पर 88.11 करोड़ और 72.10 करोड़ की लागत से दो अंडरपास जल्द शुरू होंगे।

**मेट्रो विस्तार का होगा विस्तार:** डिपो स्टेशन से बोराकी एमएमटीएच तक 2.60 किमी का विस्तार निर्माणाधीन। बॉटनिकल गार्डन से सेक्टर-142 तक 11.56 किमी का प्रस्तावित कॉरिडोर, लागत 2,254.35 करोड़।सेक्टर-51 से नॉलेज पार्क-ट तक 17.435 किमी का विस्तार प्रस्तावित, लागत 2,991.60 करोड़।

**ये प्रोजेक्ट भी होंगे पूरे:** सेक्टर-94 में 25 एकड़ में Nature Trail of Artificial Zoo Theme Park, जहां वेस्ट मटेरियल से बने 4क एनिमल मॉडल लगाए जाएंगे। तालाबों का सौंदर्यीकरणख्रसोरखा, सुल्तानपुर और असगरपुर तालाब का जीर्णोद्धार, 15 करोड़ की लागत से।

तीन स्थानों (सेक्टर-18, जीआईपी से बॉटनिकल गार्डन और स्काईमार्क के पास) पर विशेष फूड एवं वेन्डिंग जोन, 13 करोड़ की लागत से। मार्केटों का नवीनीकरणख्रगोदावरी मार्केट (सेक्टर-37) और सेक्टर-110 का सौंदर्यीकरण, लागत लगभग 10 करोड़।

इन परियोजनाओं के पूरा होने से न केवल नोएडा बल्कि आसपास के क्षेत्रों में भी यातायात और बुनियादी सुविधाओं में बड़ा सुधार देखने को मिलेगा।

## सोसाइटी के पास गंदगी से लोग परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** गौर सिटी-दो स्थित 10 एवेन्यू सोसाइटी के पास फैली गंदगी से लोग परेशान हैं। लोगों का कहना है कि यहां नाले खुले हुए हैं, जिससे बीमार फैलने का खतरा हमेशा रहता है। लोगों ने सोशल मीडिया पर प्राधिकरण से कार्रवाई करने की मांग की है। सोसाइटी में रहने वाले दीपक गुप्ता ने बताया कि परिसर के पीछे गैलेक्सी कंपलेक्स बना हुआ है। इसके आसपास काफी गंदगी फैली हुई है। नाले खुले हैं, जिससे बदबू आती रहती है। यहां सफाई के लिए प्राधिकरण के कर्मचारी नहीं आते हैं। ऐसे में निवासियों का जीना मुश्किल हो गया है। वहीं, 15 अगस्त और जन्माष्टमी का त्योहार आ रहा है, जिसके चलते साफ-सफाई होनी बेहद ही जरूरी है।

साथ ही यहां मवेशियों का जमावड़ा लगा रहता है। प्राधिकरण से पहले भी शिकायत की गई है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई।

## एक नजर

### चार सोसाइटी पर जुर्माना लगाया

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के स्वास्थ्य विभाग ने बुधवार को ग्रेटर नोएडा वेस्ट की रतन पर्ल सोसाइटी, अजनारा ली गार्डन, आम्रपाली ड्रीम वैली विलाज और आम्रपाली ड्रीम वैली इंचेट सोसायटी का निरीक्षण किया। कूड़े का उचित निस्तारण न होने पर टीम ने रतन पर्ल सोसाइटी पर 10 हजार, अजनारा ली गार्डन पर 10,0800, आम्रपाली ड्रीम वैली विलाज पर 10,200 और आम्रपाली ड्रीम वैली इंचेट पर 10,200 रुपये का जुर्माना लगाया।

### बिजली घर पर चार गांव के ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर क्षेत्र में बिजली की समस्या से परेशान चार गांवों के निवासियों ने बिजली घर पर प्रदर्शन किया। भट्टा, उस्मानपुर, मुतैंना और सक्का गांव में पिछले डेढ़ महीने से कई ट्रांसफॉर्मर खराब पड़े हैं। ग्रामीणों का कहना है कि बार-बार शिकायत करने के बावजूद विभाग की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई। बिजली न होने से लोगों को रात में सोने में परेशानी हो रही है। किसानों की धान समेत अन्य फसलों की सिंचाई भी प्रभावित हो रही है।

बुधवार दोपहर को आनंद दरोगा, हतेंद्र, रामवीर, सुभाष, वहीद, नाजिम, सुनीता और चित्रा सुमित समेत सैकड़ों ग्रामीण बिजली घर पहुंचे। उन्होंने विभागीय अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी की और लापरवाही का आरोप लगाया। बिजली विभाग के एक अधिकारी ने समस्या का जल्द समाधान करने का आश्वासन दिया। इसके बाद ही प्रदर्शनकारी वहां से हटे। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर दो दिन में समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे बड़ा आंदोलन करेंगे।

### ग्रेनो प्राधिकरण ने चार सोसाइटियों पर 1.31 लाख रुपये का जुर्माना

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के स्वास्थ्य विभाग की टीम के तरफ से स्वच्छता के प्रति जागरुकता के साथ ही जुर्माना लगाने की कार्रवाई जारी है। प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देश पर बल्क वेस्ट जनरेटरों के यहां कूड़े के निस्तारण को परखने और खामी पाए जाने पर जुर्माना लगाने की कार्रवाई की जा रही है। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट पॉलिसी 2016 के अंतर्गत बुधवार को ग्रेटर नोएडा वेस्ट की चार सोसाइटियों में कूड़े के निस्तारण की जांच की। टीम ने ग्रेटर नोएडा वेस्ट में सेक्टर 16 में रतन पर्ल सोसाइटी, सेक्टर - 16बी में अजनारा ली गार्डन और टेकजोन- 4 स्थित आम्रपाली ड्रीम वैली विलाज व आम्रपाली ड्रीम वैली इंचेट सोसायटियों का निरीक्षण किया गया । सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट पॉलिसी के अंतर्गत कूड़े का उचित निस्तारण न करने पर रतन पर्ल सोसाइटी पर 10 हजार रुपए, अजनारा ली गार्डन पर 100800 रुपए, आम्रपाली ड्रीम वैली विलाज पर 10200 रुपए और आम्रपाली ड्रीम वैली इंचेंट पर 10,200 जुर्माना लगाया गया। स्वास्थ्य विभाग की तरफ से कूड़े के निस्तारण को लेकर सघन जांच अभियान आगे भी जारी रहने की बात कही गई है।

### बिल्डर कंपनी पर धोखाधड़ी के मामले में केस दर्ज

**नोएडा।** गाजियाबाद निवासी महिला ने सेक्टर-68 स्थित बिल्डर कंपनी के प्रबंधन पर 46 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने कोर्ट के आदेश पर इस मामले में फेज-3 थाने में केस दर्ज कराया है। उनका आरोप है कि बिल्डर ने न तो फ्लैट की रजिस्ट्री की और न ही रकम लौटाई। मध्य प्रदेश के भोपाल की रहने वाली जूही विकास भटनागर ने न्यायालय में दिए प्रार्थनापत्र में बताया कि वह वर्तमान में गाजियाबाद के सेक्टर-5 स्थित वेव सिटी स्थित ग्रीनवुड एन्क्लेव में रहती हैं। उन्होंने एक फ्लैट खरीदने के लिए अक्तूबर 2019 में प्रतीक रिटेलर इंडिया प्राइवेट कंपनी से संपर्क किया।

कंपनी के निदेशक प्रतीक तिवारी, डीएस चौहान, टावर इंचार्ज नेहा ठाकुर और सहायक प्रबंधक बिक्री दामोदर मिश्रा हैं। कंपनी का कॉरपोरेट कार्यालय नोएडा सेक्टर-68 के ए ब्लॉक में है। उन्होंने 766 वर्गफीट का एक फ्लैट बुक किया, जिसकी कीमत 44 लाख 70 हजार रुपये थी। उन्होंने बुकिंग के समय कंपनी के कार्यालय में जाकर 50 हजार 398 रुपये जमा कर दिए। इसकी रसीद भी ली। इसके बाद कंपनी को कुल 46 लाख 16 हजार 250 रुपये का भुगतान कर दिया। पूरी रकम लेने के बाद कंपनी ने छह माह के भीतर कब्जा देने का आश्वासन दिया, लेकिन कुछ माह बाद ही फ्लैट की रजिस्ट्री करने से इनकार कर दिया। पीड़िता का आरोप है कि आरोपियों ने न तो फ्लैट की रजिस्ट्री की और न ही रुपये लौटाए। थाना प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

## हर घर तिरंगा अभियान में छात्रों का उत्साह

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कस्बे में बीडीआरडी इंटर कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने बुधवार को तिरंगा यात्रा निकाली। कॉलेज के प्रधानाचार्य जय प्रकाश सिंह ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। यात्रा के दौरान छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति के नारे लगाए। उन्होंने कस्बे के लोगों को अपने घरों पर तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित किया। सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने इस यात्रा में हिस्सा लिया। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने इस यात्रा के माध्यम से राष्ट्रीय एकता का संदेश लोगों तक पहुंचाया। छात्रों ने भारत माता के जयकारे लगाए और कस्बेवासियों में देशभक्ति की भावना जगाने का प्रयास किया।

# बच्ची से डिजिटल रेप करने वाले लाइफगार्ड को उम्रकैद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** सुरजपुर जिला न्यायालय ने ग्रेटर नोएडा के डीपीएस स्कूल में साढ़े तीन साल की बच्ची से डिजिटल रेप के मामले में स्कूल के लाइफगार्ड चंडीदास को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने दोषी पर 24 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

घटना 12 जुलाई 2018 की है। स्वीमिंग पुल के पास मौजूद बच्ची के साथ लाइफगार्ड ने दीवार के पास ले जाकर रेप किया था। पॉस्को कोर्ट के न्यायाधीश मनोज कुमार हिमांशु ने यह फैसला सुनाया। जुर्माना न भरने पर दोषी को 6 महीने का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

मामले में 9 गवाहों की गवाही, सीसीटीवी फुटेज और मेडिकल रिपोर्ट महत्वपूर्ण साबित हुई। कोर्ट ने 60 पन्नों का निर्णय सुनाया। विवेचक बोपेश की सराहना की गई, जबकि दो अन्य विवेचकों के खिलाफ जांच के आदेश दिए गए हैं।

कोर्ट ने स्कूल को भी दोषी माना है। स्कूल प्रबंधन ने घटना की जानक. ारी मिलने के बाद दो दिन तक मामले को दबाने का प्रयास किया था। बच्ची के परिवार पर भी दबाव बनाया गया था। अदालत ने स्कूल को एक महीने के अंदर 10 लाख रुपये जुर्माना जमा करने का आदेश दिया है।

पीड़िता की मां ने इसे न्याय की जीत बताया। उन्होंने कहा- ऐसा कृत्य किसी की बच्ची के साथ नहीं होना चाहिए।

**ये है पूरा मामला:** नोएडा के एक प्राइवेट स्कूल में 10 महीने पहले अक्टूबर में साढ़े तीन साल की बच्ची के साथ डिजिटल रेप हुआ था। घटना के बाद से बच्ची सहमी गई थी। कुछ दिनों तक लगातार बच्ची स्कूल नहीं जाने को तैयार हो रही थी और गुमसुम रहने लगी थी। बच्ची के पिता उसे लेकर डॉक्टर के पास गए थे। डॉक्टर ने जो बताया उससे परिजनों के होश उड़ गए।

डॉक्टर ने बताया- उनकी बेटी के प्राइवेट पार्ट में किसी ने छेड़छाड़ की है। प्यार से जब परिजनों ने बच्ची से घटना के बारे में पूछा- तो बच्ची ने बताया कि स्कूल में जो भैया प्लेट देते हैं, उन्होंने दो दिन पहले गंदी हरकत की। कुछ चुभाया था। तभी से दर्द हो रहा है। किसी से बताने पर मारने की धमकी दी थी।

**सेक्टर-27 स्थित स्कूल में पढ़ती थी बच्ची:** पुलिस को दी गई शिकायत में गोरखपुर निवासी बच्ची के पिता ने बताया- वह परिवार के साथ नोएडा में रहते हैं। उनकी तीन साल सात महीने की बेटी सेक्टर-27 स्थित एक स्कूल में पढ़ती है। दरिंदगी स्कूल परिसर के अंदर हुई। परिजनों ने 10 अक्टूबर को सेक्टर-20 थाने में शिकायत दी। केस दर्ज कर पुलिस ने आरोपी कर्मचारी निठारी निवासी नित्यानंद को गिरफ्तार कर लिया था।

## सड़क और सौंदर्यीकरण परियोजनाओं को मिलेगी रफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** शहर में बुनियादी ढांचे और सौंदर्यीकरण से जुड़ी कई परियोजनाओं को लेकर प्राधिकरण ने काम तेज कर दिया है। डी.एस.सी. मार्ग पर अगाहपुर पेट्रोल पंप से एनएसईजेड तक भंगेल एलिवेटेड रोड का निर्माण प्रस्तावित है। इसके साथ ही चिल्ला रेगुलेटर, सेक्टर-14ए से महामाया फ्लाईओवर तक शाहदरा ड्रेन के समानांतर एक और एलिवेटेड रोड बनाई जाएगी, जिससे यातायात दबाव कम होने की उम्मीद है।

शहर को खूबसूरत बनाने के लिए जी.आई.पी. से बॉटेनिकल गार्डन तक डी.एस.सी. मार्ग का सौंदर्यीकरण और वेन्डिंग जोन का विकास किया जाएगा। स्काईमार्क के पास फूड-जोन का निर्माण और आस-पास का सौंदर्यीकरण भी योजना का हिस्सा है।

मार्केट क्षेत्रों के नवीनीकरण के तहत गोदावरी मार्केट सेक्टर-37, सेक्टर-110 और सेक्टर-18 मार्केट का फसाड नवीनीकरण किया जाएगा। इसके अलावा, सोरखा तालाब को पुष्कर्णी शैली में विकसित करने और सुल्तानपुर तालाब का पुनरुद्धार करने की योजना है।पर्यावरण और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सेक्टर-94 के आर्टिफिशियल जू में वेस्ट मैटेरियल थीम पर आधारित नेचर ट्रेल का निर्माण भी प्रस्तावित है।

# मिलावटी शराब बेचने वाला शातिर बदमाश गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** जनपद गौतमबुद्ध नगर में नकली होलोग्राम व नकली रैपर लगाकर अपमिश्रित शराब बेचने वाले एक बदमाश को थाना दनकौर व स्वाट टीम ग्रेटर नोएडा पुलिस ने संयुक्त रूप से गिरफ्तार किया है। अभियुक्त शराब की पेटी में अंग्रेजी में फॉर सेल इन यूपी लिखकर बेचता था। पुलिस बदमाश के अन्य साथियों की तलाश कर रही है।

एडीसीपी ग्रेटर नोएडा ने बताया कि एक सूचना के आधार पर थाना दनकौर पुलिस व स्वाट टीम के संयुक्त प्रयास से अभियुक्त पवन कुमार उर्फ पन्नू पुत्र हेमराज को अपमिश्रित शराब व अन्य सामग्री के



साथ दनकौर बाईपास स्थित एक खण्डहर मकान से गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने अभियुक्त के कब्जे से 2 ड्रम अपमिश्रित शराब भरा हुआ, 5 बोरो में 6900 पव्वे, एक प्लास्टिक के कट्टे में 227 मिस इण्डिया मार्का स्टीकर, 1047 ढक्कन, 2 बण्डल होलोग्राम, 1 पानी की टंकी, 233 पव्वे पैक करने के गत्ते सहित अन्य सामान बरामद किया है। उन्होंने बताया कि अभियुक्त यहां पर अपने साथी अनिल, छोटू, बिरजू तथा सुभाष के साथ मिलकर रात के समय आर्थिक लाभ कमाने के लिए अपमिश्रित शराब बनाता है तथा लोगों को धोखा देने के लिए नकली होलोग्राम व नकली रैपर लगाकर पव्वों को गत्ते की पेटी में भरकर जिसके ऊपर अंग्रेजी में फॉर सेल इन यूपी लिखता है। जिससे लोगों को यकीन हो जाता है कि ये असली शराब है और फिर आस-पास के जनपदों में शराब को बेच देते हैं। उन्होंने बताया कि अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है।

## हरिद्वार से चोरी हुआ ट्रैक्टर धामपुर से बरामद

**धामपुर।** हरिद्वार जनपद के श्यामपुर कांगड़ी थाना क्षेत्र से चोरी हुआ ट्रैक्टर धामपुर इलाके के गांव ढक्का करमचंद से बरामद कर लिया गया। हरिद्वार पुलिस ने मौके से दो युवकों को हिरासत में लेकर ट्रैक्टर समेत हरिद्वार रवाना कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार चोरी किया गया ट्रैक्टर गांव ढक्का करमचंद में एक वेल्डिंग मिस्त्री के यहां खड़ा था और इसे बेचने की तैयारी चल रही थी। हरिद्वार पुलिस ने गुप्त सूचना पर ट्रैक्टर बेचने में शामिल एक युवक को दबोच लिया। उसकी निशानदेही पर मंगलवार देर शाम पुलिस टीम गांव पहुंची। बताया जाता है कि दुकान स्वामी उस समय मौजूद नहीं था, जिसके चलते पुलिस ने उसके पुत्र को पकड़ लिया। पास के एक अन्य गांव से भी एक युवक को हिरासत में लेकर हरिद्वार रवाना हो गई।

# आसरा योजना के तहत 30 शहरी गरीब लाभार्थियों को मिला पक्का मकान, लकी ड्रॉ से हुआ आवंटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा) गौतमबुद्धनगर द्वारा शहरी गरीबों के लिए संचालित ष्आसरा योजनाष् के अंतर्गत आज 30 लाभार्थियों को विकास भवन सूरजपुर के सभागार में आयोजित आवास आवंटन कार्यक्रम में उन्हें पक्के मकानों का आवंटन किया गया। आश्रय योजना के अंतर्गत आवास आवंटन कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी डॉ. शिवाकांत द्विवेदी ने की। लकी ड्रॉ प्रक्रिया का शुभारंभ करते हुए उन्होंने एक लाभार्थी के नाम व फ्लैट नंबर की उद्घोषणा से की। इसके बाद अपर जिलाधिकारी न्यायिक भैरपाल सिंह और डिप्टी कलेक्टर वेद प्रकाश पांडेय ने भी



एक-एक लाभार्थी के नाम और फ्लैट नंबर घोषित किए।

आवास आवंटन कार्यक्रम में कुल 31 पात्र लाभार्थियों में से 30 को आवासीय इकाइयों का आवंटन पूर्ण पारदर्शिता के साथ किया गया। डिप्टी कलेक्टर के कुशल संचालन में सभी लाभार्थियों के नाम और फ्लैट नंबर सार्वजनिक रूप से घोषित किए गए। कार्यक्रम के अंत में मुख्य विकास अधिकारी ने लाभार्थियों को आवंटन पत्र भी प्रदान किए। इस अवसर पर उपस्थित लाभार्थियों ने आवास आवंटन प्रक्रिया में पारदर्शिता और त्वरित कार्रवाई के लिए जिला प्रशासन की सराहना की और सभी अधिकारियों का आभार व्यक्त किया। आयोजित कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम अधिकारी तरुण कुमार, सिटी मिशन मैनेजर शीला कुमारी एवं संबंधित अधिकारीगण सहित लाभार्थी उपस्थित रहे।

# तीन दोस्तों को अगवा कर पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर ईकोटेक तीन कोतवाली क्षेत्र में रविवार को दूधिये की बाइक को टक्कर मारने के शक में ग्रामीणों ने मंगलवार को दो सगे भाइयों और उनके दोस्त को अगवा कर बुरी तरह पीटा। पीड़ित पक्ष की शिकायत पर पुलिस ने तीन नामजद और 20-25 अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। सैनी गांव निवासी देवेंद्र रविवार को एक सोसाइटी में दूध देकर अपने घर लौट रहा था। 130 मीटर रोड पर तेज रफ्तार कार ने देवेंद्र की बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में देवेंद्र बाइक से दूर जा गिरा था, जबकि कार चालक उसकी बाइक को घसीटकर ले गया।

इस दुर्घटना को लेकर मंगलवार को पीड़ित और ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचे। इस बीच ग्रामीणों ने कार में सवार दो सगे भाई और उनके एक दोस्त को टक्कर मारने के शक में रोक लिया। ग्रामीणों ने तीनों को कार में अगवा कर लिया और सैनी गांव ले गए। यहां तीनों के साथ मारपीट की गई। पीड़ितों ने किसी तरह अपनी जान बचाई और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने पीड़ित पक्ष के बृजपाल की शिकायत पर सैनी गांव के देवेंद्र, मनिंदर, रवि समेत 20-25 अज्ञात ग्रामीणों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि गलतफहमी के चलते तीनों दोस्तों को पीटा गया। आरो. पियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उधर, पुलिस ने दूधिया देवेंद्र की बाइक को टक्कर मारने वाली कार को भी कब्जे में ले लिया। बाइक भी बरामद कर ली। आरोपी चालक के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

# इन्वेस्ट यूपी टीम ने डीएम से की मुलाकात

■ ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी-5 की तैयारियों पर हुई विस्तृत चर्चा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** मुख्य कार्यपालक अधिकारी, इन्वेस्ट यूपी के निर्देश पर महाप्रबंधक हिमांशु भाटिया के नेतृत्व में इन्वेस्ट यूपी की टीम ने आज जिलाधिकारी मेधा रूपम से कलेक्ट्रेट कार्यालय कक्ष में शिष्टाचार भेंट कर ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी की तैयारियों के संबंध में मार्गदर्शन प्राप्त किया। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने अवगत कराया कि जनपद में निवेशकों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने बताया कि कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात उद्योग बंधु की बैठक आयोजित की, जिसमें यह निर्णय लिया गया कि प्रत्येक पंद्रह दिन में प्राधिकरण-केंद्रित बैठक आयोजित की जाएगी, ताकि उद्यमियों की समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित हो सके। उन्होंने विशेष रूप से निवेश मित्र पोर्टल पर लंबित आवेदनों के समयबद्ध निस्तारण पर जोर दिया।इन्वेस्ट यूपी टीम ने जिलाधिकारी के प्रयासों एवं निवेशकों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता की सराहना की। जिलाधिकारी ने टीम को आश्वस्त किया कि पूर्व की भांति इस वर्ष भी ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी-5 में गौतम बुद्ध नगर की भागीदारी सर्वाधिक और प्रभावशाली रहेगी।

इस अवसर पर उपायुक्त उद्योग अनिल कुमार, उद्योग केंद्र से उद्यमी मित्र नूपुर शर्मा, अक्षित नौटियाल व प्राधिकरणो के उद्यमी मित्र उपस्थित रहे।

# वैश्विक प्रीसिजन इंजीनियरिंग परिदृश्य एक परिवर्तनकारी बदलाव के दौर से गुजर रहा

**मुंबई।** वैश्विक प्रीसिजन इंजीनियरिंग परिदृश्य एक परिवर्तनकारी बदलाव के दौर से गुजर रहा है। यह बदलाव बढ़ते स्वचालन और उन्नत विनिर्माण तकनीकों को अपनाने के कारण हो रहा है। भारत में जैसे-जैसे हम पारंपरिक विनिर्माण से रियल टाइम मॉनिटरिंग की ओर बढ़ रहे हैं, प्रीसिजन इंजीनियरिंग इस बदलाव का आधार बन रही है। यह भविष्य के लिए तैयार, नवाचार-आधारित विकास की नींव रखती है और वैश्विक विनिर्माण केंद्र के रूप में देश की स्थिति को मजबूत करती है। इस पृष्ठभूमि में, हमने वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में मजबूत वित्तीय और परिचालन परिणाम दिए, जिससे इंजीनियरिंग में उत्कृष्टता और भविष्य की तैयारियों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता और मजबूत हुई। चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में परिच. ालन से राजस्व 233.2 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले वित्त वर्ष की पहली तिमाही के 175.3 करोड़ रुपये की तुलना में 33 फीसदी अधिक है। यह प्रदर्शन मूल्यवर्धित उत्पादों के बेहतर मिश्रण और परिचालन के बढ़े हुए लेवरेज से प्रेरित था, जिसके चलते परिचालन के मार्जिन में 635 आधार अंकों का उल्लेखनीय विस्तार हुआ। तिमाही के दौरान टैक्स के बाद लाभ 57 करोड़ रुपये रहा, जो साल भर पहले की समान अवधि की तुलना में शानदार 67 फीसदी की वृद्धि है।

तिमाही आधार पर मामूली गिरावट देखी गई, जिसके मुख्य कारण मौजूदा भू-राजनीतिक अनिश्चितताएं, क्षेत्रीय संघर्ष और टैरिफ की अस्थिरता थे। इन बाहरी चुनौतियों के बावजूद मुनाफा स्थिर रहा और कंपनी ने केंद्रित कार्यान्वयन और परिचालन के लचीलेपन के माध्यम से अपनी बाजार स्थिति को मजबूत करना जारी रखा। हमने तिमाही के दौरान अपनी क्षमता बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया। हमारी पहलों में एक नई एम्प्टी शेल उत्पादन लाइन, दुनिया की सबसे बड़ी क्लोज्ड डाई हैमर मशीनों में से एक 25टी हाइड्रोलिक हैमर फोर्जिंग लाइन और अत्याधुनिक 7-एक्सिस एवं 11-एक्सिस मशीनिंग लाइनों का एकीकरण शामिल है। हमारी उत्पाद क्षमताएं विकसित हो रही हैं, यूनिट वेट 1 टन से आगे बढ़ रहा है और चरणबद्ध तरीके से धीरे-धीरे 1.5 टन की ओर बढ़ रहा है। हमारी फोर्जिंग क्षमता सालाना 100000 टन से बढ़कर 150000 टन होने की राह पर है, जबकि मशीनिंग क्षमता 45000 टन से बढ़कर 80000 टन प्रति वर्ष हो जाएगी। हम अपनी ग्रीनफील्ड फैसिलिटी पर भी तय समय-सीमा के अनुसार आगे बढ़ रहे हैं। भौगोलिक दृष्टि से, हम अस्थिर टैरिफ स्थितियों से उत्पन्न दीर्घकालिक जोखिमों को कम करने के लिए एक विविध रणनीति पर काम करना जारी रखे हुए हैं। हमारी अधिकांश नई क्षमताएं इसी वित्त वर्ष में चालू होने की उम्मीद है। भविष्य की बात करें तो हम अपनी क्षमता बढ़ाने के अलावा भारत से एक वैश्विक प्रीसिजन इंजी. नियरिंग पावरहाउस के रूप में अपनी स्थिति को और मजबूत कर रहे हैं।

# जनपद में भाकियू ने निकाली ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा

## ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा से हाईवे हुआ पूरा जाम, कलेक्ट्रेट में पंचायत कर विभिन्न समस्याओं के समाधान को लेकर डीएम को दिया ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत गुट) ने ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा निकाली। यात्रा में बड़ौत, दाहा, भड़ल, दोघट, खेकड़ा और बालैनी क्षेत्र के किसान शामिल हुए। सैकड़ों किसान ट्रैक्टरों पर तिरंगा लेकर कलेक्ट्रेट की ओर बढ़े।

किसानों ने कलेक्ट्रेट में पंचायत का आयोजन किया। इसके बाद वे अपनी विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपेंगे। प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। कलेक्ट्रेट परिसर और आसपास के क्षेत्रों में भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। पुलिस प्रशासन अलर्ट पर है और जगह-जगह पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। किसानों में तिरंगा यात्रा को लेकर काफी उत्साह देखा जा रहा है। यात्रा कलेक्ट्रेट पर समाप्त होगी। किसान अपनी विभिन्न मांगों को लेकर जिलाधिकारी से मिलेंगे और उन्हें ज्ञापन सौंपेंगे। ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा से सडके जाम हो गई जिससे अन्य वाहनों व राहगीरों को काफी पेशानियों को सामना करना पड़ा। यात्रा से पूरा हाईवे पर जाम लग गया। कलेक्ट्रेट परिसर में सैकड़ो की तादार में ट्रैक्टर जमा हो गए।










## प्राथमिक विद्यालय नंबर-2 में निकाली तिरंगा रैली




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपरौली।** क्षेत्र के लूम्ब गांव के प्राथमिक विद्यालय नंबर दो के अध्यापको ने बुधवार को छात्रो संग तिरंगा यात्रा रैली का आयोजन किया जिसमें सभी अध्यापकों, आंगनबाड़ी कार्यकत्री बीटीसी प्रशिक्षुओं एवं स्कूल के बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान बच्चो ने देशभक्ति के नारे लगाते हुए देशभक्ति के गाने गाते हुए तरह-तरह के नारे भी लगाए, इसी दौरान अध्यापकों ने बच्चों को भारत की आजादी एवं महापुरुषों एवं क्रांतिकारियों के बलिदान के विषय में विस्तार से बताया कि हमारे महापुरुषों एवं क्रांतिकारियों ने कितने कष्टों को सहन करते हुए देश को आजादी दिलाई, एवं बच्चों को उनके कर्तव्यों के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर पूजा, देवरूप कुलदीप, अक्षय, मनीष, आयुषी एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों में रीना, ममता, आदि उपस्थित रहे।

## लाल किले पर आयोजित राष्ट्रीय समारोह में 178 पुनर्वासित बंधुआ श्रमिकों को किया आमंत्रित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर राजधानी नई दिल्ली स्थित ऐतिहासिक लाल किले पर आयोजित होने वाले राष्ट्रीय समारोह में प्रदेश के विभिन्न जनपदों के कुल 178 पुनर्वासित बंधुआ श्रमिकों को विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। इनमें जनपद बागपत के 13 श्रमिक भी शामिल हैं, जो अपने जीवन में पहली बार इस ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बनेंगे।

इन श्रमिकों को आज कलेक्ट्रेट परिसर से जनपद के सांसद डा.राज. कुमार सागवान तथा जिलाधिकारी अस्मिता लाल द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इनके साथ उनके पति अथवा पिता भी इस अवसर पर प्रतिभाग करेंगे।




जिलाधिकारी ने बताया कि यह सभी श्रमिक, जिन्हें विभिन्न कार्यस्थलों से बंधुआ श्रम की परिस्थिति से मुक्त कराकर पुनर्वासित किया गया है, अब अपने जीवन की नई शुरुआत कर रहे हैं। केंद्र सरकार की बंधुआ श्रम पुनर्वासन योजना के अंतर्गत प्रत्येक पुरुष श्रमिक को रुपया 100000 एवं महिला श्रमिक को 2,00,000 की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है, जिससे वे अपने कौशल के अनुरूप रोजगार प्रारंभ कर सकें और पुन: बंधुआ श्रम की स्थिति में न जाएँ। जिलाधिकारी ने कहा कि इस अवसर पर शामिल होना श्रमिकों के लिए गर्व का विषय है। लाल किले पर आयोजित राष्ट्रीय समारोह में शामिल होने और प्रधानमंत्री के राष्ट्र को संबोधन को प्रत्यक्ष देखने की खुशी उनके उत्साह को दोगुना कर रही है। श्रमिकों का यह दल 13 अगस्त की सुबह अलीगढ़, संभल, मुरादाबाद, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर एवं बागपत जनपदों से नई दिल्ली के लिए प्रस्थान कर चुका है। इनका 16 अगस्त तक राजधानी में प्रवास रहेगा, जिसके दौरान वे पूर्व निर्धारित कार्यक्रमों में भाग लेंगे, जिनमें दिल्ली भ्रमण एवं सांस्कृतिक आयोजन भी शामिल हैं। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी नीरज कुमार श्रीवास्तव, अपर जिलाधिकारी पंकज वर्मा, सहायक श्रम आयुक्त सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### पुलिस की दादागिरी का वीडियो वायरल, जांच शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बागपत।** खेकड़ा कोतवाली क्षेत्र में एक पुलिस कर्मी द्वारा युवक से दुर्व्यवहार व मारपीट का मामला सामने आया है। डायल 112 पर तैनात सिपाही ने चेकिंग के दौरान बाइक सवार युवक को न केवल गालियां दीं, बल्कि थप्पड़ भी मार दिया। घटना का वीडियो मौके पर मौजूद एक व्यक्ति ने बना लिया। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद स्थानीय लोगों ने दोषी सिपाही के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। वीडियो में साफ दिख रहा है कि सिपाही पहले युवक को धमकी दे रहा है और फिर उस पर हाथ उठा देता है। खेकड़ा सीओ रोहन चौरसिया के अनुसार, चेकिंग के दौरान बाइक सवार युवकों को रोका गया था। इस दौरान पुलिसकर्मियों और युवकों के बीच कहासुनी हुई। इसी विवाद के बाद यह घटना हुई। अधिकारियों ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पूरी जांच और पूछताछ के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। इस घटना से पुलिस की कार्यशैली पर भी सवाल उठ रहे हैं।

## दिगंबर जैन कॉलेज के प्राचार्य का हार्ट अटैक से हुआ निधन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** नगर के दिगम्बर जैन कॉलेज के प्राचार्य को बैंक में अचानक हार्ट अटैक आ गया जिससे बैंक में हड़कम्प मच गया। बैंक मैनेजर उन्हें अपनी गाड़ी से अस्पताल लेकर पहुँचे जहां से उन्हें मेरठ रेफर कर दिया गया। देर रात उपचार के दौरान उनका निधन हो गया। दरअसल, डीजे कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर महेश कुमार मुछाल मंगलवार को पंजाब नेशनल बैंक में कार्य से गए हुए थे। यहां पर वे मैनेजर कक्ष में ही बैठे हुए थे, तभी अचानक उन्हें हार्ट अटैक आ गया जिससे वे कुर्सी से नीचे गिर पड़े। यह देखकर बैंक में अफरा तफरी का माहौल हो गया। बैंक मैनेजर आशीष जैन उन्हें आनन फानन में अपनी गाड़ी से खुद निजी अस्पताल लेकर गए जहां से उन्हें हालत नाजुक होने पर मेरठ रेफर कर दिया गया। इसकी सूचना जैसे ही कॉलेज में लगी तो शिक्षक व स्टॉफ भी अस्पताल पहुंच गया था। देर रात उपचार के दौरान उनका निधन हो गया। उनके निधन पर नगर के समा. जसेवियों गणमान्य नागरिकों शिक्षको में शौक़ की लहर दौड़ गई। महेश कुमार मुछाल प्राचार्य योगाचार्य भी थे योग की कला का प्रदर्शन करने में उनका सुनहरे अक्षरों में नाम जाना जाता था जब भी जनपद बागपत के किसी भी कॉलेज में योग की प्रक्रिया होती थी तो उसे मौके पर उन्हें बुलाया जाता था लंबी मूछ रखने वाले प्राचार्य नहीं रहे उनके निधन से जनपद बागपत में शौक़ की लहर दौड़ गई है।



## गौशाला में मृत गौवंशों का तत्काल अंतिम संस्कार सुनिश्चित किया जाएः जिलाधिकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जहां शेड की आवश्यकता है। ऐसी गौशालाओं में शेड भी बनवाए जाएं जो समस्या उनके निस्तारण करें केयरटेकर ग्राम पंचायत सचिव प्रतिदिन गौशाला में अवश्य जाएं। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि जो इंजीनियरिंग अधिकारी हैं वे अपने स्तर से गौशाला को कैसे बेहतर बना सकते हैं इसकी कार्य योजना बनाएं। प्रत्येक गौशाला में लॉग बुक, भूमि पंजीका, चिकित्सा पंजीका, निरीक्षण पंजीका, उपस्थिति पंजीका, दान पंजीका, स्टॉक रजिस्टर, टीकाकरण पंजिका तथा सपुर्दगी पंजीका अनिवार्य रूप से रखी जाएं। बाउंड्री वॉल निर्माण शीघ्र पूर्ण कराया जाए। लापरवाही पर खंड विकास अधिकारी एवं ग्राम पंचायत सचिव की जिम्मेदारी तय की जाएगी। पशु चिकित्सा अधिकारी उपचार में विवेक का प्रयोग करें तथा उम्रानुसार औषधि का वितरण सुनिश्चित करें। सभी गौशालाओं के लिये एक कंट्रोल रूम की स्थापना की जाए। कैमरों का बैकअप संबंधित अधिकारी/कर्मचारी के मोबाइल में भी उपलब्ध हो। विद्युत तारों आदि के कारण होने वाले खतरे को देखते हुए विद्युतिकरण से जुड़ी समस्याओं को दूर किया जाए। जिलाधिकारी ने चारागाह भूमि का समुचित उपयोग सुनिश्चित करने हेतु निर्देश दिया कि ग्राम पंचायतें नेपियर घास की खेती को प्रोत्साहित करें। मृत गौवंश का तत्काल अंतिम संस्कार सुनिश्चित किया जाए। बैठक में ग्राम पंचायत सचिव कृष्ण कुमार की कार्यशैली पर असंतोष जताते हुए उनके विरुद्ध कार्यवाही के निर्देश दिए गए।

## तिरंगा यात्रा में उमड़ा जनसैलाब देशभक्ति के नारों से गूंजा उठा शहर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के तत्वावधान में बुधवार को भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। जिला उपाध्यक्ष व तिरंगा यात्रा संयोजक साजिद मलिक तथा जिला उपाध्यक्ष सहसंयोजक शराफत सिद्दीकी के नेतृत्व में यात्रा बागपत कोर्ट रोड स्थित अस्पताल गेट से प्रारंभ हुई। यात्रा बड़े गेट, सराफा बाजार, बिलाल मदरसा, मुगलपुरा, दिल्ली रोड होते हुए राष्ट्रीय वंदना चौक तक पहुंची, जहां राष्ट्रगान के साथ समापन हुआ। प्रदेश अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा बासीद अली और जिला अध्यक्ष अनस खान ने कहा कि तिरंगा यात्रा का उद्देश्य आजादी के अमर शहीदों को नमन करना और युवाओं में राष्ट्रप्रेम की भावना जगाना है। उन्होंने बताया कि भाजपा सभी वर्गों को साथ लेकर देश की एकता और अखंडता को मजबूत करने के लिए संकल्पबद्ध है। देशभक्ति के नारों, झंडों और जोश से लबरेज यह यात्रा ऐतिहासिक माहौल में तब्दील हो गई। मार्ग में जगह-जगह लोगों ने पुष्पवर्षा कर यात्रियों का स्वागत किया। यात्रा में भाजपा नगर अध्यक्ष संदीप शर्मा, युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष विकास चौहान, नगर अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा उस्मान खान, समा. जसेवी हसन, इकबाल जिला उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा, आकाश ग्राम काठआ, असलम , अयूब पूर्व प्रधान ग्राम हरचंदपुर, डा.समीर मलिक, राशिद राजपूत, अब्दुल्ला अल्वी, रियासत सिद्दीकी, दानिश पठान, उस्मान खान आदि मौजूद रहे।

## एनसीसी कैडेट्स ने जगाई देशभक्ति की अलख

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** क्रिस्टु ज्योति कान्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल के एनसीसी कैडेट्स द्वारा 'हर घर तिरंगा' साइकिल यात्रा का भव्य आयोजन किया गया। यह यात्रा विद्यालय परिसर से प्रारंभ होकर बागपत नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए सम्पन्न हुई।

विद्यालय की प्राचार्या सिस्टर डा. जेस्सी जोस ने प्रबंधिका सिस्टर शीना के साथ हरी झंडी दिखाकर यात्रा को रवाना किया। यात्रा के दौरान कैडेट्स ने तिरंगे के सम्मान में देशभक्ति के नारे लगाए और जोशीले गीत गाए। एनसीसी कैडेट्स राष्ट्र के भविष्य के प्रहरी हैं, जो अनुशासन, सेवा और समर्पण की मिसाल पेश करते हैं। देश की एकता, सुरक्षा और प्रगति में उनका योगदान अमूल्य है। बागपत के एनसीसी कैडेट्स ने न केवल तिरंगे की शान बढ़ाई, बल्कि नगर में देशभक्ति की अलख जगाई। विद्यालय की प्राचार्या सिस्टर डा. जेस्सी जोस ने कहा कि एनसीसी कैडेट्स हमारे विद्यालय की शान हैं। उनका अनुशासन, परिश्रम और राष्ट्र के प्रति समर्पण हर छात्र के लिए प्रेरणास्रोत है। 'हर घर तिरंगा' साइकिल यात्रा के माध्यम से उन्होंने यह सिद्ध कर दिया कि युवा पीढ़ी ही देश का वास्तविक भविष्य है। हमें गर्व है कि हमारा विद्यालय राष्ट्र सेवा की इस भावना को निरंतर प्रोत्साहित करता है।



## कार्यो में लापरवाही बरतने वाले पर होगी सख्त कार्रवाईःडीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जिलाधिकारी ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद के स्थाई एवं अस्थाई गौ आश्रय स्थलों की व्यवस्थाओं की समीक्षा बैठक की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को गौवंश की सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं देखभाल बाउंड्री वॉल साफ सफाई हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जनपद में वर्तमान में 21 अस्थाई गौ आश्रय स्थल, 5 बृहद संरक्षण केंद्र, 4 कान्हा गौशाला आदि में लगभग 5800 गौवंश संरक्षित हैं।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि समस्त गौशालाओं में विद्युत कनेक्शन, पंखा, कूलर, तथा सफाई की समुचित व्यवस्था होनी चाहिए। उन्होंने निर्देशित किया कि समस्त गौशालाओं में बाउंड्री वालों होनी चाहिए। किसी भी गौशाला के ऊपर से विद्युत लाइन नहीं निकालनी चाहिए। सीसीटीवी कैमरे सुचार रूप से संचालित रहे। उन्होंने यह स्पष्ट किया कि जो भी अधिकारी/कर्मचारी अपने दायित्वों में लापरवाही बरतेंगे, उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। सभी नोडल अधिकारियों ग्राम पंचायत सचिव पशु चिकित्सा अधिकारी को नियमित भ्रमण और निरीक्षण करने के निर्देश भी दिए गए हैं। इस बैठक में मुख्य विकास अधिकारी नीरज कुमार श्रीवास्तव, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डा.अरविंद कुमार त्रिपाठी, समस्त खंड विकास अधिकारी, अधिशासी अधिकारी एवं नोडल अधिकारी उपस्थित रहे।



## भारतीय जैन महासंघ के तत्वाधान में निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर के बडौली रोड स्थित भारतीय जैन महासंघ के तत्वाधान मे नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर बुधवार को श्रीपार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर पारस विहार बडौत के सौजन्य से आयोजित किया गया, जिसमे एडीके जैन नेत्र अस्पताल खेकड़ा के कैंप इंचार्ज डा.संजय शर्मा की टीम ने 120 मरीजो की जांच की 20 मरीज आंखो के आप्रेशन के लिए चयनित किये गये सभी मरीजो को दवाई व चश्मे दिये गये। कैम्प मे मुख्य चिकित्सक डा.सोमपाल सिंह, डाक्टर निशु शर्मा, डा.आशीष आर्य, संदीप जैन, अनिता जैन, मनीष जैन, नवीन जैन, अविनाश, कांता देवी , सुभाष चन्द जैन , अखिल जैन, हेम चन्द जैन, कामत प्रसाद, विजय राजीव महेश्वरी, माही, मोक्ष जैन, दीप्ती जैन सुपुत्री संजीव जैन अनिता अतुल राय जैन बूढ़पुर आदि का सहयोग रहा।

## कस्तूरबा गांधी और प्राथमिक विद्यालय प्राचीन में बच्चों को स्टेशनरी वितरण का किया कार्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर में रोटरी इंटरनेशनल की बड़ौत शाखा ने कस्तूरबा गांधी विद्यालय और प्राथमिक विद्यालय प्राचीन में बच्चों को स्टेशनरी वितरण का कार्य किया।

रोटरी क्लब की बड़ौत शाखा के पूर्व अध्यक्ष जितेंद्र कुमार जैन की धेवती अनुषा जैन, इंटरैक्ट क्लब आफ नार्थ नस्विक, न्यूजर्सी, अमेरिका की अध्यक्षा हैं। इस प्रोजेक्ट में रोटरी इंटरनेशनल की बड़ौत शाखा ने आज पूरे जोश के साथ सहयोग किया। रोटरी इंटरनेशनल की बड़ौत शाखा के इमेज चेयरपर्सन प्रभात कुमार जैन के अनुसार रोटरी क्लब लगभग पूरे विश्व में अपने सेवा के कार्यों को नि:स्वार्थ भाव से पूरा कर रहा है। पोलियो उन्मूलन, चिकित्सा, शिक्षा, सामाजिक जागरूकता, स्वच्छता, आधुनिक तकनीक से शिक्षा, धार्मिक-सामाजिक आयोजनों में सेवा कार्य, दिव्यांगों को उपकरण वितरित करना आदि कार्यों में रोटरी बढ़ चढ़कर भाग लेता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में रोटरी क्लब बड़ौत के अध्यक्ष गौरव चौधरी, उपाध्यक्ष भारत जैन, सचिव अखिल जैन, नरेंद्र जैन, सरला जैन, ब्लीज़ी जैन, अनिल अरोड़ा, कस्तूरबा गांधी के प्राचार्य विनोद कुमार, प्राथमिक विद्यालय प्राचीन की प्राचार्या पुष्पा देवी के साथ स्कूल स्टाफ शामिल रहे।

## वाहनों को हरी झंडी दिखा किया गया तिरंगा रैली का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** हर घर तिरंगा अभियान तहत नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी कृष्ण कुमार भडाना द्वारा तिरंगा रैली का शुभारंभ किया गया। पालिका से कर्मचारियों स्कूलो के बच्चों व तिरंगे से सजे सरकारी वाहनों को हरी झंडी दिखाकर किया गया।

बुधवार को अधिशासी अधिकारी कृष्ण कुमार भडाना के नेतृत्व में तिरंगा रैली पालिका कार्यालय से प्रारंभ होकर राष्ट्रीय वंदना चौक, हवेली, ईदगाह,पक्का घाट कोर्ट रोड तहसील परिसर व आदि मुख्य मार्ग से होते हुए से पालिका कार्यालय पर समाप्त हुई। तिरंगा रैली के दौरान देशभक्ति के तराने गाये और बजाय गए। स्कूल के छोटे छोटे बच्चों ने प्रोग्राम कर सभी आमजन का मन मोहा लिया और देशभक्ति की भावना से लोगों को ओत प्रोत किया। भव्य व दिव्य तिरंगा रैली में पालिका के स्वच्छ सारथी क्लब के स्कूलों द्वारा हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता की थीम पर प्रतिभाग किया गया, जिसमें जैन इंटर कॉलेज, श्रीयमुना इंटर कॉलेज एवं के.डी.आर.पब्लिक स्कूल के छात्रों द्वारा हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता, स्वच्छता ही सेवा है, गंदगी जानलेवा है, सिंगल यूज प्लास्टिक, नही चलेगी नही चलेगी, स्वच्छता को अपनाना है, बागपत को स्वच्छ बनाना है, सब रोगों की एक दवाई, घर मे रखे साफ सफाई आदि नारे लगाए गए। पालिका अधिशासी अधिकारी द्वारा तिरंगा रैली समापन के उपरांत ,स्कूली बच्चों, स्कूल के अध्यापकों , पालिका कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी और आगामी तीन दिन तक राष्ट्र भक्ति की भावना के साथ अपने अपने घरों पर तिरंगे झंडे को सम्मान के साथ फहराने की अपील की गई और सूक्ष्म रूप में स्वतंत्रता /आज़ादी की लड़ाई के बारे में वीर बलिदानियों के बारे में व आज़ादी दिलाने वाले महापुरुषों के बारे में बच्चों को अवगत कराया गया। साथ ही सभी को स्वच्छता मे भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया गया।

तिरंगा रैली को भव्य और दिव्य रूप से आयोजित कराने में पालिका के सफाई एवं खाद्य निरीक्षक संदीप कुमार तिवारी का योगदान रहा है। तिरंगा रैली में सोनम यादव, आदित्य, सुदेश, मुकुल, राजबहादुर, दिनेश, बुशरा मलिक, संदीप कुमार एवं समस्त सभासदगण व आदि मौजूद रहे।



**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र कार्तिक ढाका से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगा।

मनोज ढाका पुत्र जसवन्त निवासी ग्राम ढिकौली थाना चांदीनगर जनपद बागपत।

**NOTICE**

That in school record of my son Aditya chauhan, his mother's name mentioned Geeta chauhan which is incorrect. Her correct name is Geeta.

Narendra chauhan S/O brahm singh. Village-Gauripur jawaharnagar (Baghpat)

**सूचना**

मेरी पुत्री प्रियंका लगभग 13 वर्ष पूर्व घर से चली गई थी जिसने अपना कोर्ट मैरिज कर लिया था अब मेरा प्रियंका से किसी प्रकार का कोई लेना-देना नहीं है मैं प्रियंका को अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल करते हुए संबंध विच्छेद करती हूं।

कमलेश उर्फ ननदों पत्नी स्व. ईश्वर दयाल निवासी पट्टी राणा ग्राम रुस्तमपुर बावली थाना बडौत जनपद बागपत।

# हस्तिनापुर में दिनदहाड़े युवक की गोली मारकर हत्या

## पेट में लगी थी गोली, बेखौफ हत्यारे थाने से चंद कदम दूर फेंक गए शव, परिजनों ने लगाया जाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हस्तिनापुर।** क्षेत्र के गणेशपुर मार्ग पर निर्माणाधीन कालोनी में रहने वाले 24 वर्षीय उज्जवल की गोली मारकर हत्या कर दी और उसके शव को सैफपुर मार्ग पर फेंक दिया। दिनदहाड़े कस्बे में युवक की हत्या की खबर से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे और आरोपियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर थाने के सामने मुख्य मार्ग पर जाम लगाया।

क्षेत्र के गांव गणेशपुर गांव के समीप स्थित मुख्य मार्ग पर कालोनी में रहने वाले 24 वर्षीय उज्जवल पुत्र सुभाष गंभीर अवस्था में सेफपुर कर्मचंदपुर मार्ग पर पड़ा मिला। हत्यारे



उज्जवल के पेट में गोली मारने के बाद गंभीर अवस्था में थाने के नजदीक पुलिस को चुनौती देने के लिए फेंक गए। जहां पर उसकी मौत हो गई। मृतक के पेट में गोली लगी थी। राहगीरों ने घायल अवस्था में पड़े उज्जवल को पास ही में मौजूद



सीएचसी पहुंचाया जहां पर डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसके पेट में लगी गोली के कारण वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। दिनदहाड़े गोली मारकर युवक की हत्या की खबर से कस्बे में सनसनी फैल गई। घटनास्थल के आसपास रहने वाले लोग पूरी तरह भयभीत हो गए। उधर मामले की सूचना थाना पुलिस को दी गई। वहीं मौके पर पहुंची थाना पुलिस और परिजनों में तीखी बहस भी हुई जिसमें परिजनों ने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की।

वहीं जब पुलिस द्वारा पंचनामा भरकर सीएचसी से शव को पोस्ट मार्टम के लिए भेजा जा रहा था। परिजन और ग्रामीणों ने थाने के सामने मुख्य मार्ग पर जाम लगा दिया, जहां पर राहगीरों को परेशानियों का सामना करना पड़ा परिजनों की मांग थी कि जब तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होती तब तक वह पोस्टमार्टम के लिए उज्जवल के शव को नहीं जाने देंगे। वहीं पुलिस हत्या के तुरंत बाद आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है। इस मामले में पुलिस ने कई लोगों को हिरासत में लिया है और पूछताछ की जा रही है।

### आपसी रंजिश से जुड़ा है मामला

यह बात अभी स्पष्ट नहीं हुई है परंतु पुलिस सूत्रों के मुताबिक यह मामला आपसी रंजिश से जुड़ा हुआ है। जिस कारण उज्जवल की हत्या हुई। हिरासत में लिए गए युवकों से पूछताछ की गई है हालांकि पुलिस ने देरशाम गौरव, सैकी उर्फ सौरव, नीटू, तुषार, चुनमुन एवं गुड्डू के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस तलाश में जुट गई है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** सरधना दौराला मार्ग पर अलीपुर गांव के निकट अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से एक युवक की मौत हो गई। जबकि पीछे बैठी युवक की पत्नी घायल हो गई। दोनों अम्बाला जा रहे थे। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

- पत्नी गंभीर रूप से घायल, डाक्टरों ने जिला अस्पताल किया रेफर
- मृतक पक्ष की और से नहीं आई तहरीर

पुलिस के अनुसार जिला बरेली फतेहगंज नौगांव ग्राम कटरा भिटौरा निवासी 26 वर्षीय करण सिंह पुत्र लेखराज अपनी पत्नी नीलम के साथ बुधवार सुबह बाइक पर सवार होकर अंबाला जा रहा था। जैसे ही वह सरधना-दौराला रोड मार्ग अलीपुर गांव के निकट पहुंचा तो अचानक पीछे से तेजगति से आए किसी अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने दंपती को सीएचसी सरधना में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने करण सिंह को मृत घोषित कर दिया। जबकि नीलम को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रैफर कर दिया। पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के अनुसार मृतक पक्ष की तरफ से कोई तहरीर अभी नहीं मिली है।

# व्यापारियों ने न्यूटीमा पर कार्रवाई के लिए किया सीएमओ ऑफिस का घेराव, जमकर हुआ हंगामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** न्यूटीमा हॉस्पिटल में डॉ. ऋषि के द्वारा गलत आपरेशन के कारण एक महीना पहले व्यापार मंडल के प्रदेश सचिव सनी गुप्ता की माता रजनी गुप्ता का देहांत हो गया था। जिसको लेकर पश्चिम उत्तर प्रदेश संयुक्त व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष पंडित आशु शर्मा के नेतृत्व में संगठन के पदाधिकारियों ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी डाक्टर अशोक कटारिया का घेराव किया।

साथ ही डाक्टर को बचाने का आरोप भी लगाया। उन्होंने बताया कि एक महीना पहले डीएम के द्वारा जांच कमेटी मुख्य चिकित्सा अधिकारी के नेतृत्व में बनाई गई थी। एक महीना होने पर भी अपनी जांच




रिपोर्ट जिला अधिकारी को नहीं सौंपी। व्यापारियों ने बुधवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय का घेराव कर 24 घंटे में जांच रिपोर्ट को डीएम कार्यालय में जमा करने की मांग की साथ ही चेतावनी दी की 24 घंटे में जांच रिपोर्ट डीएम ऑफिस में जमा नहीं हुई तो मुख्य चिकित्सा अधिकारी के कार्यालय पर तालाबंदी की जाएगी। व्यापार मंडल के प्रदेश सचिव सन्नी गुप्ता ने बताया कि बुधवार को सीएमओ द्वारा जांच रिपोर्ट सौंपी जानी थी जो कि नहीं सौंपी गई।

इससे ऐसा प्रतीत होता है कि सीएमओ आरोपी डाक्टर को बचाना चाहते हैं। वहीं मंजीत सिंह कोछड़ ने कहा कि 24 घंटे में जांच रिपोर्ट नहीं सौंपी जाती है तो सीएमओ कार्यालय पर तालाबंदी की जाएगी। सीएमओ डाक्टर अशोक कटारिया ने बताया है कि जांच रिपोर्ट तैयार की जा रही है जो की जिलाधिकारी को सौंपी जाएगी।

# दुकान पर पैसे ट्रांसफर कराने गए युवक के बीस हजार रुपये उड़ाए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** कस्बा स्थित मोबा. इल की दुकान पर बीस हजार रूपए ट्रांसफर कराने गए कस्बा निवासी इदरीश की पॉकेट से चोरी हो गई। चोरी की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पीड़ित ने पुलिस से बरामदगी की गुहार लगाई है। कस्बा निवासी मोहम्मद इदरीश ने बताया कि वह कस्बे के मुख्य मार्ग कैलाशपुरी स्थित नागर मोबाइल पॉइंट पर 20हजार रूपये ट्रांसफर कराने आया था। इसी दौरान दुकान पर दो अज्ञात युवक आए और उसकी जेब से रूपये चोरी कर लें गए। चोरी की पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पुलिस मामले की छानबीन में लगी है।

# मेरठ-बड़ौत मार्ग पर हिंडन नदी के पुल पर हादसा, लेकिन किस्मत ने बचा ली जान

## पुल पर लगे हाइट गेज से हुई थी ट्रक की जोरदार टक्कर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** बुधवार सुबह हिंडन नदी के पुल पर एक ऐसा नजारा देखने को मिला, जिसे देख हर सब हैरान रह गये। बड़ौत से मेरठ की ओर आ रहा एक ट्रक सामान से इतना लदा था कि पुल पर लगे हाइट गेज से उसकी जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि लोहे का हाइट गेज टूटकर ट्रक के केबिन के आर-पार जा घुसा।

पलभर के लिए लगा कि चालक और हेल्पर की जान शायद बच पाना मुश्किल है। लेकिन अगले ही पल सबने राहत की सांस ली। दोनों मामूली खरोंच के साथ सही-सलामत निकल आए। चालक राजेश और हेल्पर नसीब का कहना है, यह तो भगवान का करिश्मा था, वरना आज का सूरज शायद वह नहीं देख पाते। स्थानीय लोगों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर ट्रैफिक संभाला और पुलिस को सूचना दी। गौरतलब है कि इसी पुल पर 13 दिन में यह दूसरा हादसा है, जिससे सवाल उठ रहे हैं कि आखिर इस पुल पर सुरक्षा के इंतजाम कब सुधरेंगे।



# अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति घोटाले का एक और आरोपी ईओडब्ल्यू ने दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** ईओडब्लू सेक्टर मेरठ द्वारा फरार वांछित चल रहे अब्दुल रहमान की गिरफ्तारी भारत सरकार द्वारा वर्ष 2010-11 में दिये जाने वाली अल्पसंख्यक प्री-मेट्रिक छात्रवृत्ति से सम्बन्धित अभियोग में वांछित अभियुक्त अब्दुल रहमान पुत्र शफीउल हसन निवासी ग्राम रूकनपूर थाना भावनपुर जनपद की बुधवार को हुई गिरफ्तारी के सम्बन्ध में उल्लेखनीय है कि जनपद मेरठ में भारत सरकार द्वारा दी जाने वाली अल्पसंख्यक प्री-मेट्रिक छात्रवृत्ति को स्कूल - मदरसों के संचालकों प्रधानाध्यापक प्रबन्धक द्वारा तत्कालीन जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी मेरठ एवं अन्य की मिलीभगत से धोखाधड़ी करके अल्पसंख्यक छात्रों को वितरित की जाने वाली छात्रवृत्ति की धनराशि को हड़पने विषयक प्रकरण में उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ के आदेशानुसार थाना ईओडब्लू, मेरठ सेक्टर पर पंजीकृत मु.अ.सं.-60 19 धारा 409, 420, 467, 468, 471, 120 बी भादवि व 8 भ्र.नि. अधिनियम की विवेचना आर्थिक अपराध अनुसंधान मेरठ द्वारा सम्पादित की जा रही है। इस संगठन द्वारा की जा रहीं



उपरोक्त विवेचना में थाना - ईओडब्लू मेरठ सेक्टर पर पंजीकृत मु.अ.सं. 60 -19 में नामजद वांछित अभियुक्त अब्दुल रहमान पुत्र शफी उल हसन निवासी ग्राम रूकनपूर थाना भावनपुर जनपद मेरठ, प्रधानाचार्य मदरसा खदीज तुल कुबरा लिल बनात, रूकनपुर थाना भावनपुर जिला मेरठ द्वारा संचालित संस्था में भारत सरकार द्वारा प्रदत्त की गयी छात्रवृत्ति की कुल धनराशि - 1,16,000 - रू. एक लाख सोलह हजार रूपये को अन्य सह अभियुक्तों के साथ मिलकर गबन कर शासकीय धन की क्षति कारित की गयी है, जो उपरोक्त अभियोग में वांछित चल रहा था। की गिरफ्तारी बुधवार को हुई है।

# भारत के 100 शहरों में स्टील एज महोत्सव की शुरुआत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** फिजिकल सिक्योरिटी सॉल्यूशंस के क्षेत्र में विश्व प्रसिद्ध गुनेबो ब्रांड पिछले 90 वर्षों से भी अधिक समय से भारत में स्टीलएज और चबसेफ्स जैसे अपने प्रमुख ब्रांड्स के माध्यम से मैन्युफैक्चरिंग कर रहा है। कंपनी 1 अगस्त से 14 अगस्त तक अपना प्रमुख मार्केटिंग कैंपेन 'स्टीलएज महोत्सव' संचा. लित कर रही है। इस अभियान का उद्देश्य देशभर के ज्वेलर्स को बीआईएस और बीआईएस सर्टिफाइड सेफ्स, सर्टिफाइड स्ट्रॉन्ग रूम डोर्स और सर्टिफाइड वॉल्ट्स के बारे में जागरूक करना है। यह कैंपेन 100 से अधिक शहरों में चलाया जा रहा है, जो फिजिकल सिक्योरिटी सॉल्यूशंस इंडस्ट्री में अब तक के सबसे बड़े ऑन-ग्राउंड मार्केटिंग कैंपेन में से एक है।

# किडजी-जेड बी स्कूल में राखी प्रतियोगिता और जन्माष्टमी कार्यक्रम हुआ संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहजहांपुर।** शांति कालोनी स्थित किडजी एवं जेड बी स्कूल में रक्षाबंधन और श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर भक्ति, स्नेह और उत्साह से सराबोर रंगारंग दो कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। शनिवार को आगाज राखी बनाने की प्रतियोगिता से हुआ।

प्रतियोगिता में इबरा खान ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि हानिया तुर्क व कसीम खान संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान पर रहे। कबीर खान एवं गोरवांशी ने तृतीय, वहीं आयरा और इनाया ने चतुर्थ स्थान हासिल किया। बुधवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का आयोजन प्रारंभ हुआ। नन्हे अब्दुल समद कृष्ण रूप में पधारे और मनाल खान राधा स्वरूप में आईं, माहिरा खान ने मां यशोदा का भावपूर्ण अभिनय कर सबका मन मोह लिया, जबकि पाखी ने माता देवकी के रूप में श्रीकृष्ण जन्म की भावुक झांकी प्रस्तुत की। बच्चों की



मासूम अदाओं और भक्ति भाव से सजी प्रस्तुतियों ने सबको आनंद विभोर कर दिया। इस आयोजन में स्कूल प्रबंधक शोएब खान, प्रधानाचार्या आयुषी गोयल, अध्यापिकाएं दीपशिखा, पूनम शर्मा, हिफजा सैफी, इकरा अब्बासी, कौसर जहां, तथा कोऑर्डिनेटर नीलोफर खान, सुम्बुल खान समेत पूरा स्टाफ और अभिभावक उपस्थित रहे। सभी ने बच्चों के प्रयास और भक्ति भाव की सराहना की और उनके उज्ज्वल भविष्य व संस्कारों की गहराई के लिए मंगल कामनाएं दीं।

# कोतवाली पुलिस ने 10 घंटे में चोरी का किया खुलासा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** थाना कोतवाली पुलिस ने 10 घंटे के अन्दर सर्राफा बाजार की चोरी का शत्-प्रतिशत खुलासा किया है। पुलिस ने चोरी का पूरा माल भी बरामद कर लिया। थानाध्यक्ष कोतवाली योगेन्द्र कुमार, के अनुसार बालाजी कॉम्प्लैक्स कागजी बाजार सर्राफा से हुई चोरी की घटना रविवार को सतीश सालुखे निवासी मास्टर कॉलोनी थाना ब्रहमपुरी के यहा हुई थीं जिसमें अज्ञात चोर द्वारा दुकान का ताला तोड़कर सोना-चांदी व नकदी चोरी कर ले जाने की घटना दर्ज की गई थी। पुलिस टीम ने घटना में शामिल दो आरोपियों को मुम्बई से चोरी के माल सहित गिरफ्तार किया। पकड़े गये आरोपी सौरभ तानाजी साठे पुत्र तानाजी साठे निवासी आम्ब्राग थाना पाटन जनपद सतारा महाराष्ट्र, मोहन पंवार पुत्र मारुति पंवार निवासी आम्ब्राग थाना पाटन जनपद सतारा हैं।

# डीएम ने किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए कृषि अधिकारी को बनाया नोडल अधिकारी

- समस्या का समाधान नहीं हुआ तो फिर होगा जोरदार आंदोलनः अनुराग चौधरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भारतीय किसान यूनियन जिलाध्यक्ष अनुराग चौधरी के नेतृत्व में 11 अगस्त को ट्रैक्टर तिरंगा मार्च निकालकर कमिश्नरी पर किसान मजदूर महापंचायत का आयोजन किया था और अनिश्चितकालीन धरना दिया। दो दिन चले धरने के बाद डीएम के नेतृत्व में वार्ता हुई जिसमें अपर मंडलायुक्त समेत सभी अधिकारी मौजूद रहे जो कि समाधान सही नहीं लगने पर विफल रही। उसके बाद दोबारा शुरू हुई उसके उपरांत ऊर्जा भवन में प्रबंध निदेशक ईशा दुहुन से प्रतिनिधिमंडल ने वार्ता की और मुख्य विकास अधिकारी को ज्ञापन देकर धरना प्रदर्शन स्थगित कर दिया। डीएम वी.के. सिंह



ने किसानों के ज्ञापन के समाधान हेतु जिला कृषि अधिकारी राजीव सिंह को नोडल अधिकारी बनाया। जिस पर कृषि अधिकारी ने किसानों को लिखित रूप से सभी समस्याओं के समाधान का जवाब जिलाध्यक्ष अनुराग चौधरी को दिया। किसानों ने 156 शिकायतों का विवरण दिया। जिसमें से 86 समस्याओं का समाधान करना अंकित किया है। 84 समस्याओं के समाधान से किसान संतुष्ट है दो समस्याओं अटौला इंटरचेंज और एक्सप्रेस वे के बराबर में खेत के रास्ते से असंतुष्ट थे जिनका समाधान 15 दिन में करने का आश्वाशन एन एच आई ने दिया। इसके अलावा 9 समस्याओं के समाधान को एक माह में समाधान करना अंकित किया है 31 समस्याओं के समाधान मार्च तक किया जाना अंकित किया है 40 समस्या को शासन संबंधित बताई गई है। अनुराग चौधारी ने बताया कि अगले सप्ताह किसानों के प्रतिनिधिमंडल को मंडलायुक्त ने मिलने ओर वार्ता करने बुलाया है।

# किसानों ने कृषि मंत्री को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के राष्ट्रीय प्रवक्ता धर्मेन्द्र मलिक के नेतृत्व में, जिला अध्यक्ष कालू प्रधान एवं प्रदेश प्रभारी युवा मेराज मलिक की अगुवाई में किसानों की समस्याओं को लेकर एक ज्ञापन कृषि मंत्री शिवराज चौहान को सौंपा गया। ज्ञापन में किसानों के लिए मुफ्त इलाज योजना लागू करने, गन्ने का रेट उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 450 रुपये प्रति क्विंटल घोषित करने तथा प्रदेश में यूरिया खाद की कमी को तत्काल



दूर करने की मांग की गई। इस अवसर पर मेरठ की ओर से अभिलाष हुड्डा, सचिन करनावल, सनी चौधरी, नीरज राठी, पवन कौल, मंजीत धामा, सोनू धामा, कुश चौधरी, वीरपाल दबथुवा, डॉ. जुल्करनैन, फरमान, गुलशन हीवाल, कम्बोज, नाने खान, सरफराज सहित अन्य किसान नेता मौजूद रहे।

# तक्षशिला पब्लिक स्कूल कंकरखेड़ा में मनाई गई श्री कृष्ण जन्माष्टमी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** तक्षशिला पब्लिक स्कूल कंकरखेड़ा में बुधवार को श्री कृष्ण जन्माष्टमी बड़ी धूमधाम से मनायी गई। जिसमें बच्चों द्वारा रंगारंग प्रस्तुति के साथ-साथ रचनात्मक तथा कलात्मक गतिविधियों के द्वारा कृष्ण की बाल लीला तथा चरित्र को दर्शाया गया। जिसके अन्तर्गत बच्चों ने कृष्ण और राधा का स्वरूप धारण करते हुए भगवान श्री कृष्ण के जन्म अवस्था, बाल अवस्था व युवा अवस्था को चरित्रर्थ करते हुए झांकियों का प्रदर्शन किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों ने विभिन्न प्रस्तुतियां दी जिनमें मुख्य रूप से छलिया का वेश बनाया, भगत के वश में हैं भगवान तथा श्री कृष्ण लीला आदि गीतों पर नृत्य तथा नृत्य नाटिका से सबका मन मोह लिया। विद्यालय के चेयरमैन डॉ. ओमपाल सिंह व प्रधानाचार्य डॉ. प्रवीन कुमार पथरा ने श्री कृष्ण जनमोत्सव पर्व की सभी को बधाई देते हुए बच्चों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रमों की सराहना की। बच्चों को श्री कृष्ण भगवान के विषय में अवगत कराते हुए अपनी संस्कृति और सभ्यता को इसी प्रकार जीवित रखने प्रण लिया।

## तिरंगे की शान और स्वच्छ भारत का संदेश

# शाहजहांपुर में निकली रैली, गूंजे देशभक्ति के नारे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहजहांपुर।** हर घर तिरंगा और हर घर स्वच्छता अभियान के तहत नगर पंचायत शाहजहांपुर में बुधवार को भव्य तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। रैली में चेयरमैन वसी उर्र रहमान खान, अधिशासी अधिकारी सचिन पवार, सभासद, नगर पंचायत के अधिकारी कर्मचारी, विद्यालयों के छात्र छात्राएं और बड़ी संख्या में नगरवासी शामिल हुए। रैली के दौरान



प्रतिभागियों ने हाथों में तिरंगा लेकर देशभक्ति के नारे लगाए और स्वच्छता का संदेश दिया। कार्यक्रम में स्वच्छता शपथ भी दिलाई गई। चेयरमैन व अधिशासी अधिकारी ने बताया कि इस रैली का उद्देश्य नागरिकों में देशभक्ति की भावना जगाना और स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

# स्वामी श्रीबालचन्द्रानन्द इंटर कॉलेज ने धूमधाम से निकाली तिरंगा यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** क्षेत्र के गांव सदरपुर में स्थित स्वामी श्रीबालचंद्रानंन्द इंटर कॉलेज में शासन के आदेश पर स्वतंत्रता दिवस के संध्या पर तिरंगा यात्रा बड़ी धूमधाम से निकली गई। जिसमें छात्र-छात्राओं ने हाथों में तिरंगा लेकर पूरे गांव क्षेत्र में भ्रमण किया और इंकलाब जिंदाबाद, भारत माता की जय, वंदे मातरम के नारे लगाते हुए चल रहे थे।

तिरंगा यात्रा का शुभारंभ प्रबंधक चौधरी सचिन देशवाल ने तिरंगा झंडा दिखाकर यात्रा का शुभारंभ किया। यात्रा स्कूल से शुरू होकर गांव सदरपुर एवं मोडखुर्द के विभिन्न मोहल्ले में होती हुई भ्रमण किया जिसमें छात्र-छात्राओं ने भारत माता की



जय इंकलाब जिंदाबाद वंदे मातरम के नारे लगाते हुए जा रहे थे। इस मौके पर मुख्य रूप से प्रधानाचार्य अर्चना रानी, सहायक अध्यापिका स्तुति रानी, शोभा देवी, सहायक अध्यापक रवीश कुमार, सोनू सिंह, राहुल कुमार, सचिन कुमार आदि का सहयोग रहा।

# भारत में राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी को मंजूरी




● **31 अगस्त तक फाइनल बिडिंग प्रपोजल देना होगा**

**नई दिल्ली, वार्ता।** इंडियन ओलिंपिक संघ (आईओए) ने बुधवार को भारत की कामनवेल्थ गेम्स 2030 होस्ट करने की बिड को मंजूरी दे दी है। यह मंजूरी स्पेशल जनरल मीटिंग में दी गई है। मेजबानी के लिए भारत ने मार्च महीने में एक्सप्रेशन आफ इंटरेस्ट समिट किया था। अब भारत को 31 अगस्त से पहले फाइनल बिड के लिए प्रपोजल देना होगा। कनाडा के रेस से बाहर हो जाने के बाद भारत के लिए 2030 कामनवेल्थ गेम्स की मेजबानी पाने की संभावनाएं बढ़ गई हैं। हाल ही में कामनवेल्थ स्पोर्ट्स के डायरेक्टर डैरेन हाल के नेतृत्व में एक टीम ने अहमदाबाद स्थित आयोजन स्थलों का दौरा किया था। इतना ही नहीं, कामनवेल्थ स्पोर्ट्स के अधिकारियों ने गुजरात सरकार के अधिकारियों से मीटिंग भी की थी। इस महीने के अंत में एक और डेलिगेशन के अहमदाबाद पहुंचने की संभावना है। इस दौरे के बाद कामनवेल्थ स्पोर्ट्स की जनरल एसेंबली नवंबर के आखिर में होस्ट कंट्री तय करेगी। इससे पहले भारत ने 2010 के कामनवेल्थ गेम्स की मेजबानी की थी। भारत 2010 में दिल्ली में कामनवेल्थ गेम्स का आयोजन कर चुका है। पिछले साल 2036 ओलिंपिक के लिए दावेदारी की थी ब्ॅळ के अलावा, भारत 2036 के ओलिंपिक गेम्स की मेजबानी की तैयारी भी कर रहा है। पिछले साल नवंबर में भारत ने ओलिंपिक गेम्स-2036 की मेजबानी हासिल करने के लिए दावेदारी पेश की थी। 2032 तक के ओलिंपिक मेजबान तय हो चुके हैं। 2032 की मेजबानी आस्ट्रेलिया के ब्रिस्बेन शहर को दी गई है। जबकि 2028 के ओलिंपिक लास एंजिलिस में होने हैं। ाारत अब तक 3 मल्टी स्पोर्ट्स गेम्स की मेजबानी कर चुका है। इनमें 2010 में कामनवेल्थ गेम्स, 1982 और 1951 के एशियन गेम्स शामिल हैं।

# बिना खेले नंबर-2 पर रोहित

## आईसीसी रैंकिंग

● **बाबर आजम के खराब खेल से मिला फायदा, गिल नंबर-1 पर कायम, कोहली चौथे नंबर पर**



**दुबई, वार्ता।** बुधवार को जारी हुई आईसीसी वनडे रैंकिंग में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा बिना मैच खेले ही नंबर-2 बल्लेबाज बन गए हैं। रोहित के 756 रेटिंग पाइंट्स हैं। भारतीय कप्तान को वेस्टइंडीज दौरे पर पाकिस्तानी बैटर बाबर आजम के खराब प्रदर्शन का फायदा हुआ है। बाबर 3 मैचों की सीरीज में 56 रन ही बना सके हैं।

इससे वह दूसरे नंबर से खिसककर तीसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। बल्लेबाजों की लिस्ट में शुभमन गिल नंबर-1 पर हैं। उनके 784 रेटिंग पाइंट्स हैं। रोहित शर्मा ने 5 महीनों से कोई इंटरनेशनल मैच नहीं खेला है। पिछली बार वे 9 मार्च 2025 को न्यूजीलैंड के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में उतरे थे, अगर बाबर का ऐसा ही खेल जारी रहा, तो विराट कोहली भी उन्हें पीछे कर देंगे। साउथ अफ्रीका के खिलाफ पहले टी-20 में 83 रनों की विस्फोटक पारी खेलने वाले टिम डेविड 6 स्थान के उछाल के साथ 10वें स्थान पर आ गए हैं। यह टिम डेविड के करियर की बेस्ट रैंकिंग है।

भारत के अभिषेक शर्मा 829 रेटिंग पाइंट्स के साथ नंबर-1 पर हैं, जबकि तिलक वर्मा (804 रेटिंग पाइंट्स) इंग्लैंड के फिल साल्ट (791 पाइंट्स) को पीछे छोड़कर नंबर-2 पर आ गए हैं। एक दिन पहले मंगलवार, 12 अगस्त को दूसरे मैच में आस्ट्रेलिया के खिलाफ 41 बाल पर शतक बनाने वाले 22 साल के साउथ अफ्रीकी बल्लेबाज डेवाल्ड ब्रेविस को टी-20 बैटर्स की रैंकिंग में 80 स्थान का फायदा हुआ है। ब्रेविस ने नाबाद 125 रन की पारी खेली थी।

वे 21वें नंबर पर पहुंच गए हैं। टेस्ट आलराउंडर्स में जडेजा टॉप पर कायम भारत के रवींद्र जडेजा लगातार 179 हफ्तों से नंबर-1 टेस्ट आलराउंडर बने हुए हैं। उनके 405 रेटिंग पाइंट्स हैं। ताजा रैंकिंग में टॉप-10 ऑलराउंडर्स में कोई बदलाव नहीं हुआ है। भारत के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह टेस्ट की बालर्स रैंकिंग में नंबर-1 बने हुए हैं। न्यूजीलैंड के गेंदबाज मैट हेनरी को टेस्ट की बालिंग रैंकिंग में एक स्थान का फायदा हुआ है। वे 846 रेटिंग पाइंट्स के साथ नंबर-3 पर आ गए हैं। उन्होंने आस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस (838 अंक) को पीछे छोड़ा। हेनरी ने करियर बेस्ट रेटिंग पाइंट्स हासिल किया है। उन्होंने जिम्बाब्वे केखिलाफ 16 विकेट झटके थे।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### आयुष म्हात्रे करेंगे मुंबई टीम की कप्तानी

**मुंबई, वार्ता।** आयुष म्हात्रे आगामी सोमवार से शुरु होने वाले बुची बाबू टूर्नामेंट में मुंबई टीम की कप्तानी करेंगे। तमिलनाडु क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित यह बहु-दिवसीय टूर्नामेंट 18 अगस्त से नौ सितंबर तक चेन्नई में खेला जाएगा। मुंबई ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के संक्षिप्त और अंडर-19 टीम की कप्तानी करते हुए प्रभावशाली प्रदर्शन करने वाले युवा आयुष म्हात्रे को 17 सदस्यीय टीम की कमान सौंपी है। टीम में सरफराज खान और मुशीर खान भी शामिल हैं। **मुंबई टीमः** आयुष म्हात्रे (कप्तान), मुशीर खान, दिव्यांश, सरफराज खान, सुवेद (उपकप्तान), प्रग्नेश , हर्ष, साईराज, आकाश, आकाश आनंद (विकेट कीपर), हार्दिक तमोरे (विकेटकीपर), श्रेयस गुरव, यश डिचोलकर, हिमांशु सिंह, रॉयस्टन डायस, सिल्वेस्टर व इरफान उमैर।

### अखिल भारतीय बुचीबाबू क्रिकेट टूर्नामेंट 18 से

**चेन्नई, वार्ता।** गत विजेता हैदराबाद सहित कुल 16 टीमें चेन्नई में 18 अगस्त से 9 सितंबर तक आयोजित होने वाले अखिल भारतीय बुचीबाबू आमंत्रण क्रिकेट टूर्नामेंट में भाग ले रही हैं। टेक स्पोर्ट्स द्वारा प्रायोजित इस टूर्नामेंट में विज. ताओं को तीन लाख रुपये और उपविजेता को दो लाख रुपये की पुरस्कार राशि दी जाएगी, तमिलनाडु क्रिकेट संघ के अध्यक्ष अशोक सिगमणि और सचिव आर आई पलानी ने कल रात यहां संवाददाताओं को यह जानकारी दी। इस टूर्नामेंट में, जिसमें पिछले साल 12 टीमें शामिल थीं, इस साल 16 टीमें होंगी और सभी मैच चेन्नई में होंगे। पिछले दो वर्षों से यह ग्रामीण स्तर पर खेल को बढ़ावा देने के लिए जिलों में आयोजित किया जाता रहा है। ग्रुप चरण के मैच तीन दिवसीय होंगे।

# यूपी योद्धा ने सुमित सांगवान को कप्तान व आशु सिंह को उप कप्तान नियुक्त किया

● **कप्तान के रूप में सुमित सांगवान की नियुक्ति उनके मेट पर उत्कृष्ट प्रदर्शन को दर्शाती है**

लखनऊ, वार्ता। जीएमआर स्पोर्ट्स के स्वामित्व वाली यूपी योद्धा ने आगामी प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) सीजन 12 के लिए स्टार डिफेंडर सुमित सांग. वान को टीम का कप्तान और आशु सिंह को उप-कप्तान नियुक्त किया है।

सुमित (26) और आशु (27) दोनों ने सीजन 7 में यूपी योद्धा के साथ नए युवा खिलाड़ी (एनवाईपी) के रूप में अपनी यात्रा शुरू की और तब से टीम के रक्षात्मक ढांचे के स्तंभ बन गए हैं। होनहार नवोदित खिलाड़ियों से लीडर्स तक का उनका उदय, जीएमआर स्पोर्ट्स के दीर्घकालिक दृष्टिकोण का प्रमाण है, जो सिस्टम के भीतर से खिलाड़ियों को विकसित करता है, जो निष्ठा, प्रदर्शन और निरंतर विकास पर केंद्रित है।

सुमित सांगवान अपनी चपलता, समय और सामरिक बुद्धिमत्ता के लिए जाने जाते हैं। पिछले कुछ सीजन में वह लगातार लीग के शीर्ष डिफेंडरों में शुमार रहे हैं। कप्तान के रूप में उनकी नियुक्ति न केवल उनके मैट पर उत्कृष्ट प्रदर्शन को दर्शाती है, बल्कि आगे बढ़कर प्रेरित करने और नेतृत्व करने की उनकी क्षमता को भी दर्शाती है। योद्धाओं के एक और दिग्गज, आशु सिंह मुख्य रूप से एक कवर डिफेंडर के रूप में खेल रहे हैं। आशु ने अपनी अथक कार्य गति, निस्वार्थ खेल और दबाव में संयम से प्रभावित किया है। सुमित के साथ उनकी साझेदारी यूपी योद्धाओं की रक्षा रणनीति की नींव रही है। मुख्य कोच जसवीर सिंह ने दोनों के सफर की प्रशंसा करते हुए कहा कि सुमित और आशु असाधारण खिलाड़ी और सच्चे योद्धा हैं। अपने पहले मैच से ही, उन्होंने प्रतिबद्धता, अनुशासन और टीम-प्रथम मानसिकता का प्रदर्शन किया है। उन्होंने वर्षों के निरंतर प्रदर्शन और समर्पण के माध्यम से यह जिम्मेदारी अर्जित की है। अपने पेशेवर पदार्पण से ही फेंचाइजी का हिस्सा रहे कप्तान और उप-कप्तान के साथ, योद्धाओं को इस सीजन में अनुभव और युवा ऊर्जा का मिश्रण करके चैंपियनशिप का गौरव हासिल करने का पूरा भरोसा है।

# कोहली टी-20 में टॉप-5 से बाहर

● **वार्नर आगे निकले, टॉप-10 में 2 ही भारतीय शामिल, क्रिस ग्रेल अब भी नंबर-1 बल्लेबाज**



**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत के विराट कोहली को पीछे कर आस्ट्रेलिया के डेविड वार्नर टी-20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों में नंबर-5 पर पहुंच गए। उन्होंने मंगलवार को इंग्लैंड की द हंड्रेड लीग में फिफ्टी लगाई और कोहली को पीछे किया। वार्नर के नंबर-5 पर पहुंचने के साथ टॉप-5 रन स्कोरर में अब कोई भी भारतीय बाकी नहीं रहा। विराट के अलावा केवल रो. हत शर्मा ही टॉप-10 रन स्कोरर में शामिल भारतीय बैटर हैं। दोनों ही प्लेयर्स ने इंटरनेशनल टी-20 से संन्यास ले लिया है, ऐसे में सिर्फ आईपीएल खेलकर दोनों का इस रिकार्ड लिस्ट में आगे निकलना बहुत मुश्किल लग रहा है।

### टी-20 क्रिकेट के टॉप रन स्कोरर

1. **क्रिस गेल**- 22 शतक के साथ नंबर-1 -वेस्टइंडीज के विस्फोटक क्रिस गेल के नाम अब भी टी-20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकार्ड है। इनमें इंटरनेशनल, आईपीएल और दुनियाभर की ए-ग्रेड लीग के रन शामिल हैं। गेल टी-20 में 22 शतक लगाने वाले भी दुनिया के इकलौते बैटर हैं। उनके 14,562 रन के आंकड़े को कोई नया बैटर तोड़ सकता है।

2. **कायरन पोलार्ड**- शतक कम, फिफ्टी ज्यादा- वेस्टइंडीज के ही विस्फोटक फिनिशर कायरन पोलार्ड टॉप रन स्कोरर में दूसरे नंबर पर हैं। उन्होंने इंटरनेशनल और आईपीएल से तो संन्यास ले लिया है, लेकिन वे अब भी अमेरिका और साउथ अफ्रीका की लीग खेल रहे हैं। इसलिए वे भी गेल के रिकार्ड तोड़ सकते हैं। फिनिशर की पोजिशन निभाने के कारण पोलार्ड के नाम शतक तो 1 ही है, लेकिन फिफ्टी 63 हैं।

3. **एलेक्स हेल्स**- दुनियाभर की लीग खेलते हैं। इंग्लैंड के एलेक्स हेल्स भी इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं, लेकिन लीग क्रिकेट खेल रहे हैं। वे 13,814 रन बना चुके हैं और जल्द ही 15 हजार रन का आंकड़ा भी पार कर सकते हैं। उनके नाम 7 सेंचुरी और 87 फिफ्टी हैं।

4. **शोएब मलिक**- बगैर सेंचुरी के टॉप स्कोरर-टॉप-10 रन स्कोरर में शामिल पाक के इकलौते खिलाड़ी शोएब मलिक के नाम टी-20 में बगैर सेंचुरी लगाए सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकार्ड है। वे भी इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं, लेकिन पाकस्तान सुपर लीग का हिस्सा अब भी हैं।

5. **डेविड वार्नर**- 100 प्लस फिफ्टी लगा चुके- आस्ट्रेलिया के डेविड वार्नर ने मंगलवार को ही टॉप-5 रन स्कोरर में एंट्री की। उन्होंने द हंड्रेड लीग में फिफ्टी लगाई और विराट कोहली को पीछे छोड़ा।

# 'बार्बी' अवतार में उतरीं वीनस विलियम्स



**मुंबई वार्ता।** अग्रणी वैश्विक खिलौना और पारिवारिक मनोरंजन कंपनी मैटल, इंक-, टेनिस आइकन, उद्यमी और समान वेतन की पैरोकार वीनस विलियम्स के सम्मान में भारत में रिलीज़ होने वाली पहली बार्बी इंस्पायरिंग वुमैन डॉल को गर्व से प्रस्तुत कर रही है। यह डॉल भारतीय बाजार में इस विश्वव्यापी रूप से पसंद की जाने वाली श्रृंखला की शुरुआत का प्रतीक है, जो उन उल्लेखनीय महिलाओं को श्रद्धांजलि देती है जिनकी उपलब्धियों ने इतिहास बदल दिया है और पीढ़ियों को प्रेरित किया है। 1959 से, बार्बी ब्रांड का उद्देश्य हर लड़की में असीम क्षमता को प्रेरित करना रहा है। 250 से ज्यादा करियर और अनगिनत सांस्कृतिक पलों के माध्यम से, बार्बी ने कल्पना को प्रज्वलित करते हुए समय को प्रतिबिंबित किया है। इंस्पायरिंग वुमैन सीरीज दुनिया भर की वास्तविक जीवन की रोल मॉडल - उन साहसी महिलाओं को सम्मानित करके इस विरासत को जारी रखती है जिन्होंने जोखिम उठाया, बाधाओं को तोड़ा और लड़कियों को दिखाया कि वे कुछ भी कर सकती हैं।

# इंडिया 'ए' टीम ने ऑस्ट्रेलिया 'ए' को हराया

● **राधा यादव ने तीन विकेट व तितास साधु और मिन्नू मनी को दो-दो विकेट मिले**



**ब्रिस्बेन, वार्ता।** राधा यादव (तीन विकेट), तितास साधु और मिन्नू मनी (2-2 विकेट) के बाद यास्तिका भाटिया (59) और शेफाली वर्मा (36) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत इंडिया ए महिला टीम ने पहले एकदिवसीय मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ए को 48 गेंदें शेष रहते तीन विकेट से हरा दिया। इसी के साथ इंडिया ए ने तीन मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है।

215 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी यास्तिका भाटिया और शेफाली वर्मा की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 77 रन जोड़े। 11वें ओवर में सियाना जिंजर ने शेफाली वर्मा (36) को आउटकर ऑस्ट्रेलिया ए को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी धारा गुज्जर ने यास्तिका भाटिया के साथ दूसरे विकेट के लिए 63 रनों की साझेदारी की। धारा गुज्जर 31 गेंदों में 36 रन, तेजल हसबनिस (आठ) रन बनाकर आउट हुई। यास्तिका भाटिया ने 70 गेंदों में सात चौकों की मदद से 59 रनों की पारी खेली। तनुश्री सरकार (तीन), राधा यादव (19) और मिन्नू मनी एक रन बनाकर आउट हुई। इंडिया ए ने 42 ओवर में सात विकेट पर 215 रन बनाकर मुकाबला तीन विकेट से जीत लिया।

राघवी बिष्ट ने 34 गेंदों में दो चौके और एक छक्के की मदद से नाबाद 25 रन बनाये। ऑस्ट्रेलिया की ओर से लूसी हैमिल्टन और एला हेवर्ड ने दो-दो विकेट लिए। किम गार्थ, सियाना लजजर और टेस फ़ल्लटॉफ ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले इयान हीली ओवल मैदान पर मंगलवार रात खेले गये मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ए महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने अपने शुरुआती तीन विकेट 50 के स्कोर पर गंवा दिए। तालिया विल्सन (सात), एलिसा हीली (14) और कप्तान तालिया मैक्ग्रा नौ रन बनाकर आउट हुई। इसके बाद अनिका लीरॉइड ने रेचल ट्रेनामैन के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। दोनों बल्लेबाजों ने चौथे विकेट लिए 63 रन जोड़े। 24वें ओवर में रेचल ट्रेनामैन (51) रनआउट हुई। इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी निकोल फॉल्टम ने कुछ देर संघर्ष किया। फॉल्टम (18) रन बनाकर आउट हई। इसके बाद तो भारतीय गेंदबाजी आक्रमण के आगे ऑस्ट्रेलिया ए का कोई भी बल्लेबाज अधिक देर तक नहीं टिक सका।

### यूपी कबड्डी लीग की वापसी, 25 दिसंबर से शुरू होगी

**लखनऊ, वार्ता।** 13 अगस्त, 2025, उत्तर प्रदेश - उत्तर प्रदेश कबड्डी लीग अपने धमाकेदार आगाज के बाद और भी ज्यादा रोमांच, जोश और स्थानीय गौरव का वादा करते हुए वापस आ गई है। सीजन 2 गुरुवार, 25 दिसंबर, 2025 को शुरू होगा, जो राज्य के सबसे रोमांचक खेल मंचों में से एक - उत्तर प्रदेश की बेहतरीन कबड्डी प्रतिभाओं के लिए एक पेशेवर मंच - की वापसी का प्रतीक है। यह उपलब्धि लीग के पहले सीजन की गति को और बढ़ाती है, जिसने बार्क इंडिया के अनुसार 3 करोड़ से ज्यादा टीवी दर्शकों तक पहुंच बनाई और 30 करोड़ से ज्यादा डिजिटल इंप्रेशन अर्जित किए, जो मुख्य रूप से टियर 2 और टियर 3 शहरों के दर्शकों द्वारा संचालित थे। सीजन 2 नई फ्रेंचाइजी, ज्यादा मैचों तथा और भी ज्यादा प्रशंसक जुड़ाव के साथ उत्साह को और बढ़ाने के लिए तैयार है।

# विंडीज ने पाक को रौंदा, सीरीज जीती



● **कप्तान साई होप ने नाबाद 120 रनों की तूफानी पारी खेली, सील्स ने छह विकेट हासिल किए**

**टरूबा, वार्ता।** कप्तान शाई होप (नाबाद 120) की तूफानी पारी के बाद जेडेन सील्स (छह विकेट) के शानदार प्रदर्शन की वनडे मुकाबले में पाकिस्तान पर रिकार्ड 202 रनों से ऐतिहासिक जीत दर्ज कर 34 साल के बाद एकदिवसीय श्रृंखला 2-1 से अपने नाम कर ली। 295 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत बेहद खराब रही उसने तीसरे ओवर में मात्र आठ रन के स्कोर पर अपने तीन विकेट गंवा दिए। सैम अयूब,अब्दुल्लाह शफीक व कप्तान रिजवान को जेडेन सील्स को बिना खाता खोले ही पवेलियन भेज दिया। सील्स का अगला शिकार बाबर (नौ) बने। आगा सलमान ने अपनी टीम के लिए सर्वाधिक 30 रनों की पारी खेली। उन्हें गुडाकेश मोती ने अपनी गेंद पर कैच आउट किया। हसन नवाज (13) और नसीम शाह छह रन बनाकर आउट हुए। वेस्टइंडीज के गेंदबा. जों ने पाकिस्तान की पूरी टीम को 29-2 ओवर में 92 के स्कोर पर समेट कर पाकिस्तान के खिलाफ 34 साल बाद एकदिवसीय श्रृंखला में 202 रनों से जीत दर्ज की। मोहम्मद नवाज 23 रन बनाकर नाबाद रहे। वेस्टइंडीज की ओर से जेडेन सील्स ने 7-2 ओवर में 18 रन देकर छह विकेट लिए। पुरुष एकदिवसीय क्रिकेट के इतिहास में किसी विंडीज गेंदबाज द्वारा यह तीसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। गुडाकेश मोती को दो विकेट मिले। रॉस्टन चेज ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले त्रिनिदाद के ब्रायन लारा स्टेडियम में मंगलवार को खेले गये हुए निर्णायक मैच में पाक ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी विंडीज की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने महज 10 रन के स्कोर पर ब्रैंडन किंग (पांच) का विकेट गंवा दिया।

# एशिया कप: क्या टी-20 में होगी गिल की वापसी?

**यशस्वी जायसवाल की तरह ही भारतीय टेस्ट टीम के कप्तान शुभमन गिल ने अंतिम बार टी-20 जुलाई 2024 में ही खेला था**



**नई दिल्ली, वार्ता।** एशिया कप भारतीय टीम के लिए काफी अहम रहने वाला है। यह टूर्नामेंट टी-20 वर्ल्ड कप की तैयारियों के साथ ही चयन की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। ऐसे में हम भारत की पारी की शुरुआत करने के प्रबल दावेदारों पर एक नजर डालते हैं।

### अभिषेक शर्मा

जुलाई 2024 में जिम्बाब्वे के खिलाफ अभिषेक ने शून्य से अपने अंतर्राष्ट्रीय करियर की शुरुआत की थी लेकिन जल्द ही उन्होंने शिखर तक का सफर तय कर लिया और वह आगामी टी-20 वर्ल्ड कप में भारत के लिए पारी की शुरुआत करने के प्रबल दावेदार हैं।

अभिषेक अक्टूबर 2024 से टी-20 में भारतीय टीम का नियमित हिस्सा हैं और अब तक खेले कुल 17 मैचों में 135 के स्ट्राइक रेट और दो शतकों की बदौलत 535 रन बना चुके हैं। अभिषेक ने एक शतक जिम्बाब्वे और एक दक्षिण अफीका के खिलाफ लगाया था।

### संजू सैमसन

सैमसन पिछले कुछ समय से भारत के टी-20 दल का नियमित हिस्सा रहे हैं। उन्होंने पिछले साल बांग्लादेश के खिलाफ एक और दक्षिण अफीका में दो शतक जड़े थे। सैमसन ने इस अवधि में अपने टी-20 रिकॉर्ड को सुधारा और अब 42 पारियों में सैमसन के नाम 25-32 की औसत से 861 रन हैं।

हालांकि इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू टी-20 सीरीज में सैमसन कुछ खास प्रदर्शन नहीं कर पाए थे और पांच पारियों में उनके बल्ले से महज कुल 51 रन ही निकले थे। आईपीएल में सैमसन चोट से परेशान थे जिसके चलते वह नौ मैच ही खेल पाए। इस दौरान सैमसन ने 35-62 की औसत और 140-39 के स्ट्राइक रेट से कुल 285 रन बनाए। अब देखना है कि भारत अभिषेक और सैमसन की सलामी जोड़ी के साथ ही आगे बढ़ने का फ़ैसला करता है या नहीं।

### यशस्वी जायसवाल

जायसवाल को भारत के लिए टी-20 खेले एक वर्ष से अधिक बीच चुके हैं लेकिन टेस्ट प्रारूप में उन्होंने अपनी जमकर छाप छोड़ी है। जायसवाल ने भारत के लिए अंतिम टी-20 जुलाई 2024 में श्रीलंका में खेला था। हालांकि इसके बाद जायसवाल ने भारत के लिए केवल टेस्ट प्रारूप ही खेला है। जायसवाल ने अब तक टी-20 करियर में कुल 23 मैच खेले हैं जिसमें उन्होंने 36-15 की औसत से 723 रन बनाए हैं। जायसवाल पिछले टी-20 वर्ल्ड कप में भी भारत का हिस्सा थे लेकिन रोहित शर्मा के साथ विराट कोहली के भारत की पारी का आगाज करने के चलते उन्हें एक भी मुकाबला खेलने का मौका नहीं मिला। अभिषेक की तरह ही बाएं हाथ के बल्लेबाज जायसवाल अपनी आक्रामक शैली के लिए जाने जाते हैं ऐसे में आगामी टी-20 वर्ल्ड कप की दावेदारी से उन्हें दरकिनार नहीं किया जा सकता। आईपीएल 2025 में भी जायसवाल सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज़ों की सूची में सातवें स्थान पर थे। उन्होंने 14 पारियों में छह अर्धशतक और 159-71 के स्ट्राइक रेट के साथ 559 रन बनाए थे।

### शुभमन गिल

जायसवाल की तरह ही भारतीय टेस्ट कप्तान गिल ने अंतिम बार टी-20 जुलाई 2024 में ही खेला था। हालांकि गिल ने टी-20 वर्ल्ड कप के ठीक बाद जिम्बाब्वे दौरे पर भारतीय टीम की अगुवाई भी की थी। भारतीय टेस्ट कप्तान के रूप में भी गिल ने अपनी पहली सीरीज में प्रभावशाली प्रदर्शन किया और वह प्लेयर ऑफ द सीरीज भी बने। आईपीएल 2025 में गिल ने गुजरात टाइटंस को तीसरी बार प्लेऑफ में पहुंचाने में अहम भूमिका अदा की थी।

# सहभागी प्रक्रिया बने

फैसले जब कभी भी प्राकृतिक न्याय के सिद्धांत पर आधारित होते हैं, तो उनका मकसद किसी खास सामाजिक उद्देश्य को पूरा करना होता है या किसी विशिष्ट गलती को सुधारना होता है। प्रत्यारोपण की प्रतीक्षा कर रही महिला रोगियों और मृतक दाताओं के रिश्तेदारों को लाभार्थियों के रूप में प्राथमिकता देने संबंधी राष्ट्रीय अंग एवं ऊतक प्रत्यारोपण संगठन (एनओटीटीओ) की हालिया सलाह लिंग संबंधी धारणा को नए सिरे से परिभाषित करने का एक रास्ता है। एनओटीटीओ के दशकीय आंकड़ों (2013-23) को अगर देखें, तो पता चलता है कि अंग प्रत्यारोपण के मामले में लैंगिक असमानता है। एनओटीटीओ के मुताबिक, 2023 में, सभी जीवित दाता प्रत्यारोपणों में महिलाओं की हिस्सेदारी 63 फीसदी थी, फिर भी प्रत्यारोपण के लिए अंग प्राप्त करने वालों में उनकी हिस्सेदारी महज 24 फीसदी (हृदय के लिए) और 47 फीसदी (फेफड़े के लिए) के बीच थी। वर्ष 2023 में किडनी प्रत्यारोपण की लाभार्थियों में सिर्फ 37 फीसदी महिलाएं थीं, जबकि लिवर प्रत्यारोपण में महिलाओं की हिस्सेदारी 30 फीसदी थी। अग्न्याशय प्रत्यारोपण में, कुल लाभार्थियों में महिलाओं की हिस्सेदारी 26 फीसदी तक ही थी। ब्रिटिश मेडिकल जर्नल के विश्लेषण से पता चला है कि पिछले पांच सालों के दौरान भारत में हुए 56,509 जीवित अंगदानों में से 36,038 में महिलाओं का योगदान रहा, और सिर्फ 17,041 मामलों में ही उन्हें प्रत्यारोपण का फायदा मिला। एनओटीटीओ ने अपनी सलाह में कहा कि यह सिफारिश अंग प्रत्यारोपण के प्राप्तकर्ताओं के बीच लैंगिक असंत. ुलन को दूर करने की एक कोशिश है ताकि प्रतीक्षारत महिला रोगियों के लिए आवंटन संबंधी मानदंडों में अतिरिक्त अंक प्रदान करने का प्रावधान किया जा सके। यूं तो यह कदम निश्चित रूप से सराहनीय है, लेकिन यह प्रक्रियागत परेशानियों में लिपटा हो सकता है। वर्तमान में, स्वास्थ्य कारणों को छोड़कर, अंग आवंटन संबंधी प्रोटोकॉल किसी एक प्राप्तकर्ता को दूसरे प्राप्तकर्ता के मुक. ाबले तरजीह देने की इजाजत नहीं देते हैं। लिहाजा, महिलाओं और/या पूर्व दाताओं के निकट संबंधियों को प्राथमिकता देने का कोई प्रावधान नहीं है। एनओटीटीओ की सलाह के बाद से, यह भी सवाल उठे हैं कि 'निकट संबंधियों' की परिभाषा में किसे शामिल किया जाना चाहिए और प्रत्यारोपण के लिए शव के अंग दान करने वाले सभी परिवारों (1995 से) को लाभार्थी माना जाएगा या नहीं। इस सलाह को अमल में लाने वाले लोगों के बीच मुख्य डर इस बात का मालूम होता है कि यह कदम बिना बारी (आउट-ऑफ-टर्न) आवंटन को सुविधाजनक बनाने का एक और चोर दरवाजा बन सकता है, खासकर वैसी स्थिति में जब भारत में अंग निकालने वाले रैकेट का भंडाफोड़ जारी है। हालांकि, किसी जरूरी चीज को गैरजरूरी चीज के साथ बाहर फेंक देने का कोई मतलब नहीं है। खासकर, जब पितृसत्तात्मक मानदंडों वाले समाज में ज्यादा समावेशी होने के इरादे से काम किया जा रहा हो तो। यह महत्वपूर्ण है कि कार्यान्वयन में शामिल रहने वाले विभिन्न एजेंसियों को साथ लेकर एनओटीटीओ इस कदम को एक सहभागी प्रक्रिया बनाए। अब जबकि मानव अंग प्रत्यारोपण अधिनियम के तहत उचित कार्यान्वयन सुनिश्चित करना और इन सबसे सबसे भी ऊपर, अंगों के सीमित भंडार तक पहुंच को व्यापक बनाना महत्वपूर्ण है, तो यह जरूरी है कि स्वास्थ्य मापदंडों के आधार पर अंग प्रत्यारोपण की सबसे ज्यादा जरूरत वाले व्यक्ति को अंग से वंचित न करने के सिद्धांत का हमेशा पालन किया जाए।

## उन्हें ऐसी बकवास नहीं करनी चाहिए



पाक प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के बयान कोई पाकिस्तान से पानी की एक बूंद भी नहीं छीन सकता, जैसी धमकियों का भारत पर कोई असर नहीं होगा, ब्रह्मोस है हमारे पास, उन्हें ऐसी बकवास नहीं करनी चाहिए, बहुत हो गया, भारत बनाम पाकिस्तान के बीच संभावित क्रिकेट मैंच मैं देखने नहीं जा रहा हूं, मेरी अंतरात्मा, मेरा दिल इसकी इजाजत नहीं देता, हमें उस देश के लोगों के साथ क्रिकेट क्यों खेलना है, जो हमें हर दिन धमकी दे रहे हैं, आप पानी देना बंद कर चुके हैं, पानी से बड़ी कोई जरूरत है क्या, आपने बॉर्डर बंद कर दिए, आपने व्यापार बंद कर दिए, कितना नुकसान होगा, 300 -400 करोड़, मेरा जमीर गवारा नहीं करता।

**-असदुद्दीन ओवैसी, सांसद, एआईएमआईएम**

# हर घर तिरंगा: राष्ट्रभक्ति का जनांदोलन और राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक





**योगेश कुमार गोयल**

भारत के राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे की शान और उसकी महिमा केवल कपड़े के तीन रंगों में नहीं बल्कि करोड़ों भारतीयों की भावनाओं, सपनों और बलिदानों में बसी हुई है। तिरंगा केवल तीन रंगों और एक चक्र का संयोजन नहीं, भारत की आत्मा, पहचान और गौरव का प्रतीक है। यह केवल एक ध्वज नहीं, स्वतंत्रता, एकता और राष्ट्रीय गर्व का जीवंत प्रतीक है। इसमें वह शक्ति है, जो देश के हर नागरिक को एकता के सूत्र में बांध सकती है। केसरिया रंग त्याग और साहस, सफेद रंग शांति और सत्य, तथा हरा रंग समृद्धि और विकास का संदेश देता है। अशोक चक्र न्याय, प्रगति और निरंतर गतिशीलता का प्रतीक है। तीन साल पहले शुरू हुई हर घर तिरंगा पहल आज केवल एक सरकारी अभियान नहीं बल्कि एक विशाल जन आंदोलन में बदल चुकी है, जिसने देश के कोने-कोने में देशभक्ति की ऐसी लहर पैदा कर दी है, जिसकी गूंज हर दिल में सुनाई देती है। वर्ष 2022 में जब 'हर घर तिरंगा' अभियान की शुरुआत हुई थी, तब शायद ही किसी ने सोचा होगा कि यह एक विशाल जनांदोलन का रूप ले लेगा। इस वर्ष इस पहल का चौथा संस्करण 2 अगस्त से शुरू होकर 15 अगस्त तक पूरे देश में जोश और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है।

**अभियान की शुरुआत और उद्देश्य**

वर्ष 2022 में भारत जब अपनी स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूरे कर रहा था, केंद्र सरकार ने आजादी का अमृत महोत्सव के तहत एक अनोखी पहल की थी हर घर तिरंगा। इस पहल का उद्देश्य केवल ध्वज फहराना भर नहीं था बल्कि हर नागरिक को अपने राष्ट्रीय ध्वज से एक व्यक्तिगत और भावनात्मक जुड़ाव महसूस कराना था। उससे पहले तिरंगा केवल सरकारी भवनों, स्कूलों या विशेष अवसरों पर ही फहराया जाता था। आम नागरिकों के घरों में इसे फहराना उतना प्रचलित नहीं था लेकिन इस अभियान ने इसे जन-जन तक पहुंचाया और लोगों को अहसास दिलाया कि तिरंगा केवल सरकारी पहचान नहीं बल्कि हम सबकी पहचान है। वर्ष 2022 में भारतीय ध्वज संहिता 2002 में भी ऐतिहासिक संशोधन किए गए, जिससे तिरंगे को दिन के साथ-साथ रात में भी पर्याप्त रोशनी में फहराने की अनुमति मिली। पहले नियम था कि तिरंगा केवल सूर्योदय से सूर्यास्त तक ही फहराया जा सकता है लेकिन 20 जुलाई 2022 के संशोधन के बाद, अब इसे रात में भी फहराया जा सकता है, बशर्ते यह खुले स्थान पर पर्याप्त रोशनी में हो। साथ ही, हाथ से काते या बुने हुए कपड़े के अलावा मशीन से बने कपास, पॉलिएस्टर, ऊन, रेशम और खादी के झंडे को भी अनुमति दी गई।

**अभियान का विस्तार और रिकॉर्ड उपलब्धियां**

2022 का अभियान अभूतपूर्व रहा। संस्कृति मंत्रालय के अनुसार, 23 करोड़ से अधिक परिवारों ने उस वर्ष अपने घरों में तिरंगा फहराया था और लगभग 6 करोड़ लोगों ने हर घर तिरंगा वेबसाइट पर अपनी सेल्फी विद तिरंगा अपलोड की थी। डाक विभाग ने इस अभियान को अंतिम छोर तक पहुंचाने के लिए विशेष प्रयास किए ताकि देश के सबसे सुदूर और दुर्गम क्षेत्रों में भी राष्ट्रीय ध्वज उपलब्ध हो सके। 2023 में यह अभियान और व्यापक हुआ। उस वर्ष 10 करोड़ से अधिक तिरंगा सेल्फी अपलोड की गई। यही नहीं, चंडीगढ़ में 5,885 लोगों की भागीदारी के साथ राष्ट्रीय ध्वज लहराते हुए दुनिया की सबसे बड़ी मानव श्रंखला का गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड भी बनाया गया। यह न केवल अभियान की सफलता थी बल्कि दुनिया को यह संदेश भी था कि भारत का राष्ट्रीय ध्वज करोड़ों दिलों को एक सूत्र में बांध सकता है। 2024 में भी यह उत्साह बरकरार रहा। 5 करोड़ से अधिक लोगों ने अपनी सेल्फी विद तिरंगा वेबसाइट पर साझा की।

अब 2025 में यह अभियान अपने चौथे संस्करण में प्रवेश कर चुका है, जो 2 अगस्त से 15 अगस्त तक चल रहा है। संस्कृति मंत्रालय ने इस वर्ष भी नागरिकों से अपील की है कि वे तिरंगा स्वयंसेवक बनकर अधिक से अधिक लोगों को जोड़ें, उन्हें अपने घरों में तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित करें और देशभक्ति की भावना को नई ऊंचाईयों तक पहुंचाएं।

**एक राष्ट्रगान, एक झंडा, एक राष्ट्र**

हर घर तिरंगा केवल ध्वज फहराने का कार्यक्रम नहीं है, बल्कि यह एक राष्ट्रगान, एक झंडा और एक राष्ट्र की भावना का विस्तार है। यह हमें याद दिलाता है कि भले ही हम अलग-अलग भाषाएं बोलते हों, अलग-अलग संस्कृतियों में जीते हों लेकिन हमारा राष्ट्रीय ध्वज हमें एकता के सूत्र में पिरोता है। इस वर्ष का अभियान हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता स्वतंत्रता और स्वच्छता के इस संगम को जीवंत करता है, जहां तिरंगा राष्ट्रीय गर्व का प्रतीक है और स्वच्छता हमारे जीवन मूल्यों व संस्कारों का दर्पण। यह केवल सरकारी अभियान नहीं बल्कि प्रत्एक नागरिक का व्यक्तिगत संकल्प है कि हम अपने घर, मोहल्ले और देश को स्वच्छ रखें ताकि आने वाली पीढ़ियां भी गर्व से इस धरा पर जीवन जी सकें। स्वच्छ वातावरण में लहराता तिरंगा न केवल स्वतंत्रता का संदेश देगा बल्कि यह भी जताएगा कि हमने आजादी के साथ जिम्मेदारी निभाना भी सीखा है।

**सम्मान और मर्यादा का संहिता-पत्र**

राष्ट्रीय ध्वज के महत्व को समझना उतना ही आवश्यक है, जितना उसे फहराना। भारतीय ध्वज संहिता 2002 राष्ट्रीय ध्वज से संबंधित सभी कानूनों, परंपराओं और दिशा-निर्देशों का संकलन है। तिरंगे का अनुपात हमेशा 3:2 होना चाहिए और तीनों पट्टियां (केसरिया, सफेद और हरी) समान चौड़ाई की होनी चाहिए। तिरंगे को हमेशा सम्मान के साथ प्रदर्शित किया जाना चाहिए, क्षतिग्रस्त या मैला झंडा फहराना अपमानजनक है। इसे किसी भी अन्य ध्वज के साथ एक ही मस्तूल पर नहीं फहराया जा सकता, न ही इसे उल्टा प्रदर्शित किया जा सकता है। राष्ट्रीय ध्वज का उपयोग सजावट, परिधान, वस्त्र या किसी वस्तु को ढ़कने के लिए नहीं किया जा सकता। यह जमीन, पानी या फर्श को स्पर्श नहीं करना चाहिए। किसी वस्तु को लपेटने के लिए ध्वज का उपयोग नहीं किया जा सकता। क्षतिग्रस्त होने पर इसे गरिमा के साथ नष्ट किया जाना चाहिए।

**जन भागीदारी और सामाजिक संदेश**

हर घर तिरंगा एक खास सामाजिक बदलाव लाया है। यह अभियान बच्चों और युवाओं को राष्ट्रीय ध्वज के महत्व, उसके इतिहास और उससे जुड़े बलिदानों के बारे में जागरूक कर रहा है। स्कूलों, कॉलेजों, समाजिक संगठनों और आवासीय कॉलोनियों में तिरंगा रैलियां, चित्रकला प्रतियोगिताएं और सांस्कृतिक कार्यक्रम इस पहल का हिस्सा बन गए हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर सेल्फी विद तिरंगा एक देशव्यापी ट्रेंड बन चुका है, जिससे डिजिटल माध्यम से भी देशभक्ति का संदेश फैल रहा है। जब यह तिरंगा घर-घर लहराता है तो यह न केवल हमारी पहचान को प्रकट करता है बल्कि हमें यह भी याद दिलाता है कि इस स्वतंत्रता के पीछे अनगिनत बलिदानों का इतिहास है। हर घर तिरंगा अभियान ने साबित कर दिया है कि यदि उद्देश्य पवित्र हो और भावनाएं सच्ची तो कोई भी पहल जन-जन की आवाज बन सकती है। आज यह पहल केवल स्वतंत्रता दिवस का हिस्सा नहीं बल्कि एक राष्ट्रीय परंपरा बनने की ओर अग्रसर है। जब 140 करोड़ भारतीय अपने घरों, गलियों, शहरों और गांवों में एक साथ तिरंगा फहराते हैं तो यह केवल एक दृश्य नहीं बल्कि राष्ट्र की आत्मा का उत्सव होता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# लोकतंत्र की लूट में मीडिया की बेशर्म भूमिका

**टीवी चैनलों की आय का 70-80 प्रतिशत हिस्सा सरकारी विज्ञापनों से आता है, जिसके कारण मीडिया सत्ता के खिलाफ खुलकर बोलने में हिचकता है। सवाल यह है कि क्या 2014 से पहले भी मीडिया सरकार का ऐसा ही भोंपू था जैसा आज है? क्या उस समय इन मीडिया घरानों को विज्ञापन का लालच नहीं था? याद कीजिए उस अन्ना आंदोलन का दौर जिसके कंधे पर सवार होकर भाजपा आज सत्तारूढ़ है। उस समय तो इसी मीडिया ने सत्ता विरोधी माहौल देश में पैदा किया था।**



**निर्मल रानी**

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा चुनाव के दौरान होने वाली व्यापक धांधलियों को लेकर चुनाव आयोग पर जोरदार हमला बोला गया है। उन्होंने इस तरह के अनेक प्रमाण पेश किए जिससे यह साफतौर पर साबित होता है कि देश में बड़े स्तर पर वोटों की चोरी की जा रही है। राहुल गांधी द्वारा 7 अगस्त 2025 को वोट चोरी से सम्बंधित एक विशाल प्रेस कॉन्फ्रेंस करने के बाद https://votechori.in नाम से एक वेबसाइट लांच की गई तथा साथ ही यूजर मिस्ड कॉल हेतु 9650003420 नंबर भी घोषित किया गया। इस नंबर या वेबसाइट पर जाकर देश के आम लोग फॉर्म भरकर इस अभियान से जुड़ सकते हैं।

यह अभियान मुख्य रूप से भारतीय चुनावों में मतदाता सूची में हेराफेरी, फर्जी वोटर्स और चुनाव आयोग की कथित मिलीभगत पर केंद्रित है। वेबसाइट का मुख्य लक्ष्य जनता को वोट चोरी के खिलाफ एकजुट करना है। इसमें चुनाव आयोग से डिजिटल मतदाता सूचियों को सार्वजनिक करने की मांग की गई है, ताकि जनता और राजनीतिक दल इनकी जांच कर सकें। राहुल गांधी का सीधा आरोप है कि सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी चुनावी प्रक्रिया पर व्यवस्थित तरीके से हमला कर रही है और चुनाव आयोग इसमें शामिल है। सत्ता व चुनाव आयोग का यह गठजोड़ एक व्यक्ति, एक वोट के सिद्धांत को कमजोर कर रहा है।

चुनाव आयोग को कटघरे में खड़ा करने के बाद बजाए इसके कि वह राहुल गांधी के आरोपों की जांच करने की बात करता और देश के मतदाताओं को यह विश्वास दिलाने की कोशिश करता कि देश में चुनाव निष्पक्ष संपन्न होते हैं। उल्टे चुनाव आयोग ने अपनी वेबसाइट ही बंद कर दी? क्या ऐसा इसलिए नहीं किया गया कि मतदाता चुनाव आयोग से ऐसी धांधलियों के सम्बन्ध में सवाल न पूछ सकें? जिसका जवाब दे पाना शायद अब चुनाव आयोग के लिए संभव नहीं? चुनाव आयोग द्वारा वोट चोरी से सम्बंधित धांधलियों से चूंकि फायदा भाजपा को मिला है और उसी की सत्ता में बार बार वापसी हो रही है इसलिए भाजपा का चुनाव आयोग के पक्ष में दलीलें देना और चुनाव आयोग के बजाए राहुल गांधी को ही कटघरे में खड़ा करना अनैतिक परन्तु कुछ स्वाभाविक सा प्रतीत होता है। परंतु जिस तरह देश का गोदी मीडिया भी वोट चोरी के इस भ्रष्ट तंत्र के साथ खुलकर खड़ा है और चुनाव आयोग व भाजपा से भी अधिक बढ़कर वोट चोरी जैसे इस घोर राष्ट्रविरोधी कृत्य की पैरोकारी कर रहा है उसे देखकर देश आश्चर्यचकित हो रहा है।

राहुल गांधी द्वारा वोटर लिस्ट के माध्यम से की जा रही अंधाधुंध वोट चोरी के आरोपों के बाद इंडियन एक्सप्रेस की टीम ने इस मामले की पड़ताल के लिए बेंगलुरु सेंट्रल लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली महादेवपुरा विधानसभा के कुछ इलाकों का दौरा किया। गौरतलब है कि राहुल गांधी ने 7 अगस्त 2025 को अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह दावा किया था कि महादेवपुरा विधानसभा के अंतर्गत कुछ क्षेत्रों में 1,00,250 वोटों की चोरी हुई, जिसमें डुप्लीकेट वोटर्स, फर्जी पते और अन्य अनियमितताएं शामिल थीं। इंडियन एक्सप्रेस ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि उनकी टीम ने महादेवपुरा के कुछ पतों की जांच की, जहां राहुल गांधी ने फर्जी वोटरों के होने का दावा किया था।

उदाहरण के लिए, एक मामले में 80 वोटरों के एक ही पते पर रजिस्ट्रेशन होने की बात सामने आई थी। इसके अतिरिक्त, बीबीसी व अन्य मीडिया संगठनों की टीम ने भी महादेवपुरा क्षेत्र में उस घर की पड़ताल की, जहां एक कमरे के मकान में कथित तौर पर 80 वोटर रजिस्टर्ड थे परन्तु भाजपा व चुनाव आयोग के साथ गोदी मीडिया भी कदम ताल कर रहा है। दरअसल गोदी मीडिया की सच्चाई इससे भी ज्यादा खतरनाक है। सत्ता की डफली बजाने वाला अधिकांश मीडिया देश के अडानी व अंबानी जैसे बड़े उद्योग घराने की मिलकियत बन चुके हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# आवारा कुत्तों की समस्या और सुप्रीम कोर्ट की चिंता



**रजनीश कपूर**

गत 11 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली-एनसीआर में आवारा कुत्तों की समस्या पर स्वतरू संज्ञान लेते हुए यह आदेश जारी किया कि दिल्ली सरकार और स्थानीय निकायों को अगले छह से आठ सप्ताह के भीतर सभी आवारा कुत्तों को सड़कों से हटाकर आश्रय स्थलों में स्थानांतरित करें, उनकी नसबंदी करें और टीकाकरण सुनिश्चित करें। कोर्ट ने स्थिति को बेहद गंभीर बताते हुए कहा कि बच्चों और बुजुर्गों को आवारा कुत्तों के हमलों से बचाना अत्यंत आवश्यक है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली में इस साल जनवरी से जून तक 35,198 कुत्तों के काटने के मामले दर्ज किए गए, जिनमें 49 रेबीज के मामले भी शामिल हैं। रेबीज, एक जानलेवा बीमारी है और भारत वैश्विक रेबीज मृत्यु दर का 36 प्रतिशत हिस्सा लेता है। कोर्ट ने निर्देश दिया कि दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद और गुरुग्राम में तत्काल प्रभाव से कुत्तों को पकड़ने, उनकी नसबंदी और टीकाकरण करने और उन्हें आश्रय स्थलों में रखने की प्रक्रिया शुरू की जाए।




इसके साथ ही, कोर्ट ने एक हेल्पलाइन स्थापित करने और आश्रय स्थलों में सीसीटीवी निगरानी सुनिश्चित करने का भी आदेश दिया। पशु प्रेमी, जो जानवरों के कल्याण के प्रति संवेदनशील होते हैं, उन्हें इस निर्णय को एक सकारात्मक कदम के रूप में देखना चाहिए। यह आदेश केवल कुत्तों को सड़कों से हटाने की बात नहीं करता, बल्कि उनके लिए एक सुरक्षित और मानवीय वातावरण प्रदान करने पर भी जोर देता है। नसबंदी और टीकाकरण जैसे कदम न केवल कुत्तों की आबादी को नियंत्रित करेंगे, बल्कि उनके स्वास्थ्य को भी बेहतर बनाएंगे। सड़कों पर रहने वाले कुत्ते अक्सर भोजन, पानी और चिकित्सा सुविधाओं की कमी से जूझते हैं, जिसके कारण वे आक्रामक हो सकते हैं। आश्रय स्थलों में उन्हें नियमित भोजन, चिकित्सा देखभाल और सुरक्षित स्थान मिलेगा, जो उनके जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाएगा। वहीं सुप्रीम कोर्ट के इस आदेश को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए सरकार को कई महत्वपूर्ण कदम उठाने होंगे। यह न केवल दिल्ली-एनसीआर के लिए, बल्कि पूरे देश के लिए एक मॉडल बन सकता है। कोर्ट ने शुरूआत में 5,000 कुत्तों के लिए आश्रय स्थलों के निर्माण का आदेश दिया है। दिल्ली में अनुमानित 10 लाख आवारा कुत्तों को देखते हुए, यह संख्या अपर्याप्त हो सकती है। सरकार को बड़े पैमाने पर आधुनिक आश्रय स्थल बनाने होंगे, जो स्वच्छता, भोजन और चिकित्सा सुविधाओं से सुसज्जित हों। इन आश्रय स्थलों में पशु चिकित्सकों और प्रशिक्षित कर्मचारियों की नियुक्ति आवश्यक है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, 70 प्रतिशत से अधिक कुत्तों की नसबंदी और टीकाकरण रेबीज को नियंत्रित करने में प्रभावी है। दिल्ली सरकार को एक त्वरित और व्यापक अभियान चलाना होगा, जिसमें गैर-सरकारी संगठनों और पशु कल्याण संगठनों का सहयोग लिया जाए। गोवा का मिशन रेबीज इस दिशा में एक सफल उदाहरण है, जिसने रेबीज को नियंत्रित करने में उल्लेखनीय सफलता हासिल की। इसके अलावा कोर्ट ने एक हेल्पलाइन स्थापित करने का निर्देश भी दिया है, जो कुत्तों के काटने की शिकायतों पर तुरंत कार्रवाई करे। सरकार को यह सुनिश्चित करना होगा कि यह हेल्पलाइन 24/7 सक्रिय रहे और शिकायत मिलने पर चार घंटे के भीतर कार्रवाई हो। रेबीज और कुत्तों के काटने से बचाव के लिए जनता को जागरूक करना आवश्यक है। सरकार को स्कूलों, कॉलेजों और समुदायों में जागरूकता अभियान चलाने चाहिए, जिसमें लोगों को बताया जाए कि रेबीज से बचने के लिए तुरंत चिकित्सा सहायता लेना कितना महत्वपूर्ण है।

साथ ही, लोगों को सड़कों पर कुत्तों को भोजन न देने के लिए प्रेरित करना होगा, क्योंकि यह उनकी आबादी को बढ़ाने का कारण बनता है। वर्तमान में, पशु जन्म नियंत्रण नियम, 2023 के तहत नसबंदी के बाद कुत्तों को उसी स्थान पर छोड़ना अनिवार्य है। यह नियम कई बार प्रभावी नहीं होता, क्योंकि यह आक्रामक कुत्तों को नियंत्रित करने में बाधा बनता है। सरकार को इन नियमों में संशोधन करना चाहिए ताकि खतरनाक कुत्तों को आश्रय स्थलों में रखा जा सके। यह सुनिश्चित करना सरकार की जिम्मेदारी होगी कि इस प्रक्रिया में कुत्तों के साथ कोई क्रूरता न हो। आश्रय स्थलों में कुत्तों को पर्याप्त भोजन, पानी और चिकित्सा सुविधाएं मिलनी चाहिए। पशु कल्याण संगठनों को इस प्रक्रिया में शामिल करना महत्वपूर्ण है, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि कुत्तों के साथ मानवीय व्यवहार किया जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट का यह आदेश दिल्ली-एनसीआर में आवारा कुत्तों की समस्या को हल करने और रेबीज को नियंत्रित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यदि इसे प्रभावी रूप से लागू किया जाए तो इस समस्या पर काफी हद तक नियंत्रण किया जा सकेगा। उल्लेखनीय है कि दुनिया भर में केवल नीदरलैंड ही एक ऐसा देश है जहां पर आपको आवारा कुत्ते नहीं मिलेंगे।

नीदरलैंड सरकार ने एक अनूठा नियम लागू किया। किसी भी पालतू पशु की दुकान से खरीदे गए महेंगी नसल के कुत्तों पर वहां की सरकार भारी मात्रा में टैक्स लगती है। वहीं दूसरी ओर यदि कोई भी नागरिक इन बेघर पशुओं को गोद लेकर अपनाता है तो उसे आयकर में छूट मिलती है। इस नियम के लागू होते ही लोगों ने अधिक से अधिक बेघर कुत्तों को अपनाना शुरू कर दिया। धीरे-धीरे नीदरलैंड की सड़कों व मोहल्लों से आवारा कुत्तों की संख्या घटते-घटते बिलकुल शून्य हो गई। दुनिया भर के पशु प्रेमी संगठनों ने इस कार्यक्रम को सबसे सुरक्षित और असरदार माना है। इस कार्यक्रम से न सिर्फ आवारा कुत्तों की जनसंख्या पर रोक लगती है बल्कि आम नागरिकों को भी इस समस्या से निजाद मिलता है। हमारे देश ऐसा कब होगा यह तो आने वाला समय ही बताएगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



























